RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 28
फरीदाबाद, शनिवार, 02 मार्च , 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



हमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है

पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73745 | ▲ | 1245 |
| निफ्टी | 22338 | ▲ | 335 |
| सोना | 63320 | ▲ | 350 (10 gm) |
| चांदी | 74500 | ▲ | 400 (/kg) |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 26.00°C
न्यूनतम 14.00°C

## क्विक न्यूज

### गाजियाबाद में प्रजापति समाज की यात्रा पर लाठीचार्ज



**मेरठ।** हरिद्वार से दिल्ली जंतर-मंतर पर जा रही राष्ट्रीय प्रजापति महासभा की संकल्प साइकिल यात्रा को शुक्रवार को गाजियाबाद में पुलिस ने रोक दिया। इस पर बवाल हो गया। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने पहले पत्थर बरसाए तो पुलिस ने जवाब में लाठियां फटकारी। अफरा-तफरी और भगदड़ में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने नेतृत्व कर रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित कइयों को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल मौके पर शांति बनी हुई है।

### रिंकी चकमा का 28 साल की उम्र में कैंसर से निधन



**नई दिल्ली।** पूर्व मिस इंडिया त्रिपुरा रिंकी चकमा का कैंसर से दो साल की लंबी जंग के बाद निधन हो गया है, वह 28 वर्ष की थीं। सर्जरी के बावजूद स्तन कैंसर से दो साल की लड़ाई के बाद उनकी मृत्यु हो गई। रिंकी चकमा ने 2017 में मिस इंडिया पेजेंट में ब्यूटी विद ए पर्पज अवार्ड जीता था, जिसमें मानुषी छिल्लर ने खिताब जीता था। रिंकी वह 2022 से कैंसर से लड़ रही थीं। रिंकी को सबसे पहले घातक फाइलोड्स ट्यूमर (ब्रेस्ट कैंसर) का पता चला था, जिसके लिए उनकी सर्जरी हुई थी।

नफे सिंह राठी हत्याकांड : लंदन में बैठे गैंगस्टर नंदू ने ली हत्या की जिम्मेदारी

# तीन नामजद आरोपियों से एसआइटी ने चार घंटे की पूछताछ

### पूर्व एमएलए नरेश कौशिक भी थाने पहुंचे

**पायनियर समाचार सेवा।** बहादुरगढ़

**इनेलो** नेता नफे सिंह राठी की हत्याकांड परिवार की तरफ से नामजद कराए गए 10 में से 3 आरोपियों बिजेंद्र राठी, संदीप राठी और राजपाल उर्फ पालेराम शर्मा से शुक्रवार को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआइटी) ने बहादुरगढ़ के लाइनपार थाना में करीब चार घंटे तक पूछताछ की। इस दौरान पुलिस के अधिकारियों ने हत्याकांड से जुड़े कई सवाल किए।

एसआईटी ने भाजपा के पूर्व एमएलए नरेश कौशिक को भी





शुक्रवार को ही पूछताछ के लिए बुलाया था। शाम करीब पांच बजे पूर्व विधायक भी लाइनपार थाना में पहुंच चुके है। वहीं दूसरी तरफ एक दिन पहले नफे सिंह राठी के परिवार फोन कर धमकी देने वाले आरोपी को बहादुरगढ़ पुलिस ने पकड़ लिया है। उसे राजस्थान से हिरासत में लिया गया। फिलहाल पुलिस आरोपी को बहादुरगढ़ लेकर नहीं पहुंची है। यहां आने के बाद उससे सख्ताई से पूछताछ की जाएगी।

शुक्रवार को कांग्रेसी नेता बिजेंद्र राठी, उनके पुत्र संदीप राठी के अलावा नगर परिषद के वाइस चेयरमैन और भाजपा नेता पालेराम उर्फ राजपाल शर्मा को बुलाया गया। बिजेंद्र राठी और संदीप राठी सुबह करीब पौने 11 बजे लाइनपार थाना में पहुंचे। जबकि पालेराम उर्फ राजपाल शर्मा दोपहर ढाई बजे एसआईटी के सामने पेश हुए। बिजेंद्र और संदीप से करीब 4 घंटे तथा पालेराम से ढाई घंटे पूछताछ की गई। बता दें कि 25 फरवरी को नफे सिंह राठी और उनके कार्यकर्ता जयकिशन की बहादुरगढ़ के बराही रेलवे फाटक पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। नफे सिंह राठी के परिवार ने बहादुरगढ़ से भाजपा के पूर्व एमएलए नरेश कौशिक, कर्मबीर राठी, रमेश राठी, कमल राठी, सतीश नंबरदार, गौरव, राहुल के अलावा बिरेंद्र राठी, संदीप, राजपाल शर्मा के अलावा अज्ञात हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। दरअसल, नफे सिंह राठी की हत्या के तीन दिन बाद 28 फरवरी को गैंगस्टर कपिल उर्फ नंदू ने इसकी जिम्मेदारी ली। इसको लेकर उसने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। पोस्ट के साथ गैंगस्टर ने एक फोटो भी डाली। जिसमें राठी गैंगस्टर मंजीत महाल के साथ नजर आ रहे हैं। नंदू ने लिखा कि राठी की हत्या मैंने करवाई। महाल से दोस्ती के कारण राठी को मारा।

इस पोस्ट को लेकर हरियाणा पुलिस का कहना है कि इसकी जांच की जा रही है। नंदू अभी यूके में छिपा हुआ है। वहीं से वह गैंग को ऑपरेट कर रहा है।

# हरियाणा के सरकारी अस्पतालों में लागू हुआ डेस कोड

**पायनियर समाचार सेवा।** जींद



**हरियाणा** में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आदेश जारी किए जाने के बाद एक मार्च से सरकारी अस्पतालों में ड्रेस कोड लागू हो गया और शुक्रवार को जींद के सरकारी अस्पताल में चिकित्सक और अन्य कर्मचारी आदेश का पालन करते हुए नजर आए।

स्वास्थ्य विभाग के आदेश के मुताबिक, चिकित्सकों के लिए सफेद एप्रन और बैज अनिवार्य किया गया है जबकि चीफ नर्सिंग अधिकारी के लिए आधी बाजू का एप्रन और बैज, सीनियर नर्सिंग आफिसर के लिए गुलाबी शर्ट, गुलाबी दुपट्टा, गुलाबी सलवार, हाफ एप्रन के साथ बैज, काली जुराब और जूते अनिवार्य किए गए हैं। वहीं नर्सिंग ऑफिसर फीमेल (महिला) को गहरे नीले रंग की शर्ट, गहरे नीले रंग का दुपट्टा (आशनल), गहरे नीले रंग की सलवार, हाफ एप्रन के साथ बैज लगाना होगा। आदेश के मुताबिक, तकनीशियन, रेडियोग्राफर और फार्मासिस्ट के लिए सफेद फुल एप्रन के साथ हर रंग की वर्दी और बैज अनिवार्य है। सिविल अस्पताल के डिप्टी एम.एस. डॉ. राजेश भोला ने कहा कि सभी को मुख्यालय से मिले निर्देशों की पालन करना होगा।

# मोदी वाराणसी, गांधीनगर से शाह लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

### 155 प्रत्याशियों की लिस्ट फाइनल करने के लिए देर रात तक चला बीजेपी का मंथन

**एजेंसी।** दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से फिर से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। वहीं गृह मंत्री अमित शाह आम चुनाव में पार्टी के लिए गांधीनगर से चुनावी मैदान में नजर आ सकते हैं।

दरअसल भारतीय जनता पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट करने की तैयारी पूरी कर ली है। सूत्रों के मुताबिक, इस लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित करीब 155 लोगों के नाम शामिल होने की चर्चा है। सूत्रों के अनुसार उम्मीदवारों की लिस्ट तो तैयार हो चुकी है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक इसका ऐलान नहीं हुआ था। दिल्ली मुख्यालय पर भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय चुनाव



कमेटी बैठक हुई। जिसमें लोकसभा सीटों के पर प्रत्याशी चयन को लेकर बीजेपी दिग्गज नेताओं ने देर रात तक मंथन किया। सूत्रों के मुताबिक

### भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर सांसदों के टिकट कट सकते हैं

**भाजपा** सूत्रों की मानें तो भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और सागर में मौजूदा सांसदों के टिकट काटे जा सकते हैं। यहां नए चेहरे होंगे। भाजपा ने इस साल विधानसभा चुनाव में 3 केंद्रीय मंत्री, 5 सांसद और राष्ट्रीय महासचिव को उतारा था। इसी तर्ज पर लोकसभा चुनाव में भी दिग्गजों को उतारा जा सकता है। इस रणनीति के तहत केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को ग्वालियर, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान को भोपाल, 9 बार के विधायक गोपाल भार्गव को सागर से टिकट दिया जा सकता है।

राजनाथ सिंह को लखनऊ, स्मृति ईरानी को अमेठी, ज्योतिरादित्य सिंधिया को ग्वालियर और शिवराज का भोपाल से टिकट पक्का है।

### पंजाब: अकाली दल से गठबंधन पर चर्चा चंडीगढ़ से युवराज, कंगना का नाम

**पंजाब** में लोकसभा की कुल 13 सीटें हैं। भाजपा यहां अपने पुराने सहयोगी अकाली दल को एनडीए में शामिल कराना चाहती है। दोनों के बीच बातचीत भी चल रही है। अभी सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान होल्ड किया गया है। चंडीगढ़ क्लोकसभा सीट से सांसद किरण खेर सक्रिय नहीं हैं। भाजपा उनकी जगह कंगना रनोट या पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह को मैदान में उतार सकती है।

# मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मुझे दुश्मन नंबर-वन मानती हैं : पीएम मोदी

### शाहजहां ने गरीब लोगों की जमीन पर कर रखा है कब्जा

**एजेंसी।** कोलकाता

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी दो दिन के दौरे पर शुक्रवार को दोपहर पश्चिम बंगाल पहुंचे। यहां हुगली के आरामबाग में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मुझे दुश्मन नंबर-वन मानती हैं। बंगाल की जनता मुख्यमंत्री दीदी से पूछ रही है- उनके लिए कुछ लोगों का वोट आपके लिए संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से भी ज्यादा हो गया। आपको शर्म आनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमारे नेताओं ने लाठियां खाईं, मुसीबत झेली। तब कहीं जाकर बंगाल पुलिस को आपकी ताकत के सामने झुककर उस आरोपी (शाहजहां) को गिरफ्तार करना पड़ा। ये करीब दो महीने फरार रहा। कोई तो होगा, जो उसको बचा रहा होगा। क्या ऐसी टीएमसी को माफ करेंगे। यहां मांओं-बहनों के साथ जो हुआ है, उसका बदला लेंगे। हर चोट का जवाब वोट से देना है।

दरअसल, प. बंगाल के नॉर्थ 24



मुख्यमंत्री बनर्जी भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए धरना देती हैं

परगना जिले के संदेशखाली में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस के (टीएमसी) नेता शेख शाहजहां और उसके सहयोगियों पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। लोगों का दावा है कि शाहजहां ने जबरन लोगों की जमीन पर कब्जा भी कर रखा है। इसके चलते वहां विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। हाईकोर्ट की फटकार पर पुलिस ने 29 फरवरी को 55 दिन बाद मुख्य आरोपी शेख शाहजहां को अरेस्ट किया था। यहां की मुख्यमंत्री भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए धरने पर बैठ जाती हैं। यहां की सरकार चाहती है कि केंद्र की योजनाओं में भी उन्हें खुली लूट करने का मौका मिले। मोदी इनकी मनमानी चलने नहीं दे रहा। इसलिए, वे मोदी को दुश्मन नंबर 1 मानती हैं। मैं आपसे पूछता हूं- क्या मैं टीएमसी की लूट चलने दूं? टीएमसी जो कर रही है, क्या मैं करने दूं? ये बंगाल के लोगों, आपकी मेहनत का पैसा है कि नहीं? क्या ये औरों को लूटने दूं क्या?

अगर मैं लड़ाई लड़ता हूं तो सही करता हूं? हमारा प्रयास है कि पश्चिम बंगाल में रेलवे का आधुनिकीकरण उसी रफ्तार से हो, जैसे देश के दूसरे हिस्सों में हो रहा है। भारत ने दुनिया को दिखाया कि पर्यावरण के साथ तालमेल बैठाकर विकास कैसे किया जा सकता है। हल्दिया से बरौनी तक 500 किमी से ज्यादा लंबी क्रूड ऑयल की पाइप लाइन इसका उदाहरण है। पश्चिम बंगाल के लोगों के सहयोग से हम विकसित भारत का सपना पूरा करेंगे।

# जामनगर में चल रही अनंत-राधिका की प्री-वेडिंग

**एजेंसी।** जामनगर

**रिलायंस** इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और एमडी मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत और राधिका मर्चेंट का प्री-वेडिंग फंक्शन आज से गुजरात के जामनगर में शुरू होगा और 3 मार्च तक चलेगा। यह फंक्शन जामनगर में ही क्यों हो रहा है, इस बारे नीता अंबानी ने वीडियो जारी किया है।

नीता अंबानी ने कहा कि उनके तीनों बच्चों आकाश, ईशा और अनंत का बचपन जामनगर में ही बीता। इसलिए मैं तीनों बच्चों को परिवार की जड़ों से जोड़े रखना



चाहती हूं। बिजनेस के चलते मुंबई में रहने की वजह से कुछ चीजें पीछे छूट गई थीं, जिनसे मैं दुनिया को वाकिफ कराना चाहती थी। अंबानी परिवार ने जामनगर के आसपास के गांवों में बुधवार को अन्न सेवा की। मुकेश अंबानी ने यहीं से परिवार का कारोबार संभाला था।

# पंजाब में आप नेता की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी।** तरनतारन

**पंजाब** के तरनतारन में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के नेता गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी चोला की बदमाशों ने गोलियां मार हत्या कर दी है। यह घटना तरनतारन के अंतर्गत गोइंदवाल साहिब रोड पर स्थित रेलवे फाटक पर हुई। गुरप्रीत सिंह तरनतारन से गोइंदवाल साहिब जा रहे थे। वहां एक केस में उनकी कोर्ट में पेशी थी।

पुलिस ने बताया है कि गोइंदवाल साहिब को जाते समय रेलवे फाटक बंद होने के कारण यह हादसा हुआ। गुरप्रीत सिंह अपनी गाड़ी में फाटक खुलने का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच स्विफ्ट कार में आए कुछ





हमलावरों ने उन पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं। इससे पहले हरियाणा के बहादुरगढ़ में इनेलो नेता नफे सिंह राठी की भी इसी तरह से हत्या की गई थी।

तरनतारन के एसएसपी अश्वनी कपूर ने बताया कि गुरप्रीत सिंह शुक्रवार सुबह अपने घर से गोइंदवाल साहिब जाने के लिए निकले थे। वहां की कोर्ट में किसी मामले में गुरप्रीत सिंह की पेशी थी।

शायद उनके जाने की जानकारी हमलावरों को पहले ही थी, इसलिए वे घर से निकलने के बाद ही गुरप्रीत के पीछे लग गए थे। रास्ते में हमलावरों को उन्हें नुकसान पहुंचाने का कोई मौका नहीं मिला। जब

### बंद रेलवे फाटक पर घेरकर की फायरिंग

### नफे सिंह राठी हत्याकांड की तरह वारदात

गुरप्रीत सिंह की गाड़ी फतेहाबाद रेलवे फाटक पर पहुंची तो उन्हें फाटक बंद होने के कारण रुकना पड़ गया। इसी दौरान पहले से ही पीछे चल रहे बदमाश आगे आए। फाटक पर उन्होंने गुरप्रीत की गाड़ी के बगल अपनी गाड़ी लगाई और उतरकर फायरिंग शुरू कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश फरार हो गए। बताया है कि गुरप्रीत सिंह को तकरीबन 5 गोलियां लगी हैं।

# बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में बम ब्लास्ट, नौ घायल

**एजेंसी।** बेंगलुरु

**बेंगलुरु** के मशहूर रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे दमदान विस्फोट हुआ। घटना में कैफे के तीन स्टाफ और दो ग्राहक समेत नौ लोग घायल हो गए। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये खतरे से बाहर हैं।

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने बम ब्लास्ट की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि यह एक लो इंटेंसिटी का ब्लास्ट था। एक शख्स कैफे में बैग छोड़कर गया, जिसके बाद विस्फोट हुआ। घटना की सूचना पर



पुलिस, बम स्क्वॉयड, फॉरेंसिक और एनआइए की टीम भी जांच के लिए मौके पर पहुंच चुकी है। पुलिस ने बताया कि जब हम मौके पर पहुंचे तो कैफे की दीवार पर लगा शीशा टूटकर टेबल पर बिखरा पड़ा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कैफे में धमाके वाली जगह से बैटरी, जला हुआ बैग और कुछ आईडी कार्ड मिले हैं।

# तंबाकू कंपनी पर रेड, बेशकीमती कारें मिलीं, 100 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी

**एजेंसी।** कानपुर

**कानपुर** में आयकर विभाग ने तंबाकू कंपनी बंशीधर एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के हेड ऑफिस पर छापा मारा। कंपनी के दिल्ली, मुंबई, गुजरात समेत 20 ठिकानों पर भी छापेमारी की गई है। छापेमारी का शुक्रवार को दूसरा दिन था।

कंपनी मालिक केके मिश्रा की दिल्ली स्थित कोठी से 100 करोड़ से ज्यादा की कारें मिली हैं। इसमें 60 करोड़ से ज्यादा कीमत की लग्जरी कारें हैं। इनमें 16 करोड़ की रोल्स-रॉयस फैंटम कार, लैंबोर्गिनी, फेरारी, मैकलारेन कारें शामिल हैं। छापेमारी में 100 करोड़ से ज्यादा की टैक्स चोरी सामने आई है। इसके साथ ही पांच करोड़ रुपये कैश और करोड़ों की बेनामी संपत्ति के डॉक्यूमेंट्स भी मिले हैं। आयकर अफसरों ने बताया



कि कंपनी कानपुर की टॉप गुटखा कंपनियों को तंबाकू सप्लाई करती है। तंबाकू कंपनी ने सिर्फ 20 से 25 करोड़ का कारोबार दिखाया था। लेकिन, अब तक जांच में 150 करोड़ का कारोबार सामने आया है। पता चला है कि बोगस कंपनी बनाकर फर्जी चेक काटकर टैक्स चोरी का खेल किया जा रहा था। सबसे बड़ी बात है कि कानपुर के इत्र कारोबारी पीयूष जैन, जिसके घर से 200 करोड़ कैश बरामद हुआ था। उस पैटर्न पर टैक्स चोरी की जा रही थी। कानपुर से लेकर दिल्ली मुंबई तक बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज मिले।

# महादेव सट्टा एप : मुख्य आरोपी गिरफ्तार, हवाला ऑपरेटर की 580 करोड़ की संपत्ति जब्त

### एजेंसी ने 1.86 करोड़ रुपये कैश और 1.78 करोड़ की कीमती चीजें बरामद कीं

**एजेंसी।** रायपुर

**महादेव** सट्टा ऐप मामले में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने दुबई के हवाला ऑपरेटर की 580 करोड़ की संपत्ति जब्त की है। इसमें 3.64 करोड़ कैश और कीमती सामान शामिल है। जांच के दौरान ईडी को छत्तीसगढ़ के अफसरों और नेताओं के कथित रूप से शामिल होने का भी पता चला है। वहीं सूत्रों के मुताबिक, महादेव सट्टा ऐप के मेन ऑपरेटर गिरीश तलरेजा को भोपाल में गिरफ्तार कर लिया गया है। संभवत : उसे शुक्रवार को रायपुर ईडी को सौंपा जा सकता है। ईडी





को जांच के दौरान तलरेजा और रतनलाल जैन के शुभम सोनी के साथ करोड़ों के ट्रांजेक्शन मिला था। शुभम सोनी अभी फरार है।

दरअसल, दो सप्ताह पहले ईडी ने भिलाई से 25 साल के नीतीश दीवान को गिरफ्तार किया था। वैशाली नगर का रहने वाला नीतीश दीवान महादेव सट्टा ऐप प्रमोटर के साथ ऐप के पैनल ऑपरेशन का काम करता था और दो साल तक दुबई में रहा है। बताया जा रहा है कि उसकी निशानदेही पर ही टीम तलरेजा तक पहुंची है। ईडी ने 28 फरवरी को रायपुर सहित कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर और मुंबई में एक साथ छापे मारे थे। सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने इस मामले में एक हवाला ऑपरेटर हरिशंकर टिबरेवाल की पहचान की है। वह कोलकाता का रहने वाला है और फिलहाल दुबई में रहता है। बताया जा रहा है कि टिबरेवाल ने कही महादेव ऐप के प्रमोटरों के साथ मिलकर कथित रूप से अवैध सट्टेबाजी ऐप स्काई एक्सचेंज का संचालन भी किया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, टिबरेवाल की ही 580.78 करोड़ की संपत्ति को पीएमएलए के तहत जब्त किया गया है।

जांच के दौरान पता चला है कि आरोपी टिबरेवाल सट्टेबाजी में मिली रकम को अपनी दुबई स्थित इकाइयों से विदेशी पोर्टफोलियो (एफपीआइ) के जरिए भारतीय शेयर बाजार में निवेश कर रहा था। उसने अपने कई सहयोगियों को कंपनियों का निदेशक बना रखा, जो इसमें शामिल थे।

सूत्रों के मुताबिक, तलाशी के दौरान एजेंसी को 1.86 करोड़ रुपये कैश और 1.78 करोड़ की कीमती चीजें बरामद हुई हैं। ईडी ने छत्तीसगढ़ पुलिस की दर्ज की गई एफआइआर के आधार पर जांच शुरू की। इसके बाद, विशाखापत्तनम और अन्य राज्यों में दर्ज एफआइआर को शामिल किया। इस मामले में ईडी अब तक नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। एजेंसी ने पहले कहा था कि महादेव ऐप से हुई अवैध कमाई का इस्तेमाल छत्तीसगढ़ में राजनेताओं और नौकरशाहों को रिश्वत देने के लिए किया गया था। अब तक, ईडी ने इस मामले में दो आरोप पत्र दायर किए हैं। इनमें कथित अवैध सट्टेबाजी और गेमिंग ऐप के दो मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ आरोप पत्र शामिल हैं। इसने पहले भी मामले में कई छापे मारे थे। ईडी के अनुसार, इस मामले में अनुमानित अवैध कमाई करीब 6,000 करोड़ रुपये की है।

वहीं, पीएमएलए 2002 के तहत की गई तलाशी के दौरान कुल चल संपत्ति 572.41 करोड़ रुपये जब्त किया गया है। दो अनंतिम कुर्की आदेश जारी किए गए हैं। जिनमें 142.86 करोड़ रुपये मूल्य की चल और अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया है। इस मामले में अभियोजन शिकायतें 20 अक्टूबर 2023 और 1 जनवरी 2024 को दर्ज की गई थी। 26 फरवरी को सट्टा ऐप मामले में आरोपी बनाए गए 13 लोगों को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया था। इसमें ऐप प्रमुख सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल, विशाल आहूजा, धीरज आहूजा, पूनाराम वर्मा, शिवकुमार वर्मा, यशोदा वर्मा, पवन नत्थानी, रोहित गुलाटी, अनिल अग्रवाल, सुनील दम्मानी समेत दो और लोग शामिल हैं। हालांकि वे कोर्ट नहीं पहुंचे थे।

# बजरंग दल ने अवैध मांस की दुकानों को बंद कराया



**फरीदाबाद।** बजरंग दल द्वारा हार्डवेयर चौक पर चल रही अवैध मांस की दुकानों को शुक्रवार को बंद करवा दिया। इस अवसर पर दर्जनों बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और वहां पर चल रही अवैध मीट की दुकानों को बंद करने के लिए कहा। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा मांस की दुकानों को बंद करवाने से पहले एसीपी, डीसीपी व एसएचओ मुजेसर को फोन भी किया। परंतु पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने पर उन्होंने चौक पर चल रही मीट की दर्जनभर दुकानों को बंद करवा दिया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को कहना था कि हार्डवेयर चौक पर अवैध तरीके से चल रही मांस की दुकानों के मालिक खुले आम मुर्गा, बकरा आदि को काटते हैं। जिसकी वजह से वहां से गुजरने वाली महिलाओं, पुरूषों और बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं इसकी वजह से बुरी बदबू भी आती है। पशुओं को सड़क पर ही काटने से सड़क पर खून भी बहता रहता है। बिजरंग दल के जिला अध्यक्ष दीपक आजाद एडवोकेट का कहना है कि यदि दोबारा यहां पर मांस की दुकानें खोली गईं तो धरना दिया जाएगा।

# ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति व सोलर लाइट जैसी सुविधाएं हों सुनिश्चित

## सीईओ जिला परिषद सतबीर मान की अध्यक्षता में हुई जिला परिषद की बैठक, विकास कार्यों की गई समीक्षा

### विकास परियोजनाओं को समयानुसार पूरा करें संबंधित अधिकारी : नागर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**जिला** परिषद के चेयरमैन विजय कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति, साफ-सफाई, सोलर लाइट, वाटर कूलर जैसी मूलभूत सुविधाएं संबंधित विभागों के अधिकारी सुनिश्चित करें। वहीं विधायक राजेश नागर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में चल रही विकास परियोजनाओं को समयानुसार संबंधित विभागों के अधिकारी पूरा करें।

सीईओ जिला परिषद सतबीर मान की मौजूदगी में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिला फरीदाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में जिला परिषद द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बारीकी से एक-एक करके बिंदुवार जानकारी के साथ की गई।

जिला परिषद चेयरमैन विजय कुमार ने बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण आंचल में जलापूर्ति, साफ-सफाई, मनरेगा, सोलर लाइट, वाटर कूलर जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लिए जिला परिषद के सदस्यों की अहम भूमिका होती है। इसलिए सभी जिला परिषद फरीदाबाद के निर्वाचित सदस्य गण ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन के अधिकारी भी उनसे तालमेल करके विकास कार्यों एवं परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाएं। उन्होंने उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे निर्बाध रूप से जिला परिषद के सदस्यों के क्षेत्र में विकास कामों का बेहतर क्रियान्वित करना सुनिश्चित करें।

जिला परिषद फरीदाबाद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतबीर मान ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से सामान्य एजेंडे तथा ग्रामीण क्षेत्र में चल कार्यों इनमें मुख्य रूप से सामुदायिक भवनों का निर्माण, जोहड़ सौंदर्यीकरण, चौपालों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई, सीकरी गांव में बन रहे स्टेडियम तथा रेस ट्रैक, आंगनबाड़ी केंद्रों के मरम्मत कार्य, सीसीटीवी कैमरा की इंस्टालेशन, हर घर नल जरिये जल आपूर्ति आदि सहित विभिन्न विकास कार्यों की बारीकी से एक-एक करके जानकारी लेकर समीक्षा की।

बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सरकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने व आम लोगों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने को लेकर सभी जिला परिषद के सदस्यों से चर्चा करके विस्तार पूर्वक की गई। इस दौरान सभी जिला परिषद सदस्यों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में होने वाली समस्याओं के संबंध में प्रशासन के संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। बैठक में बीडीपीओ बल्लभगढ़ अजीत सिंह, बीडीपीओ तिगांव अनिल कुमार, एसडीओ पंचायती राज सबीर यासीन, एसडीओ जिला परिषद विक्की, माइनिंग इंस्पेक्टर निर्मला शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

## मुख्यमंत्री के नाम आठ सूत्रीय मांगों को लेकर टिपरचंद शर्मा को दिया मांगपत्र

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद






**आशा** वर्कर्स यूनियन ने मांगों के समाधान के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन केबिनेट मंत्री के भाई टिपरचंद शर्मा को सौंपा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूरे जिले की सैकड़ों आशा वर्कर वाईएमसीए मेट्रो स्टेशन के पास एकत्रित हुईं।

प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व जिला प्रधान हेमलता कर रही थी। जबकि संचालन जिला सचिव सुधा ने किया और बताया कि सरकार की दमनकारी नीतियों से नाराज हुई बैठी आशा वर्करों ने जमकर सरकार विरोधी नारे लगाए। यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि 29 फरवरी को पूरे प्रदेश से वर्कर पंचकूला में विभाग के निर्देशक के यहां मांगों के समाधान के लिए जा रहीं थीं। तो पुलिस द्वारा दमन की कार्रवाई की गई और उन्हें गिरफ्तार किया गया। यूनियन को डायरेक्टर के कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने से रोका गया। जो सरकार का एक निंदनीय कृत्य है। आशाओं की आवाज को दबाने के विरोध में पूरे प्रदेश में प्रदर्शन हो रहे हैं। आशाओं ने वाईएमसीए से प्रदर्शन शुरू किया और प्रदेश के केबिनेट मंत्री के कार्यालय सेक्टर-8 में पहुंचे। इस प्रदर्शन में सीटू के जिला प्रधान निरंतर पाराशर, जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल, जिला कमेटी सदस्य दिनेश पाली और कमलेश विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंत्री के कार्यालय के सामने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए जिला सचिव ने बताया कि आशा वर्कर अपनी लंबित मांगों को लागू करने के लिए 29 फरवरी को एनएचएम के डायरेक्टर के कार्यालय पर पंचकूला में जा रहे थे। उन्हें वहां पर नहीं जाने दिया गया। आशा वर्करों के साथ ही सीटू के नेताओं को भी हरियाणा की पंचकूला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और देर रात तक उन्हें दूर दराज छोड़ा गया। उन्होंने बताया कि धरने, प्रदर्शन, नारेबाजी, हड़ताल करना हमारा संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन केंद्र व राज्य सरकारें लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर रही हैं। यूनियन की मुख्य मांगों में समझौते के अनुसार हड़ताल के दौरान हुए आशा वर्कर्स के 4000 फिक्स करके पूरे दिए जाएं। आशा वर्कर को योग्यता के आधार पर पदोन्नति दी जाए। सरकारी नौकरी लगने के लिए पांच नंबर की पेपरों में छूट दी जाए। आशा पर पे एप और गाइडलाइन में जरूरी सुधार करते हुए दूसरे जिले में होने वाली डिलीवरी का लाभ तुरंत आशाओं को दिलवाया जाए। आशाओं के डेथ क्लेम को बढ़ाया जाए। आशाओं के लिए बैंक लोन और कुछ अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की जाए। आशा की रिटायरमेंट की उम्र 65 वर्ष की जाए। आशा फैसिलिटेटर की विजिट की प्रोत्साहन राशि बढ़ाई जाए और रिपोर्टिंग की प्रोत्साहन राशि दी जाए। इसके अलावा आशाओं के ड्रेस के पैसे को बढ़ाया जाए, धुलाई भत्ता जारी किया जाए। यूनियन ने रेवाड़ी में बदले की भावना से हटाए गई आशाओं को वापस ड्यूटी पर लेने की मांग भी दोहराई है।

# एक छत के नीचे सभी जनसुविधाएं दे रही संकल्प यात्रा : राजेश नागर

### तिगांव विधानसभा क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत तीन स्थानों पर लगाए समस्या निवारण शिविर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**विकसित** भारत संकल्प यात्रा के तहत तिगांव विधानसभा क्षेत्र में तीन स्थानों पर जनसमस्या निवारण शिविर लगाए गए। जहां पहुंचकर भाजपा विधायक राजेश नागर ने उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

तिगांव विधानसभा क्षेत्र में प्रजापत चौपाल अगवानपुर, राधा वाटिका पोप कॉलोनी तिलपत और डेफोडिल स्कूल विनय नगर अगवानपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगे शिविरों में लोगों ने पहुंचकर अपने सरकारी कार्यालयों से संबंधित अनेक कार्य करवाए। इनमें राशन कार्ड, विभिन्न प्रकार की पेंशन, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, स्थायी निवास प्रमाणपत्र, विकलांग प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र आदि अनेक प्रकार के कार्य मौके पर ही करवाए गए। जहां पहुंचकर विधायक राजेश नागर ने सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी जारी किए।

इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि घर घर जाकर लोगों को प्रशासनिक सेवाएं देने का विचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनता के प्रति करुणा है और इसे इस बेहतरी के साथ लागू कर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अंत्योदय के सपने को पूरा कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति सरकारी कार्यालयों तक दौड़ कर अपनी मेहनत की कमाई को न खर्च करे और उसके समय की भी बचत हो। इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की योजना बनाई गई है। जिसका मूल उद्देश्य स्वराज के सपने को पूरा करना है। इसके लिए जनता के घर तक प्रशासन को भेजा गया है। इस अवसर पर वासुदेव भारद्वाज, प्रहलाद शर्मा, रॉकी, प्रेम चौहान, लाल मिश्रा, सहीराम, सोहनपाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



# तपेदिक के मरीज को दिया विशेष पोषाहार

**फरीदाबाद।** डीसी एवं जिला अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसाइटी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन मे जिला रेडक्रॉस भवन सेक्टर-12 मे जिला रेडक्रॉस सोसाइटी और विक्टोरा फाउंडेशन फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आर्थिक रूप से कमजोर तपेदिक के 100 मरीजों को विशेष पोषाहार वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुषमा गुप्ता, वाइस चेयरपर्सन, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि वर्ष 2025 तक भारतवर्ष को टीबी मुक्त बनाना है। सभी नागरिकों की भागीदारी से प्रधानमंत्री के सपने को सभी समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से ही पूर्ण किया जा सकता है। इसमें स्वयंसेवी संस्था अहम भूमिका निभा रही है।

# डबल इंजन की सरकार लगातार करा रही विकास : मंत्री मूलचंद



### परिवहन मंत्री ने निगम अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की

**फरीदाबाद।** प्रदेश के परिवहन मंत्री एवं बल्लभगढ़ विधानसभा से विधायक मूलचंद शर्मा ने फरीदाबाद नगर निगम मुख्यालय में निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास तथा अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में परिवहन मंत्री ने बल्लभगढ़ विधानसभा में चल रहे मुख्यमंत्री घोषणा के कार्यों और भविष्य में किए जाने वाले अन्य विकास कार्यों की प्रगति के बारे बिंदुवार समीक्षा की। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों से पिछले एक साल में बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य के साथ-साथ नए शुरू होने वाले कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की आगामी लोकसभा आम चुनावों के बाद बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जो गलियां और सड़कें खराब स्थिति में हैं, उन्हें नए सिरे से बनवाया जाएगा। गलियों के निर्माण कार्य के लिए विभाग में प्रक्रिया चली हुई है। वहीं उन्होंने मोहना रोड नाले की समय समय पर सफाई, मलेरना रोड के दोनों ओर की बड़ी नालियों की सफाई और मिल्क प्लांट रोड की नालियों की सफाई की जाए।

# पिता की रिटायरमेंट पार्टी में बेटे की हत्या

## झगड़े में बुआ के बेटे ने दो दोस्तों के साथ मारी गोली

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**एक** कंपनी से रिटायर्ड हुए व्यक्ति की रिटायरमेंट पार्टी के दौरान मामा-बुआ के बेटों के बीच हुए विवाद में ममेरे भाई की गोली मार कर हत्या कर दी गई। मृतक रणजीत रिटायर्ड कर्मचारी प्रकाश चंद का बेटा था। गोली सिर में लगी थी और उसकी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने होडल थाना में हत्या का केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। होडल थाना प्रभारी उमर मोहम्मद के अनुसार, रोहता पट्टी होडल निवासी जगबीर ने दी शिकायत में कहा है कि उसके पिता प्रकाश चंद वर्लपूल कंपनी फरीदाबाद से सेवानिवृत्त हुए थे। इसके उपलक्ष्य में होडल में घर पर ही रिटायरमेंट पार्टी रखी गई थी। कार्यक्रम में रिश्तेदारों को भी बुलाया गया था। इसमें रसूलपुर गांव निवासी उसकी बुआ का बेटा प्रदीप, अपने दो दोस्तों मनोज उर्फ मन्नू व विशाल के साथ आया हुआ था।

उसने बताया कि कार्यक्रम खत्म होने पर कुछ रिश्तेदार चले गए और कुछ घर पर ही रुके थे। रात के करीब 11 बजे उसका भाई रणजीत ऊपर अपने कमरे में सो रहा था। उसी कमरे में उसकी बुआ का बेटा प्रदीप व उसके दोनों दोस्त शराब पी रहे थे। उसने प्रदीप से जाकर कहा कि खाना खा लो और सो जाओ। इस पर प्रदीप ने कहा कि वह थोड़ी देर में नीचे खाना खाने आ रहे हैं।

जगबीर ने बताया कि इसके करीब 15 मिनट बाद ऊपर कमरे से शोर सुनाई दिया। उसने मौके पर जाकर देखा तो प्रदीप व उसके साथ मौजूद दोनों दोस्त उसके भाई रणजीत से लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे। इतने में ही प्रदीप ने कट्टा निकालकर उसके भाई पर गोली चला दी। गोली उसके भाई रणजीत के सिर में लगी। गोली मारने के बाद प्रदीप व उसके साथी मौके से फरार हो गए। वारदात की सूचना पुलिस को दी। वह अपने भाई को तुरंत अस्पताल ले गया। बाद में रणजीत की फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या व आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# बैठक में गर्ग बने चेयरमैन



**फरीदाबाद।** चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की फरीदाबाद शाखा की मैनेजिंग कमेटी की बैठक सीए इंस्टिट्यूट में हुई। जिसमें सीए मनुज गर्ग को फरीदाबाद शाखा का चेयरमैन चुना गया। इस अवसर पर सीए मनुज गर्ग ने संस्था के सभी सदस्यों व एक्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्यों को धन्यवाद दिया। निवर्तमान चेयरमैन सीए नितेश पाराशर ने सीए मनुज गर्ग को चेयरमैन का बैच एवं माला पहनाकर पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई और वादा लिया कि वह पूरे तन और मन से संस्था की सेवा करते रहेंगे। सीए राजेंदर सिंह ढिल्लो को वाइस चेयरमैन, सीए शिव कुमार शर्मा को सचिव, सीए संदीप शर्मा को कोषाध्यक्ष तथा सीए मोहित अग्रवाल को निकासा चेयरमैन चुना गया। सीए हर्ष कुमार मित्तल, सीए संजय कुमार गुप्ता, सीए कनिका गुप्ता को एग्जीक्यूटिव मेंबर्स चुना गया। अंत में सीए राजेंदर सिंह ढिल्लो, वाइस चेयरमैन ने उपस्थित सभी मेंबर्स एवं स्टुडेंट्स का धन्यवाद किया। सीए विपिन शर्मा, सीए दीपक गर्ग, पास्ट चेयरमैन, सीए प्रदीप कौशिक, पास्ट चेयरमैन फरीदबाद शाखा, सीए तजेन्दर भारद्वाज, पास्ट चेयरमैन फरीदबाद शाखा आदि मौजूद थे।


## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103


## नज़रिया



### दिनेश रघुवंशी, कवि

**ज़रूरी मुद्दे हैं क्या ये बताते आमज़न को हैं**
**नहीं कुछ लेना देना पर दिखाते आमज़न को हैं**
**समझ में आमज़न की जाने कब ये बात आएगी**
**सियासत -मीड़िया मिलकर नचाते आमज़न को हैं**

# जन आक्रोश रैली से बदलेगी प्रदेश की राजनीतिक फिजा

### रैली की सफलता को लेकर कांग्रेसी नेता लखन सिंगला ने गांव-कॉलोनियों में जनसंपर्क करके लोगों को दिया निमंत्रण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**10 मार्च** को फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सेक्टर-12 स्थित ग्राउंड में आयोजित होने वाली जन-आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए रैली के संयोजक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने सेक्टर, कॉलोनियों व गांवों में घर-घर जाकर लोगों को निमंत्रण देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को श्री सिंगला ने अजरौंदा गांव, बुढैना गांव, सरपंच कॉलोनी आदि अनेक क्षेत्रों में लोगों से रूबरू होकर उन्हें रैली में आने का आमंत्रण दिया। जिस-जिस गांव व कॉलोनियों में श्री सिंगला पहुंच रहे हैं, वहां-वहां भारी तादाद में लोग उन्हें रैली में भारी संख्या में पहुंचने का विश्वास दिलाया।

उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए लखन कुमार सिंगला ने कहा कि जन आक्रोश रैली में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा शिरकत करेंगे, वहीं विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा होंगे। जबकि रैली की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान करेंगे। वहीं हरियाणा के दर्जनों कांग्रेसी विधायकों के साथ जिले के सभी कांग्रेसी नेता भी मौजूद रहेंगे। लखन कुमार सिंगला ने कहा कि आज पूरा देश भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से त्राहि-त्राहि कर रहा है, इन दस सालों में बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार ने हर वर्ग को प्रभावित किया है। गरीब जहां और गरीब हुआ है, वहीं अमीर और अमीर हुआ है। उन्होंने फरीदाबाद क्षेत्र की बात करते हुए कहा कि भाजपा की स्वयंभू स्मार्ट सिटी में टूटी सड़कें, पीने के पानी की कमी और ओवरफ्लो सीवरेज व्यवस्था से जनता बदहाल है। हालात यह है कि शिकायतें करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं होती। लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं, लेकिन भाजपा सरकार में बैठे मंत्री व विधायक विकास का राग अलाप रहे है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट नाम रखने से शहर स्मार्ट नहीं होता, बल्कि शहर को स्मार्ट बनाने के लिए काम भी करने पड़ते हैं, लेकिन भाजपा सरकार के दस सालों के दौरान यहां विकास के नाम पर एक ईंट तक नहीं लगी। यहां तक कि जो विकास कांग्रेस सरकार में हुआ था, उन विकास कार्यों की मरम्मत तक इस सरकार ने नहीं करवाई। इससे साबित होता है कि भाजपा की सोच कितनी विकासपरक है।

# दुकानदारों की शिकायत पर स्पा सेंटर पर छापेमारी



**फरीदाबाद।** नीलम फ्लाईओवर के पास स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे अनैतिक कार्यों को अंजाम देने वाले स्पा सेंटर पर पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई की गई।

बता दें कि यहां पर एक लाइन में ही लगभग आठ स्पा सेंटर चल रहे थे, लेकिन फिलहाल एक स्पा सेंटर पर छापेमारी की गई। इस मामले में स्थानीय दुकानदारों ने फरीदाबाद के पुलिस कमिश्नर विकास कुमार आर्य को मिलकर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत करने वाले स्थानीय दुकानदार विकास मोहन बंटी, राम सिंह, मनोज कुमार ने बताया कि उनके ऑफिस के पास आठ स्पा सेंटर हैं, जिसके चलते उनके ऑफिस में काम करने के लिए आने वाली महिलाएं और युवतियों को शक की नजरों से देखा जाता था और आए दिन यहां पर रोज हो रहे अनैतिक कार्य के चलते लड़के लड़कियों का आना-जाना लगा हुआ था। स्पा सेंटर की आड़ में अनैतिक कार्य हो रहे थे। कई बार तो शराब के नशे में यहां आने वाले लड़के लड़कियां झगड़ा कर चुके हैं और उनकी गाड़ियों को भी नुकसान पहुंच चुके हैं। इन्हीं से परेशानियों से तंग आकर दुकानदारों ने मिलकर फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर इस समस्या से उन्हें अवगत कराया।

# पांच विद्यालयों को पीएम श्री योजना के लिए चुना

## इन विद्यालयों में सीबीएसई पैटर्न की शिक्षा उपलब्ध होगी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**जिला** पलवल के पांच सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को पीएम श्री योजना के लिए चुना गया है। जल्द ही इन स्कूलों के बुनियादे ढांचे में बदलाव करके सीबीएसई पैटर्न का बनाया जायेगा।

इन स्कूलों में पहली कक्षा से ही अंग्रेजी शिक्षा पढ़ाई जाएगी। वहीं स्कूलों में लैब भी बेहतरीन बनाई जाएंगी। जिससे यहां पर बच्चे शिक्षा प्राप्त करके आगे स्वयं रोजगार प्राप्त कर सकें।

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल ने बताया कि हरियाणा शिक्षा विभाग की तरफ से जिला पलवल के पांच वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को पीएम श्री योजना के लिए चुना गया है। इन पांचों विद्यालयों में लगभग ढाई करोड़ रुपये खर्च करके स्कूलों में बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। जिससे इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चें आगे अपने आप रोजगार प्राप्त कर सकें। इन स्कूलों में भौतिक, रसायन, बायो लैब, जीव विज्ञान की बेहतरीन लैब बनाई जाएंगी। जिनमें बच्चों के प्रयोग करने के लिए सभी सुविधा उपलब्ध होंगीं। इसके अलावा विद्यालयों में कंप्यूटर लैब व सभी खेलों का सामान भी होगा। जिससे स्कूलों के खिलाड़ी अपने खेलों की तैयारी करके आगे जिले का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ा सकें। इन स्कूलों में बेहतरीन रिकॉर्ड वाले शिक्षक तैनात किए जाएंगे, जो बच्चों को सभी प्रकार की शिक्षा अंग्रेजी पैटर्न में ही पढ़ा सकें। स्कूलों को विदेशों की तर्ज पर बनाया जा रहा है। जिससें यहां पर शिक्षा लेकर वाले आगे बेहतरीन प्रशासक, वैज्ञानिक, इंजीनियर, राजनेता, शिक्षक बन सकें। स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को समय-समय पर देश व विदेश के बेहतरीन स्कूलों का दौरा भी कराया जाएगा। जिससें वहां से ज्ञान प्राप्त करके आगे बढ़ सकें।

पीएम श्री योजना के लिए हथीन ब्लॉक के घर्रोट, होडल ब्लॉक के सौंध, पलवल ब्लॉक के बागपुर, पृथला ब्लॉक के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलावलपुर, बडौली ब्लॉक के गुलाबद को चुना गया। इन सभी पांच स्कूलों में आगामी सत्र तक सीबीएसई पैट्र्न की शिक्षा बच्चों को उपलब्ध होगी।

## खेल नर्सरी खोलने के लिए 15 तक करें आवेदन

**पलवल।** हरियाणा सरकार प्रदेश में नई खेल प्रतिभाओं को उभारने के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। इसके लिए सरकार की ओर से खेल नर्सरी योजना आरंभ की गई है। खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की ओर से खेल नर्सरी योजना के तहत सरकारी, निजी शिक्षण संस्थानों, पंचायत एवं निजी खेल संस्थानों के लिए खेल नर्सरी स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मार्च है। डीसी नेहा सिंह ने बताया कि सरकार की इस योजना का उद्देश्य राज्य में प्रारंभिक रूप से खेलों को बढ़ावा देने तथा ग्रास रुट लेवल पर खेल प्रतिभाओं को उभारना है।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदान को लेकर निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**पलवल।** स्थानीय गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म महाविद्यालय पलवल में मतदाता जागरूकता क्लब द्वारा मतदान लोकतंत्र का आधार विषय पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. राजबीर सिंह, डॉ. रणवीर सिंह एवं सतीश देशवाल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। जिसमें बीए प्रथम वर्ष की छात्रा हेमलता ने प्रथम स्थान, द्वितीय वर्ष की छात्रा स्वाति ने द्वितीय और आकृति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज मतदाता जागरूकता क्लब प्रभारी बलकार सिंह ने प्रतियोगिता का संचालन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ने सभी साथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

### पलवल में तीन लाख लेकर ट्रैक्टर चालक फरार

**पलवल।** ट्रैक्टर चालक दुकानदार के तीन लाख रुपये लेकर बिना बताए फरार हो गया। दुकानदार द्वारा तलाश किए जाने पर भी चालक नहीं मिला तो उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। शहर थाना पुलिस ने दुकान मालिक की शिकायत पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। शहर थाना प्रभारी राजेश कुमार के अनुसार, हुडा सेक्टर-2 निवासी आकाश गुप्ता ने शहर थाने में दी शिकायत में कहा कि उसकी उसकी सरियों की दुकान है। एक ट्रैक्टर पर खिजूरका गांव निवासी चालक पंकज उर्फ मंकू था, जो उसकी दुकान से तीन लाख रुपये के सरिया भरकर हसनपुर मदन लाल के पास भेजा था। ट्रैक्टर चालक पंकज ट्रैक्टर में सरिया लेकर मदनलाल के पास पहुंच गया और वहां पर सरिया उतार दिया। जिसके बाद मदनलाल ने उसे तीन लाख रुपये दे दिए। पलवल पहुंचने के बाद चालक पंकज ट्रैक्टर को उसकी दुकान से दूर खड़ा कर लापता हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चालक पंकज उर्फ मंकू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### कंप्यूटर लैब अटेंडेंट छह को करेंगे सीएम का घेराव

**पलवल।** कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ की ओर से जिला अध्यक्ष मुकेश तेवतिया ने कहा कि सरकारी स्कूलों में कार्यरत कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी पिछले लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहें हैं। सरकार कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान न करके उनको विकराल रूप दे रही है। प्रदेशभर के कंप्यूटर लैब अटेंडेंट वेतन बढ़ोतरी, गर्मी-सर्दी छुट्टियों का वेतन आदि मांगों पर पिछले आठ महीने पहले शिक्षा विभाग में पूर्व मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के तमाम अधिकारियों के साथ कंप्यूटर लैब अटेंडेंट शिष्टमंडल की बैठक हुई थी। जिसमें वेतन बढ़ोतरी की फाइल पर मोहर लगी थी, लेकिन पिछले छह महीने से वेतन बढ़ोतरी की फाइल वित्त विभाग में पड़ी है। वित्त विभाग के अधिकारी लगातार ऑब्जेक्शन लगाकर फाइल को शिक्षा विभाग में भेज रहें हैं, जबकि वित्त विभाग मुख्यमंत्री के अंडर आता है। जिससे प्रदेशभर के कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारियों में भारी रोष है। इसलिए प्रदेशभर के कंप्यूटर लैब अटेंडेंट छह मार्च को मुख्यमंत्री निवास के सामने एक दिन के उपवास पर बैठेंगे।

### राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए करें आवेदन



**पलवल।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल की चेयरपर्सन नेहा सिंह ने बताया कि भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ द्वारा जिला में रेडक्रॉस सोसाइटी के साथ मिलकर सामाजिक गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाने वाली सामाजिक संस्थाओं, रक्तदान के क्षेत्र में काम करने वाले शिक्षण संस्थान, संस्थाओं तथा रक्तदाताओं को सम्मानित करने के लिए वर्ष 2022-23 हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इन सभी को राज्य स्तरीय समारोह में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि जिला में रेडक्रॉस सोसाइटी के साथ मिलकर सामाजिक गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाने वाली सामाजिक संस्थाओं, रक्तदान के क्षेत्र में काम करने वाले शिक्षण संस्थान एवं संस्थाओं, 100 बार से अधिक रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को स्वर्ण पदक, 80 से 100 बार रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को रजत पदक व 60 से 80 बार रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को कांस्य पदक देकर सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि जिन शिक्षण और सामाजिक संस्थाओं ने सर्वाधिक रक्तदान शिविर लगाए हैं, उन्हें भी राज्य स्तरीय समारोह में महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

### मनधीर सिंह मान ने की प्रदेश प्रभारी से मुलाकात



**फरीदाबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर एक तरफ जहां सभी राजनैतिक दल अपनी अपनी जीत का जोर लगाती दिख रही है, वहीं टिकट के दावेदारों की दौड़ भी शुरू हो गई है। टिकट के दावेदारों ने भी हाईकमान व अपने अपने वरिष्ठ नेताओं के पास दौड़ लगानी शुरू कर दी है। लोकसभा सीट फरीदाबाद से कांग्रेस पार्टी के संभावित लोकसभा प्रत्याशी मनधीर सिंह मान ने भी अपनी ओर से टिकट पाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाया हुआ है। हरियाणा में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के गुटों के बारे में किसी से कुछ छिपा नहीं है, लेकिन इस सबके बीच फरीदाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के लिए मनधीर सिंह मान ने अपनी दावेदारी जता दी है। सक्रियता के मामले में लोकसभा क्षेत्र में लगातार दौरे कर लोगों के बीच जा रहे हैं। इन्हीं सबके बीच दिल्ली में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव व हरियाणा राज्य के प्रभारी दीपक बाबरिया से फरीदाबाद लोकसभा सीट के लिए से मनधीर सिंह मान ने मुलाकात करते हुए अपना आवेदन सौंपा है। इस दौरान मुलाकात के बाद मनधीर ने बताया बहुत ही अच्छे माहौल में पार्टी के राज्य प्रभारी से मुलाकात हुई है। उनका स्नेह व आशीर्वाद सदा बना रहता है। अनेक मामलों पर प्रभारी के चर्चा भी हुई है। इस बीच फरीदाबाद लोकसभा सीट से मैंने अपना आवेदन उन्हें सौंपा है। कांग्रेस पार्टी भरोसा करती है तो निश्चित ही बहुत मजबूती के साथ फरीदाबाद से लोकसभा चुनाव लड़कर पार्टी को सीट जीतकर दी जाएगी। भाजपा सरकार से लोग महंगाई व अन्य सभी मामलों में त्रस्त हो चुके हैं. लोग बदलाव चाहते हैं।

### प्रोफेसर वीके शर्मा को मिला स्वराज रक्षक सम्मान 2024

**फरीदाबाद।** प्रोफेसर वीके शर्मा को स्वराज रक्षक सम्मान 2024 से किया गया सम्मानित। मिशन वंदे मातरम फाउंडेशन द्वारा स्वतंत्रता सेनानी चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि के मौके पर उन्हें इस सम्मान से नवाजा गया। आपको बता दें मिशन वंदे मातरम फाउंडेशन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वीर बलिदानियों की गौरव गाथा को जीवंत रखने और देशवासियों को राष्ट्रीय भावनाओं से सदैव जोड़े रखने को संकल्पित एक गैर राजनैतिक संगठन है। स्वतंत्रता संग्राम के महावीर योद्धा चंद्रशेखर आजाद के बलिदान से प्रेरित होकर 27 फरवरी को मिशन वंदे मातरम फाउंडेशन अपने स्थापना दिवस पर प्रत्येक वर्ष वीर क्रांतिकारी योद्धाओं, वीरांगनाओं के स्वतंत्रता संग्राम की क्रांति में दिए गए बहुमूल्य योगदान पर राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं राष्ट्र निर्माण में लगी युवा शक्तियों को स्वराज रक्षक सम्मान प्रदान करते हुए संपूर्ण भारत में अनेक कार्यक्रम आयोजित करता है। जिसमें देश के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तरीय प्रतिभाओं को, जिन्होंने उनके क्षेत्र विशेष में उल्लेखनीय कार्य किया है तथा जिनसे देश गौरवान्वित है, को स्वराज्य रक्षक सम्मान के अलंकरण से विभूषित किया जाता है। प्रोफेसर वीके शर्मा ने अपने स्वयं के प्रयत्नों से देश में अपनी एक अमिट छाप छोड़ी है तथा अपने कार्य क्षेत्र में विशेष उल्लेखनीय कार्य किया है।

# कैलाश ने मनोविज्ञान में मानद उपाधि हासिल किया नाम रोशन



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हाल** ही में अंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली ने अपना वार्षिक परिणाम घोषित किया। जिसमें कैलाश शिव कॉलोनी बल्लभगढ़ फरीदाबाद निवासी को उनके शौध कार्य के लिए मनोविज्ञान में पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान की गयी है।

मनोविज्ञान में पीएचडी की मानद उपाधि प्राप्त करने पर उन्होंने अपनी कॉलोनी, अपने परिवार और फरीदाबाद जिले का नाम रोशन किया है। वह अपने परिवार और कॉलोनी के सबसे पहले पीएचडी धारक बन गए हैं। इस तरह फरीदाबाद की धरती से एक और सपूत ने शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचाइयों को छूकर अपने जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। आपको बता दें डॉ. कैलाश वर्तमान में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल में पीजीटी मनोविज्ञान के पद पर कार्यरत हैं और समाज में शिक्षा का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। कैलाश बताते हैं कि उनके जीवन में सामाजिक असमानताओं का सामना करने के लिए उन्हें संत कबीर के दोहे और डॉ. अंबेडकर के विचारों ने एक नयी ऊर्जा का संचार किया। साथ ही उनके जीवन में कुछ ऐसे लोगों का भी सानिध्य प्राप्त हुआ, जिन्होंने उनको हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वो बताते हैं कि विभिन्न समस्याओं का सामना करते हुए उन्हें बहुत कष्टों को झेलना पड़ता रहता है, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। माता-पिता का आशीर्वाद भी उन्हें आगे बढ़ने के लिए उनकी दिशा प्रदान करता रहा। इसके लिए उन्हें बहुत लोगों का सहयोग मिला है।

# टेक्नोफाइला में नवाचारिक तकनीकी विकास के लिए किया प्रेरित

## लिंग्याज विद्यापीठ के स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ने टेक्नोफाइला-2024 का किया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**लिंग्याज** विद्यापीठ के स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ने एक उत्कृष्ट और जीवंत तकनीकी उत्सव टेक्नोफाइला-2024 का आयोजन किया। जिसमें कई विभागीय संस्थाओं के विद्यार्थियों, शिक्षकों और टेक्नोलॉजी प्रेमियों ने भाग लिया। उत्सव का उद्देश्य नवाचारिक तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करना और उसे समाज में बेहतरी के लिए उपयोग करने की प्रेरणा देना रहा।

विभागाध्यक्षा प्रोफेसर डॉ. ऋतु सिंधु ने बताया कि संस्थान चांसलर प्रोफेसर डॉ. पिचेश्वर गडे और मैनेजमेंट की दिशा निर्देशन में यह आयोजन किया गया। इस उत्सव में दिल्ली एनसीआर से केंद्रीय विद्यालय-3, अरावली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट मानव रचना विश्वविद्यालय, सेंट कोलंबस ग्लोबल स्कूल, दीनबंधु महाविद्यालय, एकलियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जेबी नॉलेज पार्क तक्षशिला, पंडित एलआर कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, डीएवी कॉलेज, केएल मेहता पब्लिक स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, ग्रैंड कोलंबस स्कूल, लक्ष्मीबाई कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, डीएवी सेंटेनरी कॉलेज आदि से विद्यार्थियों, शिक्षकों और टेक्नोलॉजी प्रेमियों की भागीदारी महत्वपूर्ण रही।

उन्होंने बताया कि उत्सव में माइक्रोसॉफ्ट-इंडिया एंड साउथ एशिया, एक्सीलेंस एंड स्ट्रेटेजी डायरेक्टर सेल्स ओम बत्रा और क्राइसिस एंड रिसाइलैंस एशिया पैसिफिक लीडर विशाल जैन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने टेक्नोलॉजी के भविष्य पर चर्चा की और नवाचार के महत्व को उजागर किया।

उत्सव के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों के माध्यम से सृजनात्मकता और टीमवर्क को बढ़ावा दिया गया। यहां कविता प्रतियोगिता, बबल शूटर स्टारलाइट स्टेज, कॉमेडी कार्निवल जैसे आयोजन हुए, जिनमें स्टुडेंट्स ने उत्साह से भाग लिया।

उत्सव के समापन समारोह में लिंग्याज विद्यापीठ के रजिस्ट्रार प्रेम कुमार सालवान ने संबोधन दिया। साथ ही प्रमुख परियोजनाओं और प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि इस उत्सव ने न केवल नवाचारिता को प्रोत्साहित किया, बल्कि विद्यार्थियों के बीच टीमवर्क और सहयोग के भाव को भी बढ़ावा दिया है।

# एसपी ने सुनीं पुलिसकर्मियों की समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**पुलिस** लाइन के कम्युनिटी सेंटर में वेलफेयर मीटिंग का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला आईपीएस ने की। वेलफेयर मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिला के सभी थानों, क्राइम ब्रांच यूनिट, चौकी इत्यादि से आए पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा, डीएसपी पलवल दिनेश यादव, डीएसपी मुख्यालय नरेश कुमार, डीएसपी नरेंद्र खटाना, डीएसपी होडल कुलदीप सिंह एवं डीएसपी हथीन सुरेश भड़ाना तथा वेलफेयर इंस्पेक्टर सुशीला देवी सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक नें पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की समस्याओं, सरकारी आवासों व पुलिस विभाग से संबंधित समस्याओं पर विचार-विमर्श किया। पुलिस लाइन में आने वाली समस्याओं को सुना। इसके अलावा मीटिंग में पुलिस क्वार्टरों में रह रहे अधिकारियों कर्मचारियों की समस्याओं को दूर करने के लिए विचार विमर्श किया। पुलिस लाइन में रह रहे कर्मचारियो के लिए जिम को सुचारू रूप से चलाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने वेलफेयर मीटिंग में उपस्थित संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुलिस अधिकारियों की समस्याओं का शीघ्र निपटान किया जाए और यदि आवश्यक हो तो उच्च अधिकारियों को समस्याओं के समाधान हेतु पत्र व्यवहार किया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस थाना एवं चौकियों में पुलिस कर्मियों की जो भी जरूरत है, वह जल्द से जल्द पूरी की जाएगी। उनकी जरुरत पर ध्यान रखा जायेगा, क्योंकि थाना एवं चौकियों में तैनात पुलिसकर्मी 24 घंटे ड्यूटी देते हैं। इस दौरान उनकी मूलभूत सेवाओं का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है।

# बकायेदारों पर शिकंजा कस 19 इकाइयों को किया सील



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त स्वप्निल आर पाटील के निर्देश पर निगम के फरीदाबाद ओल्ड जोन-1 और 2 ने संपत्ति कर के बकायेदारों पर शिकंजा कसते हुए 10 इकाइयों को सील कर दिया। इन इकाइयों पर लगभग काफी रुपये निगम का संपत्ति कर बकाया था। ओल्ड फरीदाबाद जोन की भारत कॉलोनी, नंबरदार कॉलोनी, सेक्टर-7 मार्केट में इन 10 इकाइयों को सील करने की कार्रवाई क्षेत्रीय एवं कर अधिकारी सुनीता कुमारी एवं ओल्ड जोन-एक और दाक की टीम के नेतृत्व में की गई।

अतिरिक्त आयुक्त ने बताया कि इन सभी के विरूद्ध सीलिंग की कार्रवाई करने से पूर्व संपत्ति कर की राशि जमा करने के लिए इन्हें हरियाणा नगर निगम अधिनियम की धारा 87 (बी 2) के तहत नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद जब इन्होंने संपत्ति कर की राशि की अदायगी नहीं की। उन्होंने बताया कि इन सभी वैधानिक प्रावधानों की पालना न करने पर नगर निगम ने उक्त सीलिंग की कार्रवाई की।

# 30 लोगों ने रक्तदान कर शहीदों को किया याद

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**हर** घर रक्तदाता अभियान के अंतर्गत अमर शहिदों की याद में पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज और भारत विकास परिषद पलवल शाखा के सयुंक्त तत्वावधान में पलवल के मां भगवती अस्पताल में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संयोजन क्लब के मुख्य संयोजक विकास मित्तल, डॉ. सतीश कुमार और भारत विकास परिषद् पलवल शाखा की महिला संयोजिका अल्पना मित्तल ने किया। शिविर का शुभारंभ डॉ. सतीश कुमार, मनीष सिंगला, डॉ. प्रशांत मंगला, राकेश, जितेंद्र, प्रदीप, नितिन ने किया।

उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि रक्तदान जनहित व राष्ट्रहित में है। आपातकाल में रक्तदान के साथ प्लेटलेट्स दान करने के लिए भी सभी स्वस्थ्य युवकों को आगे आना चाहिए। शिविर संयोजक विकास मित्तल एवं डॉ. सतीश कुमार ने सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि रक्तदान वक्त की जरूरत है।

# दुकानदार को तमंचा दिखाकर लूटा

## पेप्सी खरीदने के बहाने से दुकान में घुसे, हजारों की नकदी लेकर हुए फरार

**पलवल।** हथियार के बल पर नकाबपोश बाइकर्स लूटेरों ने एक दुकानदार को सामान देने के बहाने दुकान में अंदर लेकर जाकर नकदी लूट ली और फरार हो गए। आरोपी दुकानदार को जान से मारने की धमकी देकर गए है, जिससे पीड़ित-सहमा हुआ हुआ है। होडल थाना पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर अज्ञात बाइकर्स लूटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

होडल थाना प्रभारी उमर मोहम्मद के अनुसार, सब्जी मंडी होडल के निकट रहने वाले रोहताश कुमार ने दी शिकायत में कहा कि उसकी परचून की दुकान है। गुरुवार की रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपनी दुकान को बंद कर रहा था। उसी समय बाइक सवार दो युवक आए और उन्होंने पैप्सी, चिप्स व कुरकुरे मांगे। पीड़ित दुकानदार ने उन्हें मांगा हुआ सामान दे दिया तो बाइक सवारों ने उसे 100 रुपये दिए। दुकानदार रोहताश जब पैसों को दुकान के गल्ले में रखने के लिए गया तो उनमें से एक युवक बाइक से उतरा और दुकान के अंदर आकर उसकी कनपटी देशी तमंचा लगा दिया। जिससे पीड़ित दुकानदार डर गया और गल्ले से दूर हट गया।

आरोपी हथियार के बल पर उसे दुकान के अंदर ले गए और गल्ले में रखी हजारों की नकदी लूट ली। बदमाश जाते समय जान से मारने की धमकी दे गए हैं। पीड़ित ने इसकी शिकायत होडल थाना पुलिस को दी।

# महिला को 350 गांजा सहित किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र की टीम ने गांजा तस्करी करने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी महिला शैलेश राजीव कॉलोनी फरीदाबाद की रहने वाली है। आरोपी महिला को अपराध शाखा टीम ने सूचना से गुर्जर चौक राजीव कॉलोनी से गांजा सहित काबू किया है। आरोपी महिला से मौके पर 350 ग्राम गांज बरादम किया है। आरोपी महिला के खिलाफ थाना सेक्टर.58 में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। महिला गांजा को दिल्ली से कम पैसे में खरीदकर लाई थी।

# क्रिकेट टूर्नामेंट से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रोत्साहित

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**एसपी** डॉक्ट अंशु सिंगला के दिशानिर्देश अनुसार जिला पुलिस के खेल से जोड़ो अभियान के नोडल अधिकारी डीएसपी हथीन सुरेश भड़ाना की देखरेख में हथीन शहर में युवाओं की खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया। युवाओं को नशे के दुष्परिणाम, साइबर क्राइम, यातायात व सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक किया। इस क्रिकेट आयोजन में आसपास के लगने वाले गांव हथीन तथा नूंह, तावडू, फिरोजपुर झिरका, पुन्हाना, नगीना की टीमों ने भाग लिया।

टूर्नामेंट आयोजन के दौरान पलवल पुलिस की जागरूकता टीम ने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के संबंध में और नशे से होने वाली हानियों के बारे में युवाओं को जागरूक किया। साथ ही लोगों से अपील की कि अगर आपके एरिया में कोई नशा बेचता है या इसके संबंध में किसी भी प्रकार का गैर कानूनी व्यापार करता है तो आप इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। आप युवाओं को नशे के चंगुल से बचने के लिए जागरूकता अभियान लगातार पुलिस के द्वारा चलाए जा रहा है। उन्होंने साइबर अपराध,डायल 1930 एवं 112 की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी।

इस दौरान युवाओं को खेलों के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए उन्हें बताया कि व्यायाम करना हमारे शरीर को दुरुस्त रखने के लिए अति आवश्यक है और खेलना एक प्रकार का व्यायाम है। इसलिए युवाओं को अपना पसीना खेल के मैदान में बहाना चाहिए, न कि अनैतिक कार्यों में अपनी ऊर्जा को व्यर्थ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलने से हमारा शरीर तो तंदुरुस्त रहता ही है, परंतु इसके साथ-साथ हमारा दिमाग भी एकाग्र रूप से पूरी तरह काम करता है। हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पर्याप्त ऊर्जा को बनाए रखना है तथा आलस्य को दूर भगाता है। इसलिए हर व्यक्ति को व्यायाम करना चाहिए या किसी भी प्रकार का खेल खेलना चाहिए। जिसमें शरीर की कसरत होती रहे। इसके साथ ही पुलिस टीम ने और युवाओं को नशे की दुष्परिणाम, डायल-112 एप, साइबर क्राइम, यातायात के नियमों के बारे में और हमारे नैतिक जिम्मेदारी के बारे में भी जागरूक किया।

# हत्या केस में जेल से बाहर आकर लूट करने का ईनामी बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे

हथियार के बल पर एटीएम का पिन पूछकर निकलवाए थे रुपये

गुरुग्राम व जिला नूंह में करीब आधा दर्जन वारदातों को दे चुका है अन्जाम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


पुलिस की गिरफ्त में लूट का आरोपी।

**हत्या** के केस में फरारी के दौरान एक ईनामी बदमाश द्वारा लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए पांच हजार रुपये का ईनामी भी रखा। कई दिनों से उसकी तलाश में पुलिस घूम रही थी। शुक्रवार को लूट का यह आरोपी गुरुग्राम पुलिस के हत्थे चढ़ा। जानकारी के अनुसार 25 अक्टूबर 2023 को एक व्यक्ति ने थाना सेक्टर-65 में शिकायत देकर कहा था कि 24/25 अक्टूबर की रात को वह गाड़ी में जा रहा था।

इस दौरान राजेश पायलट चौक के निकट गाड़ी पेंचर होने के कारण वह गाड़ी से उतरा। वहां पर मुंह पर कपड़ा बांधे 2 व्यक्ति बाइक पर सवार होकर आए। जिन्होंने हथियार दिखाकर इससे इसका एटीएम कार्ड छीन लिया व उसके एटीएम कार्ड के माध्यम से उसके बैंक खाते से रुपए निकलवा लिए और बाईक पर सवार होकर फरार हो गए। इस शिकायत पर थाना सेक्टर-65 में केस दर्ज किया गया है। प्रभारी अपराध शाखा सेक्टर-40 निरीक्षक नवीन कुमार की पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए वारदात को अंजाम देने में शामिल रहे रिन्कू नामक आरोपी को 1 फरवरी 2024 को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 10 हजार रुपयों की नकदी बरामद की गई थी। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की थी। पुलिस टीम द्वारा इस वारदात को अन्जाम देने में शामिल रहे दूसरे वान्छित व 5 हजार रुपयों के ईनामी बदमाश को शुक्रवार एक मार्च 2024 को गांव पृथला जिला पलवल से काबू किया गया। आरोपी की पहचान सचिन उर्फ कुक्की (24) के रुप में हुई। वह जिला नूंह के रोजकामेव थाना के अंतर्गत गांव खलीलपुर का रहने वाला है।

इस आरोपी से पुलिस पूछताछ में पता चला कि उसने व उसके साथी आरोपी रिंकू ने उसकी (रिंकू) की बाईक पर सवार होकर लूट करने की वारदात को अन्जाम दिया। आरोपी सचित उर्फ कुक्की के खिलाफ गुरुग्राम में 2 केस लूट करने के सम्बन्ध में, 1 केस अवैध हथियार रखने के सम्बन्ध में तथा जिला नूंह में 1 केस हत्या करने के सम्बन्ध में दर्ज किया गया है। अदालत द्वारा उसको जमानोत्तर तथा उद्घोषित अपराधी भी घोषित किया हुआ है। गुरुग्राम पुलिस द्वारा उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपयों का ईनाम भी घोषित किया हुआ है।

# नगर परिषद ने तैयार की 140 विकास कार्यों की सूची, डीएमसी से मंजूरी की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद ने लोक सभा चुनाव को लेकर लगने वाली आचार सहिता के दौरान विकास कार्य की गति को न रुकने देने की कवायद शुरु कर दी है। आचार सहिता लगने से पहले परिषद प्रशासन करीब 140 विकास कार्यों के टेंडर लगा ठेका छोड़ने की तैयारी में जुटा हुआ हैं।

पिछले करीब डेढ़ साल से परिषद सीमा क्षेत्र में धीमी गति से चल रहे विकास कार्यों को परिषद प्रशासन गति देने की योजना बना रहा हैं। विकास कार्यों की गति लोकसभा चुनाव को लेकर लगने वाली आचार सहिता में भी रुक न पाए। परिषद का तकनिकी और प्रशासनिक विंग अधिकारी आचार संहिता लगने से पहले विकास कार्यों की कानूनी प्रक्रिया पूरी करके गति देना चाह रहा है।

परिषद कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक करीब 140 विकास कार्यों की सूची तैयार कर ली है। जिसमें करीब 35 विकास कार्यों को तकनिकी विंग ने मोहर लगा दी। 90 से 95 और विकास कार्यों को शुक्रवार या सोमवार तक मंजूरी मिलने के बाद कार्यकारी अधिकारी की अनुमति से डीएमसी के पास मंजूरी के लिए भेजे जाएंगे। ताकि आचार सहिता से पहले डीएमसी की मंजूरी मिलने के बाद विकास कार्य शुरु किए जा सके। 140 के लगभग विकास कार्यों पर 25 से 30 करोड़ रुपये खर्च किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

> “ **आचार** सहिता से पहले विकास कार्यों की मंजूरी मिलने से शहर को आने वाले छह में नया रूप देखने को मिलेगा। शहर का सौंदर्यीकरण और विकास को गति मिलेगी।
>
> **( सुमन लता-कार्यकारी अधिकारी नप )**

**कौन-कौन से होंगे विकास कार्य :** नगर परिषद प्रशासन द्वारा बनाई गई विकास कार्यों की सूची में नालियों का निर्माण कार्य से लेकर मरम्मत, नालों की निर्माण, कच्चे रास्तो को पक्का करना, बराती पानी की निकासी, गंदे व बरसाती पानी के नालों की सफाई, शहर के सौंदर्यीकरण कार्योंकी शुरुआत, शहर में बनने वाले स्वागत् द्वार, तिरंगा लाइट, स्ट्रीट व सोलर लाइटें लगाने का कार्य, तालाबों का सौंदर्यीकरण आदि शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### दमदमा चौक पर लालबत्ती हुई चालू, जाम से मिली मुक्ति



**सोहना।** स्थानीय दमदमा चौक पर लाल बत्ती लगने से जाम की समस्या समाप्त हो गई है। शुक्रवार को ट्रेफिक पुलिस इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने चैक की बत्ती का बटन दबाते हुए चालू किया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य लोगों में व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज बजरंगी, नगेश मुखी, नगर परिषद के जेई दिगम्बर सिंह, जैडओ राजेश कुमार, गुरचरण सिंह मौजूद थे। इंस्पेकटर राजेश कुमार ने बताया कि दमदमा चौक पूरी तरफ से जाम मुक्त रहेगा। इस चौक पर जाम लगने की गंभीर समस्या बनी हुई थी। जिसके कारण कई बार एंबुलेंस को भी आसानी से निकलने का रास्ता नहीं मिला। ऐसे में मरीज के अलासा उसके साथ उसके पजिनों के पसीने छूटे हैं। चौक पर आए दिन वाहनों की भिंडत होने व जान लेवा हादसा होने की पूरी-पूरी संभावना बनी रहती थी। लेकिन अब बत्तियां चालू होने से हादसे होने का खतरा कम हो गया है। चौक पर बत्तिया लगाने की मांग पिछले करीब 6 माह से की जा रही थी। उन्होने बताया कि एसडीएम सेनू भट व नगर परिषद की कार्यकारी अधिकारी सुमन लता ने चैक पर बत्तियां लगने के मामले को गंभीरता से लेते हुए ठेकेदार से बत्तियां लगाने का कार्य जल्द करा लिया।

### पुलिस ने अवैध रूप से चले रहा आहाता को बंद कराया

**सोहना।** सदर थाना पुलिस ने पलवल जाने वाले मार्ग के सिलानी चैक पर अवैध रूप से बना आहाता को बंद कराया। अवैध आहाता चलाने वाले के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। सोहना सदर थाना की टीम ने गुरुवार की रात को सिलानी चैक पर ओमप्रकाश निवासी गांव किरंज जिला नूंह निवासी अंडा की दुकान चलाता है। जिसमें ही बैठकार लोगों को शराब पिलाने का काम करता है। ओमप्रकाश अवैध रुप से अपनी दुकान लोगों को बैठाकर शराब पिलाता है। पुलिस ने मौके पर पहुंच छापा मारा और आरोपी दुकानदार को दबोच लिया। जिसके पास शराब पिलाने का लाइसेंस तक नहीं था। पुलिस ने बताया कि इस प्रकार के आहातों पर पुलिस की पैनी नजर है। सदर थाना प्र्भारी इंस्पेक्टर अरविंद कुमार ने बताया थाना क्षेत्र में अवैध आहातों को बंद किया जाएगा।

### जीयू का दूसरा दीक्षांत समारोह 5 मार्च को

**गुरुग्राम।** विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह 5 मार्च को होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि समारोह में प्रदेश के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय मुख्य अतिथि होंगे। हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के चेयरपर्सन डॉ. कैलाश चंद्र शर्मा विशिष्ठ अतिथि के रूप में समारोह में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह के सफल आयोजन के लिए विवि परिसर में तैयारियां चल रही हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से सोमवार को अंतिम रिहर्सल की जाएगी। इस दौरान अलग-अलग प्रोफेसर के नेतृत्व में अनेक कमेटियां गठित की गई समारोह में करीब 1069 डिग्रियां छात्र-छात्राओं को प्रदान की जाएगी। इसमें 2022 बैच के 469 तथा 2023 बैच के 600 विद्यार्थी शामिल हैं। इस समारोह में 46 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल भी प्रदान किए जाएंगे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि दूसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन करना विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व की विषय है। प्रो. दिनेश कुमार के अनुसार कार्यक्रम में राज्यपाल के अतिरिक्त हरियाणा के अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के कुलपतियों समेत विश्वविद्यालय की एग्जीक्यूटिव काउंसिल, एकेडमिक काउंसिल, कोर्ट तथा एकेडमिक प्लानिंग बोर्ड के सम्मानित सदस्यों की भी उपस्थिति रहेगी।

### सेक्टर-9 कालेज में छात्राओं को किया अधिकारों के प्रति जागरूक


राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में इंटरनल कमेटी द्वारा विशेष व्याख्यान में बोलतीं प्राचार्या डा. अर्चना सूटा।

**गुरुग्राम।** राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में इंटरनल कमेटी द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय महाविद्यालय खरकड़ा की प्राचार्या डॉ. अर्चना सूटा ने विद्यार्थियों को मुख्य वक्ता के तौर पर सम्बोधित किया। डॉ. सूटा ने संस्था में इंटरनल कमेटी की महत्ता विषय पर विचार प्रस्तुत किए। डॉ. अर्चना ने प्रिवेंशन ऑफ सैक्सअल हराशमेंट एक्ट-2013 के बारे में छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यदि किसी छात्रा के साथ किसी भी प्रकार का अभद्र व्यवहार किया जाता है तो उसे अपनी प्राध्यापकिओं को अवगत कराना चाहिए। प्रत्येक छात्रा को अपने अधिकारों को प्रति जागरूक होना चाहिए तथा किसी भी प्रकार के अन्याय को सहन नहीं करना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या मधु अरोड़ा ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय का स्टाफ उनके साथ है। उनकी सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर आईसी की अध्यक्ष डॉ. नीलम दहिया, डॉ. राजेश कुंडू, डॉ. मीनू शर्मा, डॉ. मीनाक्षी दलाल, डॉ. कौशल फौगाट, वेणु, प्रियंका बल्हारा, ब्रिजेश, भावना, लतिका, स्वेता सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### बोर्ड परीक्षाओं में इस बार सख्त रहेगा पहरा


परमजीत चहल जिला शिक्षा अधिकारी नूंह।

**नूंह।** दसवीं तथा 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर इस बार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का सख्त पहरा रहने वाला है। नकल को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसलिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड नकल पर नकेल कसने के लिए पूरी तरह से मैदान में उतर चुका है। बोर्ड की परीक्षाएं तो हर बार आयोजित होती हैं, लेकिन इस बार खास बात यह है कि लोकल जिला प्रशासन व लोकल शिक्षा विभाग की तरफ से इस बार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड 10वीं - 12वीं की परीक्षाओं में नकल को रोकने के लिए फ्लाइंग डयूटी इस बार नही लगाएगा। इस बार पूरे जिले में 62 केंद्र बनाए गए हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की चार फ्लाइंग की टीम इस बार सभी परीक्षा केंद्रों पर दौरा करेंगी। जहां तक बोर्ड के सेंटर की बात है तो बैग सभी सेंटरों के लिए उठा दिए गए हैं। सुपरिडेंट इत्यादि की नियुक्ति यहां पर कर दी गई है। अगर कहीं कोई किसी प्रकार की शिकायत मिलती है तो उसके लिए एसटीएफ / आरएफ की फ्लाइंग की टीम में मौजूद हैं। दो ऑब्जर्वर हर केंद्र पर नियुक्त किए जाएंगे। जिनमें एक बोर्ड से होगा और एक लोकल होगा। तकरीबन ढाई घंटे का पेपर का समय रहेगा। जिसमें किसी भी प्रकार की कोताही को इस बार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कुल मिलाकर नकल पर नकेल कसने के लिए इस बार सिस्टम पूरी तरह से तैयार दिख रहा है। सबसे बड़ा बदलाव यह किया गया है कि इस बार लोकल स्तर पर फ्लाइंग की डयूटी नहीं लगाई गई हैं। सिर्फ हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अधिकारी ही फ्लाइंग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। पुलिस का पहरा ही सिर्फ लोकल स्तर पर दिखाई देगा। आपको बता दें की अध्यापकों की कमी नूंह जिले में हमेशा रहती है। बोर्ड के परिणाम यहां निराशाजनक ही रहते हैं। पूरे साल तो शिक्षा व्यवस्था पर कम ध्यान दिया जाता है, लेकिन बोर्ड एग्जाम में पूरी सख्ती यहां पर देखने को मिलती है।

# सब्सिडी की राशि देने के बदले 40 हजार रुपये की रिश्वत लेता मत्स्य अधिकारी रंगे हाथ गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

आरोपी ने एक लाख 45 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी

हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो गुरुग्राम की टीम ने की कार्रवाई

**हरियाणा** एंटी करप्शन ब्यूरो की गुरुग्राम टीम ने शुक्रवार को रेवाड़ी जिला में तैनात जिला मत्स्य अधिकारी वेदपाल को 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उसने एक महिला को सब्सिडी की राशि जारी करने की एवज में 1 लाख 45 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी।

जानकारी के अनुसार हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो गुरुग्राम की टीम को इस बारे में शिकायत मिली थी। मामले की पुष्टि करते हुए एसीबी की टीम ने आरोपी को पकडने के लिए योजना बनाई। शिकायतकर्ता की धर्मपत्नी द्वारा मत्स्य विभाग में संचालित योजना के तहत 25 मत्स्य बायो फ्लो टैंक लगाए गए थे। इसके लिए शिकायतकर्ता की धर्मपत्नी द्वारा 60 प्रतिशत तक की राशि यानी 17 लाख 75 हजार रुपये का बैंक से लोन भी लिया गया। योजना के तहत महिला को मत्स्य विभाग की तरफ से सब्सिडी की राशि उपलब्ध करवाई जानी थी। इस सब्सिडी की राशि को स्वीकृत करने के बदले में जिला मत्स्य अधिकारी वेदपाल द्वारा महिला से 1 लाख 45 हजार रुपये की राशि की रिश्वत की मांग की जा रही थी। जिसमें से आरोपी द्वारा 10 हजार की रिश्वत पहले ही ली जा चुकी थी। 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा गया। यह पूरी कार्यवाही गवाहों के समक्ष निष्पक्ष व पूरी पारदर्शिता बरतते हुए की गई। आरोपी के खिलाफ हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो गुरुग्राम में मामला दर्ज करते हुए उसकी गिरफ्तारी की गई है। ब्यूरो के प्रवक्ता ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी सरकारी काम करने की एवज में रिश्वत की मांग करता है तो तुरंत इसकी जानकारी हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो के टोल फ्री नंबर-1800-180-2022 तथा 1064 पर दें।

# मतदान या मतदान के पहले दिन उम्मीदवारों को विज्ञापन छपवाने की लेनी होगी अनुमति

मीडिया मॉनिटरिंग मैनेजमेंट कमेटी की प्रशिक्षण कार्यशाला हुई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


मीडिया मॉनिटरिंग मैनेजमेंट कमेटी की प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेते प्रतिनिधि।

**निर्वाचन** विभाग की ओर से लघु सचिवालय के सभागार में मीडिया मॉनिटरिंग मैनेजमेंट कमेटी की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें चुनाव के दौरान मीडिया प्रबंधन को लेकर चुनाव आयोग के नियमों के बारे में बताया गया।

प्रशिक्षण कार्यशाला में गुरु द्रोणाचार्य कालेज के प्राध्यापक डा. श्रेत्रपाल ने बताया कि चुनाव के दौरान समाचार पत्र, टीवी चैनल, लोकल केबल टीवी, सोशल मीडिया आदि में समाचारों की शुचिता बरकरार रहनी चाहिए। कोई भी फेक या पेड न्यूज मीडिया में नहीं आनी चाहिए। कोई भी संचार माध्यम भ्रामक समाचार प्रसारित करता है तो चुनाव आयोग उसके खिलाफ कार्यवाही कर सकता है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान राज्य स्तर पर और जिलास्तर पर मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया जाता है।

यह कमेटी इस बात का ध्यान रखती है कि कहीं कोई प्रचार माध्यम में कोई अफवाह या गलत समाचार तो नहीं प्रसारित किया जा रहा, जिससे चुनाव में मतदाता भ्रमित होता हो। डा. श्रेत्रपाल ने कहा कि विज्ञापन या समाचार को लेकर किसी प्रकार की शिकायत है तो उसके लिए निर्वाचन विभाग ने 1950 टोल फ्री नंबर जारी किया हुआ है। चुनाव के समय मतदान से पहले वाले दिन और मतदान के दिन किसी भी उम्मीदवार को टीवी चैनल या अखबार में विज्ञापन प्रसारित करवाना है तो उसके लिए एमसीएमसी कमेटी से प्री सर्टिफिकेट लेना होगा। उन्होंने बताया कि इस विज्ञापन के लिए भारत निर्वाचन आयोग से रजिस्टर्ड राजनैतिक पार्टी के उम्मीदवार को तीन दिन पहले और बाकी उम्मीदवारों को सात दिन पहले कमेटी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा। कमेटी विज्ञापन सामग्री की जांच कर दो दिन में अपनी स्वीकृति या अस्वीकृति प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव की मीडिया कवरेज के लिए मीडियाकर्मियों को दो तरह के पास जारी किए जाएंगे। इनमें से एक मतदान के दिन के लिए होगा और दूसरा मतगणना के लिए जारी किया जाएगा।

डॉ. क्षेत्रपाल ने कहा कि पंपलेट, इश्तहार, बैनर, एलईडी आदि विज्ञापन सामग्री के लिए भी चुनाव आयोग ने वर्ष 2012 से अपनी दरें निर्धारित की हुई हैं। उन्हीं के अनुसार उम्मीदवार के चुनाव खर्च में धनराशि को जोड़ा जाएगा। निर्वाचन आयोग ने मतदाता जागरुकता के लिए भी स्वीप नाम से अभियान चलाया हुआ है। इससे जुड़े समाचारों को विशेष प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त निदेशक रणबीर सांगवान, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार, चुनाव तहसीलदार राजेंद्र सिंह, सहायक सौरभ, विभिन्न विभागों से मोहित, मनोज, कमल कुमार, मनीष, अमरजीत आदि मौजूद रहे।

# अपनी जमीन का ड्रोन सर्वे करवाएगा नगर निगम मानेसर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सर्वे के बाद जमीन की वास्तविक स्थिति का ब्यौरा होगा निगम के पास


नगर निगम मानेसर में ड्रोन सर्वे एजेंसी की ओर से प्रजेंटेशन के दौरान चर्चा करते संयुक्त आयुक्त दर्शन यादव।

**नगर** निगम मानेसर अपनी जमीन का ड्रोन सर्वे करवाएगा। सर्वे के बाद नगर निगम की मलकियत, लाल डोरा, नियमित और अवैध कॉलोनियों को पूरा ब्यौरा निगम के पास होगा। पहले फेज में कॉलोनियों को सर्वे होगा। इसके बाद अन्य भूमि को सर्वे करके चिन्हित किया जाएगा। इस विषय पर शुक्रवार को संयुक्त आयुक्त दर्शन यादव, एटीपी सिद्धार्थ खंडेलवाल, एसडीओ प्लानिंग विपिन बूरा के समक्ष सर्वे एजेंसी ने अपनी पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन दी।

इस दौरान अधिकारियों ने एजेंसी के प्रतिनिधि को सर्वे संबंधी दिशा-निर्देश दिए। संयुक्त आयुक्त दर्शन यादव ने कहा कि पहले फेज में कॉलोनियों का सर्वे किया जाएगा। जल्द ही सर्वे का काम धरातल पर शुरू होगा। कॉलोनियों के सर्वे के बाद ही अन्य जमीन का सर्वे होगा। सर्वे रिपोर्ट मिलने के बाद निगम अधिकारियों को विकास कार्यों को करवाने में मदद मिलेगी। किसी भी गांव या कॉलोनी में एक क्लिक से सरकारी और निजी जमीन की पहचान की जा सकेगी।

# शादी के कार्ड पर छपवाया...शादी में शराब पीने की अनुमति नहीं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


आशीष की शादी का कार्ड, जिस पर शराब नहीं पीने का संदेश छपा है।

**विवाह-शादियों** में बहुत से लोग भले ही शराब पीना-पिलाना ही अपनी शान समझते हों, लेकिन यहां एक युवक ने अपनी शादी के कार्ड पर शराब नहीं पीने का संदेश छपवाकर शराब पीने वालों को संदेश दिया है। शादी कार्ड पर उसने छपवाया है-ड्रिंक इज नॉट अलाउडिट इन मैरिज यानी शादी में शराब पीने की अनुमति नहीं होगी। युवक के इस प्रयास और साहस की लोग सराहना कर रहे हैं।

मानवता भलाई केंद्र डेरा सच्चा सौदा से वर्षों से जुड़े गुरुग्राम के गांव हाजीपुर पातली निवासी आशीष पुत्र सरोज देवी एवं धर्मबीर मेहरा की शादी आगामी 13 मार्च 2024 को रेनू पुत्री श्रीमती सुशीला एवं वेदपाल निवासी गांव टीकली जिला गुरुग्राम के साथ तय हुई है। घर में शादी की तैयारियों जोरों पर है। शादी के कार्ड लोगों को बांटे जा रहे हैं। वैसे तो शादी का कार्ड एक निमंत्रण पत्र ही होता है, लेकिन आशीष एवं रेनू की शादी का यह कार्ड सामान्य शादी के कार्डों से अलग है। इनकी शादी के कार्ड पर सीधी और स्पष्ट बात लिखी गई है कि उनकी शादी में शराब पीने की अनुमति नहीं होगी। नशे के विरुद्ध धर्मबीर मेहरा परिवार का यह कदम अति सराहनीय है। क्योंकि आज के समय में खुशी के पलों में बिना शराब के खुशी ही नहीं मानते, ऐसे में इनकी ओर से मेहमानों, परिवारजनों, दोस्तों, रिश्तेदारों को शादी के कार्ड पर लिखित में शराब नहीं पीने का संदेश देना साहस की भी बात है। हो सकता है बहुत से लोग तो इसी बात से नाराज भी हो जाएं, लेकिन मेहरा परिवार ने मानवता भलाई केंद्र डेरा सच्चा सौदा की नशे के विरुद्ध मुहिम को ना केवल मजबूत किया है, बल्कि समाज में भी नशों का त्याग करने का बड़ा संदेश दिया है। दूल्हा बनने जा रहे आशीष का कहना है कि पूज्य गुरू जी संत डा. राम रहीम सिंह जी से उन्हें शिक्षा मिली है कि खुद किसी प्रकार का नशा नहीं करना है और दूसरों का नशा छुड़वाना है।

इसी मुहिम को वे आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। क्योंकि नशों ने समाज को बहुत खराब कर रखा है। परिवारों में झगड़ों का एक बड़ा कारण शराब व अन्य नशीली चीजें हैं। हमें समाज को सुधारने के लिए आगे कदम बढ़ाया है। इस कदम को पीछे नहीं हटाएंगे। पूज्य गुरू जी शिक्षाओं पर अमल करते हुए समाज से लोगों के छुड़ाने का काम करते रहेंगे।

# ट्राला-टैंकर की टक्कर में बाइक सवार दो सगे भाइयों समेत तीन लोग घायल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


शुक्रवार की सुबह सोहना के अंबेडकर बाइपास चौक पर हुआ सड़क हादसे में क्षतिक्रस्त ट्राला


हादसे में घायल होने वाला युवक अस्पताल में उपचार कराता हुआ।

**स्थानीय** बाइपास चौक पर तेज दौड़ रहे वाहनों की टक्कर में दो बाइक सवार समेत कुल तीन लोग घायल हो गए। घायलों में ट्राला चालक भी शामिल। बाइक सवार दो सगे भाई दूध से भरे टैंकर के नीचे दब गए। जिन्हें हाईड्रा की मदद से बाहर निकाला और फिर निजी अस्पताल में दाखिल करा दिया।

शुक्रवार की सुबह 5 बजे स्थानीय अंबेडकर बाईपास चैक ट्राला व दूध के टेंकर की चौक को पहले निकाले की चक्कर में भीड़ गए। जिससे ट्राला का कैबिन इंजन से अलग हो गया तथा दूध का टैंकर टक्कर लगने से मौके पर ही पलट गया। वहीं चौक को पार करने के इंतजार में बाइक पर खड़े दो युवक टैंकर के नीचे बाइक समेत दब गए। दोनों भाइयों को टेंकर के नीचे से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसा को देख आस पास से दौड़कर आस राहगिरों ने पुलिस को फोन किया। पुलिस और आम लोगों की मदद से टैंकर नीचे दबे दोनों भाई रोजका मेव की कंपनी में रात की ड्यूटी करके वापस किराए के मकान में जा रहे थे। जिनकी पहचान दीपक व निलेश के रुप में हुई है। उत्तर प्रदेश का जिला मैनपुरी के निवासी है। इस हादसे में घायल होने वाला तीसरा ट्राला चालक जाहिद निवासी गांव धौज जिला फरीदाबाद था। जिसे पहले स्थानीय नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहा से डॉक्टरों ने जाहिद को गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया।

### तेज गति बनी दुर्घटना का कारण

**अंबेडकर** बाइपास चौक पर शुक्रवार की सुबह हुआ हादसे में घायल होने वाले दीपक ने बताया कि दूध का टेंकर गुरुग्राम की तरफ से आ रहा था और वह नूंह की तरफ जा रहा था। जबकि ट्राला पलवल से तावडू की तरफ जा रहा था। दोनों ही वाहनों के चालक पहले चैक को पहले पार करने के चक्कर में हादसा कर दिया। मामले की जांच कर रहे ओमप्रकाश ने बताया कि अभी तक किसी भी घायल की शिकायत उनके पास नहीं आई है। शिकायत आने पर जांच करने के बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया जाएगा।

# समिति की बैठक में पंचायत मंत्री बबली ने सुनीं लोगों की शिकायतें, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

## जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की मंत्री ने की अध्यक्षता

## 13 शिकायतों में से 6 शिकायतों का मौके पर ही किया समाधान

पायनियर समाचार सेवा। नूंह




विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का निदान करते हुए।

**हरियाणा** के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने गांव लाहाबास, तहसील पुन्हाना निवासी सोहन लाल की पुलिस कर्मचारी द्वारा रिश्वत लेने व कार्यवाही न करने बारे शिकायत संबंधी मामले की विजिलेंस से जांच करवाने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है, इसमें मामले की उचित जांच की जाएगी और दोषी के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। विकास एवं पंचायत मंत्री शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह आदेश दिए। उन्होंने एजेंडे में शामिल 13 शिकायतें सुनीं, जिनमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया तथा शेष शिकायतों पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिला कष्ट एवं निवास समिति के मासिक बैठक में झूठी शिकायत करने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी जो लोग झूठी शिकायत लेकर समिति के समक्ष उपस्थित होते हैं वे सभी सरकार का और प्रशासन का समय नष्ट करते हैं इसलिए उन्होंने कहा कि झूठी शिकायत करने से बचें।

देवेंद्र सिंह बबली ने गांव नल्हड़ निवासी राहिला की शिकायत कि उनके पति परिवार के हिस्से की जमीन पर अवैध प्लाटिंग कर रहे हैं, पर जांच के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने के आदेश दिए। गांव मन्ढैता निवासी मुमताज अली की जोहड़ के नवीनीकरण की राशि में गबन करने संबंधी शिकायत पर एसडीएम पुन्हाना, एक्सईएन पीडल्ब्यूडी व पब्लिक हेल्थ की कमेटी से जांच करने के आदेश दिए।

गांव पैमाखेड़ा निवासी सायरा की बुढ़ापा पेंशन न बनने संबंधी शिकायत पर क्रिड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायतकर्ता का डाटा जल्द वैरिफाई करके जिला समाज कल्याण अधिकारी को भेजें, ताकि संबंधित विभाग द्वारा पेंशन शुरू करने की कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित विभाग को सभी पेडिंग मामलों का एक सप्ताह में समाधान करवाने तथा इसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय में भेजने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव खेड़ला निवासी डालचंद की फैमिली आईडी में सालाना आय अधिक दर्ज करने संबंधी शिकायत पर क्रिड के अधिकारियों को उचित समाधान करने के आदेश दिए।

गांव संगेल निवासी नरेश कुमार सरपंच की गांव में बिजली के तार नीचे होने और आबादी को खतरा होने संबंधी शिकायत पर बिजली विभाग को 15 दिन के अंदर उचित कार्यवाही के आदेश दिए। सहकारिता मंत्री ने उजीना निवासी प्रमोद कुमार की शिकायत पर शिकायत का समाधान करते हुए तहसीलदार द्वारा जमीन की गिरदावरी करने के संबंध में किए गए कार्य की जांच के आदेश दिए ।

इसी प्रकार शिकायतकर्ता फूल सिंह के मकान संबंधी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किस्त न मिलने की शिकायत का समाधान करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की जल्द से जल्द फूल सिंह की मकान की किस्त रिलीज की जाए । इस अवसर पर उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया, प्रशिक्षु आईएएस राहुल कुमार , जिला परिषद चेयरमैन जान मोहम्मद, नगर परिषद नूंह के चेयरमैन संजय मनोचा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल, जिला नगर आयुक्त रणवीर सिंह, एसडीएम नूंह अश्विन कुमार, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा.चिनार चहल, एसडीएम पुन्हाना लक्ष्मी नारायण, एसडीएम तावड़ू संजीव कुमार, नगराधीश अशोक कुमार , सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## युवक का शव मिलने से सनसनी, पुलिस कार्रवाई में जुटी



**तावड़ू।** नगर के वार्ड नंबर आठ में शुक्रवार सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जिसकी सूचना मिलने पर शहर थाना प्रभारी प्रदीप अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई में जुट गई है। मृतक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। शहर थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि नगर के वार्ड नंबर आठ में कॉलोनी के समीप खेतों में एक युवक का शव मिला है।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जहां कुछ नशे की सुई और दवाइयां देखी गई आशंका है कि अधिक मात्रा में नशीले पदार्थ का सेवन करने से ही युवक की मौत हुई है। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। शव का पोस्टमार्टम कराकर नियम अनुसार 72 घन्टे में पहचान कराने के उद्देश्य से शव गृह में रखवा दिया है।

## मकान विवाद को लेकर घर में तोड़फोड़ का आरोप, मारपीट

**तावड़ू।** उपमंडल के गांव मोहम्मदपुर अहिर में मकान विवाद को लेकर एक पक्ष द्वारा जबरन मकान में घुसकर निर्माण कार्य रुकवाने और जान से मारने की धमकी देने का का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने पांच आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मोहम्मदपुर अहिर के रहने वाले अजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते वीरवार सुबह मकान में मजदूरों के साथ चिनाई करवा रहा था। आरोप है कि मौसी का लड़का जबरन मकान में घुस काम कर रहे मजदूरों को गाली गलौज देते हुए धमकी देने लगा। इस दौरान मौसी के लड़के ने निर्माण कार्य को लेकर एक फर्जी स्टे दस्तावेज दिखाते हुए तोड़फोड़ शुरू कर दी। पुलिस ने इस संदर्भ में आरोपी रंजीत,सतीश,छोटू उर्फ वीरेंद्र,सुमन और शर्मिला के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

## 12वीं की उर्दू परीक्षा रद्द

**तावड़ू।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा जारी की परीक्षाओं में बारहवीं उर्दू कक्षा के पेपर को नूंह के टपकन सेंटर के भवन नंबर दो से रद्द कर दिया गया है, क्योंकि वहां के पेपर को एक परीक्षार्थी के रिश्तेदार ने अपने मोबाइल फोटो खींच वायरल दिया। बोर्ड की ओर से दी गई शिकायत पर नूंह पुलिस ने इस मामले में आरोपी परीक्षार्थी सहित पांच के विरुद्ध केस दर्ज किया है। बोर्ड चेयरमैन डॉ वीपी यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर उर्दू प्रश्न पत्र पेपर लीक होने की जानकारी मिली थी। छानबीन में पता चला कि यह पेपर गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूंह के टपकन कोचिंग सेंटर से आउट किया गया। परीक्षा देने पहुंचे छात्र के एक रिश्तेदार ने केंद्र के अंदर घुसकर प्रश्न पत्र फोटो अपने मोबाइल में ली थी। सोशल मीडिया पर प्रश्न पत्र लीक होने के बाद बोर्ड की ओर से तुरंत संज्ञान लिया गया। फिलहाल संबंधित सेंटर का उर्दू पेपर रद्द कर दिया गया है। इस मामले में प्रश्न पत्र का फोटो खींचने में मदद करने वाले छात्र,उसके रिश्तेदार, कमरे का सुपरवाइजर व सेंटर सुपरिंटेंडेंट समेत मौजूद ऑब्जर्वर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। केंद्र के सुपरिंटेंडेंट को रिव्यू कर दिया गया। जल्दी ही दोबारा से उर्दू पेपर आयोजित करने की तिथि की घोषणा होगी। उन्होंने बताया कि कोई व्यक्ति बाहरी व्यक्ति अंदर गया है तो यह गेट से ही गड़बड़ी होने की संभावना है। जांच में ही पता चलेगा कि व्यक्ति अंदर कैसे गया।जबकि वहां सुपरवाइजर सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## झुठी गवाही देने के मामले में आरोपी को सात साल करावास

**नूंह।** नूंह पुलिस की पैरवी परिणाम स्वरूप माननीय न्यायालय सन्दीप कुमार दुग्गल, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपी को 07 साल के कारावास की सजा व 05 हजार रुपये का लगाया जुर्माना । जुर्माना न भरने पर आरोपी को 01 वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा के माननीय अदालत ने किए आदेश पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नूंह पुलिस द्वारा की गई पैरवी पर थाना घुडावली जिला पलवल के वाजिद पुत्र मौहम्मद पीड़ित के साथ हत्या के प्रयास व झुठी गवाही देने के मामलें में आरोपी जुबेर पुत्र जल्ले खां निवासी घुडावली जिला नूंह को माननीय संदीप कुमार दुग्गल अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नूंह की अदालत ने दोषी करार देते हुए धारा 307,211 भा0द0सं0 के तहत 07 वर्ष कारावास की सजा व 05 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना राशि नहीं भरने पर आरोपी को 01 वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी पड़ेगी मामलें के अनुसार वर्ष 2017 में थाना घुडावली जिला पलवल के वाजिद उपरोक्त की हत्या करने के प्रयास व झुठी गवाही देने के मामलें में पीड़ित के परिजनों ने जिला नूंह के थाना सदर नूंह में एक शिकायत दर्ज करवाई थी । जिसमें आरोपी जुबेर उपरोक्त के द्वारा पीडित की हत्या करने का प्रयास व झुठी गवाही देने के आरोप थे । इस संबंध में नूंह पुलिस की जांच पर मामलें की सुनवाई माननीय न्यायालय में हुई । सुनवाई के दौरान माननीय न्यायालय ने मामलें को बहुत ही संगीन माना और जांच इकाई की उत्कृष्ट पैरवी एवं प्रॉसीक्यूशन द्वारा पेश की गई मजबूत दलीलों से दोषी की सजा में कोई नरमी नहीं बरती।

पायनियर क्लासीफाइड

नाम परिवर्तन

I, Ravunni Sundaran S/o Ravunni Kunju R/o 1264, H.B. Colony, Sector-29, Faridabad, have changed my name to R. Sundran.

I, Ravi S/o Naresh Kumar R/o 2M-101, NIT Faridabad, have changed my name to RAVI KUMAR.

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत भंगवो में लगाए गए सरकारी ट्यूबवेल में पंप ऑपरेटर की आवश्यकता है। जिसके लिए पंचायत की ओर से किए गए प्रस्ताव में पंप ऑपरेटर के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं मांगी गई है। इच्छुक आवेदक आगामी दस मार्च किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय में अपना आवेदन कर सकता है।
शकीबा ग्राम सरपंच ग्राम पंचायत भंगवो

सार्वजनिक सूचना

नगर निगम, सोनीपत की संपत्तिकर शाखा के रिकॉर्ड अनुसार प्रॉपर्टि आई.डी. नम्बर 1JH76TP0 जोकि कॉलोनी/सेक्टर चार मरला वार्ड नम्बर 11 में स्थित है। संपत्तिकर सर्वे अनुसार संपत्तिकर बिल में करदाता का नाम अमरनाथ दर्ज है। किसी भी संपत्तिकर दाता का नाम दर्ज न होने/नाम गलत दर्ज होने/मृत्यु दिनांक 28.03.2023 उपरांत आवेदक द्वारा प्रस्तुत की गयी प्रॉपर्टि आई.डी. में नाम तब्दील व नाम दर्ज करने/क्षेत्रफल दुरूस्ती के लिए रजिस्ट्री नम्बर 2655 दिनांक 11.08.95 अनुसार प्रस्तुत किए गए है। जिसके अनुसार यदि किसी भी व्यक्ति को इस जायजाद से संबंधित कोई भी आपत्ति हो तो ख्याति प्राप्त दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र में विज्ञापन देने की तिथि के 30 दिन के अंदर-अंदर लिखित रूप में नगर निगम के संपत्तिकर शाखा में आपत्ति दर्ज करवाए अन्यथा संपत्तिकर शाखा में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के अनुसार श्री/श्रीमति अजय पुत्र, शोभा छाबड़ा पुत्री, दया छाबड़ा पुत्री स्वर्गीय अमरनाथ नाम दर्ज कर दिया जाएगा। जिसके लिए नगर निगम कार्यालय जिम्मेवार नहीं होगा।
क्षेत्रीय कराधान अधिकारी नगर निगम, सोनीपत

सार्वजनिक सूचना

विषयः निर्माण सम्पति के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण मकान नंबर 2एम-77, फरीदाबाद। श्री मनोहर लाल पुत्र स्वर्गीय श्री खानचंद पुत्र देवी दास कोम दरगन अरोड़ा की मृत्यु के संबंध में जो इस विषय का हवाला दिये गए संपत्ति 100% की सीमा तक मालिक थे।
श्री मनोहर लाल जिनका रिकार्ड के अनुसार दिनांक 29.11.2001 को निधन हो गया। उन्होंने अपने जीवनकाल में वसीयत पंजीकृत की है। पंजीकृत दस्तावेज संख्या-95 दिनांक 29.07.1991 सब रजिस्ट्रार फरीदाबाद में रजिस्टर है और उनके निम्नलिखित वारिसान हैं : 1. मीना कुमारी (पुत्री) 2. कृष्ण गोपाल (पुत्र) 3. प्रेम लाल (पुत्र) 4. दिनेश कुमार (पुत्र) 5. गोपाल दास (पुत्र) 6. राजेश कुमार (पुत्र) इनके अलावा अन्य कोई वारिसान नहीं हैं।
अब राजेश कुमार पुत्र स्व0 श्री मनोहर लाल पंजीकृत वसीयत के अनुसार कानूनी वारिसान होने के नाते अपने पक्ष में उक्त संपत्ति के हस्तांतरण के लिए आवेदन करना चाहते है।
यदि किसी व्यक्ति को इस संपत्ति के हस्तांतरण करने बारे आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशित होने के तीस दिन के अंदर आयुक्त, नगर निगम, फरीदाबाद के समक्ष अपनी आपत्ति लिखित रूप में सम्बंधित दस्तावेजों सहित दर्ज करवाएं। अगर इस अवधि में किसी से कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती तो यह सम्पति आवेदनकर्ता के नाम हस्तांतरित कर दी जाएगी।
कानूनी वारिसान : राजेश कुमार

# टूटी रेहड़ी और टूटी ट्राली के सहारे नगर पालिका की सफाई व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका



**जिले** की सबसे अमीर नगर पालिकाओं में शुमार फिरोजपुर झिरका की नगरपालिका में शहर की गंदगी को उठाने के लिए रेहड़ी और ट्रैक्टर के साथ गंदगी को उठाने वाली ट्राली जर्जर हालत होने की जानकारी नपा के अधिकारी नपा के प्रधान को होने के बावजूद भी कर्मचारियों को रेहड़ी और ट्रैक्टर ट्राली उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। जिसके चलते शहर में जगह-जगह कूड़े की ढेर जमा होने शुरू हो गए हैं। इसके अलावा कूड़ा उठाने के लिए कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि टूटी रेहड़ी और नपा के ट्रॉली के जर्जर हो जाने की सारी सूचना नपा अधिकारियों को दे दी गई है लेकिन अधिकारियों द्वारा गत एक वर्ष से कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा रही है। जिसके चलते वार्ड के जमादार को कूड़ा उठाने के लिए किसी अन्यत्र वार्ड से रेहड़ी लाने को विवश होना पड़ रहा है । जिसके चलते सारा दिन एक वार्ड से दूसरे वार्ड रेहड़ी को लाने ले जाने में ही गुजर रहा है।

फिरोजपुर झिरका सफाई यूनियन के प्रधान बसंत लाल, जिला प्रधान मुकेश का कहना है कि नगर पालिका के सभी पार्षदों ,सचिव और नपा अध्यक्ष को रेहडी और टूटी ट्रॉली के बारे में अवगत कराया जा चुका है। टेंडर लगाने का आश्वासन देकर उन्हें चला कर दिया जाता है। जिसके चलते एक रेहडी से ही कई वार्डो का कूड़ा उठाया जा रहा है।

समाजसेवी रमेश कामरा का कहना है कि शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पालिका के पास लंबी चौड़ी फौज है लेकिन उन्हें देने के लिए रेहडी और कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं है, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखा जा सके यहां तक के शहर के नालों में जगह-जगह गंदगी शहर के नालों की सफाई व्यवस्था की पोल खोल रही है अधिकारियों को सारी जानकारी होने के बावजूद भी शहर की नालों की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त नहीं कराया जा रहा है और ना ही नपा की सफाई कर्मचारियों को गंदगी उठाने के उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं।नगर पालिका द्वारा हाउस में प्रस्ताव चढ़ाया जा चुका है।

# सात वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म कर जान से मारने और खेत में शव दफनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**नूंह** जिले के फिरोजपुर झिरका खंड के एक गांव में कक्षा दूसरी में पढ़ने वाली सात वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म कर जान से मारने और शव को दफनाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस मामले में गांव के ही परिजन आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने मौके से शव बरामद कर शव को पोस्टमार्टम हेतु मांडीखेड़ा अस्पताल में पहुंचा दिया है और आरोपी को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है ।



खंड के गांव में आरोपी की शिनाख्त पर शव को बरामद करती पुलिस ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खंड के एक गांव मैं 28 फरवरी को कक्षा दूसरी में पढ़ने वाली सात वर्षीय एक बच्ची अपने घर से लापता हो गई। जिसे गांव में ढूंढने पर जब नहीं मिली, तो उस बच्ची के गुमशुदगी की रिपोर्ट फिरोजपुर झिरका थाने में दर्ज करा दी गई । पुलिस द्वारा इस मामले में गहनता से छानबीन की गई तो गांव में ही एक परिजन पर शक होने पर सख्ती से पूछताछ की गई तो आरोपी ने सारी कहानी बयां कर दी। आरोपी युवक द्वारा खेत में दफनाए हुए शव को भी पुलिस की मौजूदगी में बरामद किया गया। थाना प्रबंधक अमन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक बच्ची के पिता ने तीन दिन पूर्व दिन पूर्व अपने घर से लापता हो गई । जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट स्थानीय थाना फिरोजपुर झिरका में 29 फरवरी को दर्ज कराई गई । पुलिस द्वारा इस मामले में जब शक के आधार पर बच्ची के ही एक परिजन से पूछताछ की गई, तो वह घबरा गया। जिससे पुलिस को उस पर शक हो गया और पुलिस ने सख्ती से पूछताछ कि तो आरोपी ने सारी कहानी बयां कर दी।

# डॉ बीआर अंबेडकर शिक्षा प्रचार प्रसार समिति की टीम ने असर्फी देवी को रिटायरमेंट होने पर दी शुभकामनाएं

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका



**नगीना** ब्लॉक, गांव के जलालपुर स्कूल में कार्यरत असर्फी देवी साठ वर्ष पूर्ण होने पर रिटायरमेंट हुई है। इसी क्रम में डॉ बीआर अंबेडकर शिक्षा प्रचार प्रसार समिति की टीम ने उनके निवास स्थान माण्डीखेड़ा पहुंच कर रिटायर्ड असर्फी देवी को रिटायरमेंट की शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर समिति की महिला प्रदेश उपाध्यक्ष अंजू रानी ने असर्फी देवी के गले में माल्यार्पण किया और शॉल ओढ़ाकर अभिवादन किया। उसके साथ ही बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भेंट स्वरुप प्रदान की। इसके उपरांत समिति के लोगों ने परमपिता परमेश्वर से उनकी लंबी आयु एवं आजीवन स्वस्थ रहने की प्रार्थना की। अंजू रानी ने बताया कि असर्फी देवी की बेटी ने डॉ बीआर अंबेडकर शिक्षा प्रचार प्रसार समिति टीम का हिस्सा बनकर मेवात क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने के लिए पूरी जी जान के साथ मेहनत कर रही है। ताकि गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान हो सके।असर्फी देवी ने समिति के लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि रिटायरमेंट के उपरांत अब वो पूरा दैनिक जीवन समिति के लोगों के साथ शिक्षा पर बल देने का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर महिला जिलाध्यक्ष नूंह लक्ष्मी देवी, जिला महामंत्री मंजु, ज़िला सचिव सुमन देवी, ज़िला उपाध्यक्ष संजय सौदे, फिरोजपुर झिरका ब्लॉक प्रधान अरुण, मिडिया प्रभारी सागर, सलाहकार मनीष कुमार, नगीना ब्लॉक प्रधान जितेंद्र एवं मास्टर अजीत सिंह मौजूद रहे।

# मतदान करना हर भारतीय का अधिकार और ड्यूटी : जिला निर्वाचन अधिकारी

## मतदाता भारत चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची में चेक कर लें अपना नाम व अन्य विवरण

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेन्द्र खडग़टा ने बताया कि 18वीं लोकसभा चुनाव में अब कुछ ही समय शेष बचा है। भारत चुनाव आयोग ने मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पहले ही कर दिया है और मतदाताओं को इसमें अपना नाम सहित अन्य विवरण जांचने के लिए अंतिम मौका दिया है।

सभी मतदाता समय रहते अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में अपने नाम का अवलोकन कर लें ताकि उन्हें मतदान करने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में अपना नाम चेक करना बहुत ही आसान है। आप इसे ऑनलाइन अपने कंप्यूटर या मोबाइल से कर सकते हैं। मतदाता सूची में अपना नाम खोजने के लिए आपको अपने राज्य एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नाम, अपना प्रथम एवं अंतिम नाम, जन्म तिथि और आयु इत्यादि की जानकारी देनी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि आप अपने कंप्यूटर के जरिए यह काम कर रहे हैं तो आपको सबसे पहले चुनाव आयोग की वेबसाइट 1श्ह्लद्गह्म्ह्य.द्गष्द्ब.द्दश1.द्बठ्ठ/ पर जाना होगा और इसमें दिख रहे सर्च इन इलेक्टोरल रोल ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपकी स्क्रीन पर एक फार्म निकलेगा। आप इसमें जरूरी डिटेल भरने के बाद सर्च ऑप्शन पर क्लिक करेंगे तो आपके सामने मतदाता सूची से संबंधित आपकी जानकारी सामने आ जाएगी। साथ ही यह भी पता लग जाएगा कि आपका वोट किस मतदान केंद्र पर है। इसके अलावा आप इसी पेज पर ईपीआईसी नंबर के जरिए भी अपना नाम वोटिंग लिस्ट में चेक कर सकते है। वहीं अगर आपका फोन नंबर चुनाव आयोग में रजिस्टर है तो आप फोन नंबर डालकर भी अपना नाम देख सकते हैं।

उपायुक्त ने बताया कि यदि आप मोबाइल फोन पर अपना नाम वोटिंग लिस्ट में देखना चाहते हैं तो आप वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर सकते हैं। इसमें आपको सबसे ऊपर सर्च नेम इन इलेक्टोरल रोल का ऑप्शन दिखेगा।

# मिलावटी दूध से स्वास्थ्य के साथ हो रहा बड़ा खिलवाड़

## खाद्य सुरक्षा विभाग की चुप्पी से मिलावट खोर कूट रहे चांदी

## नूंह में दूध का है बड़ा कारोबार है, एनसीआर क्षेत्र में की जाती है दूध आपूर्ति

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**नूंह** जिले में खेती के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोग पशुपालन और दूध के कारोबार से जुड़े हुए हैं।एनसीआर क्षेत्र मे भारी मात्रा में दूध की आपूर्ति मेवात से होती है। लेकिन इसी आपूर्ति के दौरान दूध में भारी मिलावट का खेल कर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी किया जा रहा है।

खास बात यह है कि कई बार इस तरह की सूचना आने के बाद भी खाद्य सुरक्षा विभाग चुप्पी साधे हुए है। जिसके चलते दूध में मिलावटखोरी का धंधा करने वालों के हौसले बुलंद है।जो लोगों के स्वास्थ्य के साथ बड़ा खिलवाड़ करते हुए चांदी कूट रहे हैं। जबकि जागरूक लोगों की मांग है कि खाद्य सुरक्षा विभाग ऐसे मिलावटखोरों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई करें।

बता दें कि जिले के तावडू उपमंडल की सीमा गुरुग्राम के साथ लगती है।जहां से भारी मात्रा में तावडू नगर समेत गुरुग्राम व दिल्ली एनसीआर क्षेत्र तक दूध की आपूर्ति होती है।उपमंडल के अंतर्गत गांव कोटा खण्डेलवा,बिस्सर-अकबरपुर, हसनपुर,सबरस,बेरी,गोयला,डिंगरहेड़ी,डालाबास,पढेनी,चाहल्का,सुन्ध, जफराबाद,भंगवो,मोहम्मदपुर अहिर, सराय,खरक जलालपुर,आदि गाँवो में बड़ी संख्या लोग दूध के कारोबार से जुड़े है।इन्हीं में से मिलावट करने वाले दूध कारोबारी है।प्रत्येक दिन यह दूध विक्रेता दुपहिया और चार पहिया वाहनों के माध्यम से दूध की आपूर्ति करने के लिए सुबह और शाम के समय जाते हैं। आपूर्ति करने से पहले दूध में रासायनिक पदार्थ मिलाकर मात्रा बढ़ाने के साथ साथ नकली दूध तैयार करते हैं।इस प्रकार के कारोबारी मिलावटी दूध को बेच लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। मिलावट के खेल से लोगों की सेहत को भारी खतरा है जबकि मिलावटखोरों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। इस खेल के कारण लोग बीमारियों की चपेट में आने लगे हैं। बच्चे भी इसका शिकार हुए हैं। दूध में मिलावट के खिलाफ प्रशासन या खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से कार्रवाई के लिए कभी कोई अभियान नहीं चला। इसी के चलते दूध माफिया के हौसले बुलंद है। जबकि जागरूक लोगों का मानना है कि यदि खाद्य सुरक्षा विभाग मिलावटखोरों के विरुद्ध अभियान चलाकर नमूने ले तो पूरी आशंका है कि नमूने सौ फीसदी फेल होंगे।

लोगों का यह भी कहना है कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मात्र पनीर-दूध की डेयरियों या नगर कि दुकानों से नमूने लेकर जांच के लिए भेजने तक का दावा ही किया जाता है। पूरी कार्रवाई कभी नहीं होती। खाद्य सुरक्षा विभाग पर यह भी आरोप है कि आज तक लिए गए नमूनों की जांच का लेबोरेटरी में क्या हुआ।

# जल संरक्षण को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरुआत

**तावडू।** नगर के जन स्वास्थ्य एवं अभियंत्रिक कार्यालय परिसर में शुक्रवार को जल संरक्षण को लेकर प्रशिक्षण दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें जन स्वास्थ्य एवं अभियंत्रिक विभाग तथा जल एवं स्वच्छ्ता सहायक संगठन के सहयोग से उपमंडल की सभी ग्राम पंचायतों में गठित ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों और पंप आपरेटरों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन से जुड़े खंड संयोजक संदीप शर्मा और जिला सलाहकार नरेंद्र भारद्वाज व एक संस्था से जुड़े ऋषिकेश ढाकरे सहित जन स्वास्थ्य एवं अभियंत्रिक विभाग के अधिकारियों ने प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित ग्राम जल सीवरेज समिति सदस्यों और पंप ऑपरेटर को जल की बर्बादी रोकने का आह्वान करते हुए जागरूक किया। सभी ने जल जल संरक्षण को अपनाने के विचार रखते हुए कहा कि जल जीवन लिए बेहद जरूरी है,भविष्य में जल संकट से उभरने के लिए वर्तमान में ही जल को जल की बर्बादी रोकने की जिम्मेदारी अपनानी होगी। इस दौरान आह्वान किया गया कि घरों में जा रही पेयजल आपूर्ति के नल पर टोंटी अवश्य लगवाने का काम करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पेयजल प्रणाली को सुचारू रूप अपनाने के लिए पानी की गुणवत्ता के प्रति भी जागरूक किया गया। इसके अलावा बताया गया कि जल बर्बादी को रोकने के लिए समय-समय पर गांवो में अभियान चला कर ग्रामीणों को जागरूक करें।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# राज्यसभा चुनाव

## भाजपा को बढ़त


**राज्यसभा चुनाव** में सतर्क रणनीतिक राजनीति से भाजपा को बढ़त मिली है और अब वह लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। अभी लोकसभा चुनाव की तारीखें सामने नहीं आई हैं, पर भाजपा एक के बाद दूसरा राजनीतिक किला जीतती जा रही है। तीन राज्यों की 15 राज्यसभा सीटों में से 8 सीटें जीतने की गणित के अलावा उसने दो अतिरिक्त सीटें भी जीतने में सफलता पाई जिनमें से एक हिमाचल प्रदेश व दूसरी उत्तर प्रदेश में है। इससे उसने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को एक और धक्का दिया है। हिमाचल प्रदेश में भाजपा कांग्रेस में मची उठापटक से उत्साहित है और वह सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकती है। कांग्रेस में सत्ता का टकराव बढ़ा है, उसके अपने सदस्यों ने पार्टी में विद्रोह किया है तथा राज्य पीडब्लूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस में मंगलवार से समस्या गंभीर हुई जब उसके 6 सदस्यों द्वारा चुनाव में क्रास-वोटिंग के कारण भाजपा प्रदेश से एकमात्र राज्यसभा सीट जीतने में सफल हुई। राज्यसभा चुनाव को अक्सर राज्यों और पार्टियों में राजनीतिक समीकरण के लिए 'लिटमस टेस्ट' की तरह देखा जाता है। इसे राजनीतिक पार्टियों की समर्थन प्राप्त करने तथा संसद के उच्च सदन में स्थिति मजबूत करने की क्षमता की तरह देखा जाता है। लेकिन क्रास-वोटिंग ने राजनीतिक परिदृश्य में नए आयाम पैदा किए हैं जिससे गठबंधनों और निष्ठा में संभावित परिवर्तन हो सकता है। 28 विपक्षी दलों के समूह 'इंडिया' को उम्मीद थी कि राज्यसभा में उसकी स्थिति मजबूत होगी। लेकिन इस धक्के से विपक्षी गठबंधन की एकजुटता और प्रभावशीलता पर उन राज्यों में भी सवाल उठ रहे हैं जहां कांग्रेस सत्ता में है।



धड़ल्ले से क्रास-वोटिंग की इन घटनाओं ने लोगों में न केवल चिन्ता पैदा की है, बल्कि इनका संभावित प्रभाव लोकसभा चुनाव पर भी पड़ सकता है। क्रास-वोटिंग के माध्यम से भाजपा को अतिरिक्त सीटें मिलना तथा खासकर प्रमुख राज्यों में उसकी सफलता संगठनात्मक शक्ति व जनता में बढ़ती लोकप्रियता प्रकट करती है। विपक्ष के लिए राज्यसभा चुनाव खतरे की घंटी की तरह हैं। इससे ज्यादा एकजुटता व समन्वय की आवश्यकता उजागर होती है। क्रास-वोटिंग रोकने में विफलता से न केवल आंतरिक मतभेद स्पष्ट होते हैं, बल्कि इससे उनकी चुनावी रणनीति की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठते हैं। लोकसभा चुनाव निकट आने के साथ विपक्षी पार्टियों को पुन: एकजुट होकर अपनी प्राथमिकतायें परिभाषित करनी चाहिए ताकि वे भाजपा का मुकाबला कर सकें। भाजपा की नवीनतम विजय को अलग-थलग कर नहीं देखा जाना चाहिए। इससे पार्टी के अथक प्रयास स्पष्ट होते हैं कि वह सभी क्षेत्रों व राज्यों में अपना विस्तार करना चाहती है। भाजपा अवसरों का लाभ उठाने में दक्ष है, चाहे वह पालाबदल हो, गठबंधन या क्रास-वोटिंग। इससे शक्तिशाली राजनीतिक बल के रूप में उसकी स्थिति रेखांकित होती है। हालिया राज्यसभा चुनाव परिणाम बदलता परिदृश्य प्रदर्शित करते हैं जहां परंपरागत गठबंधनों का विजय प्राप्त करना जरूरी नहीं है और पार्टियों को प्रासांगिक बने रहने के लिए नए बदलते यथार्थ स्वीकार करने होंगे। भाजपा की नवीनतम सफलता का श्रेय उसकी परिवर्तनशीलता तथा सतर्क रणनीतिक राजनीति को जाता है। आधुनिक समय में राजनीतिक व्यावहारिकता को वरीयता मिल रही है और नैतिक मूल्य, विचारधारायें तथा निष्ठायें इसी के अनुकूल निरंतर बदल रही हैं।

# नवाज शरीफ का रणनीतिक कदम

नवाज शरीफ के पाकिस्तान में प्रधानमंत्री पद की दौड़ से अलग रहने तथा अपने भाई को प्रधानमंत्री बनाने के कदम पर राजनीतिक चर्चा तेज हुई है।



**के.एस. तोमर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



नवाज़ शरीफ के पाकिस्तान में प्रधानमंत्री पद की दौड़ से अलग रहने तथा अपने भाई को प्रधानमंत्री बनाने के कदम पर राजनीतिक चर्चा तेज हुई है। दुनिया भर में और खासकर पाकिस्तान में उस भू-राजनीतिक मुद्दे पर चर्चा हो रही है जिसके चलते तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ ने 'रहस्यमय' निर्णय किया है। नवाज शरीफ पहले स्वत: ही प्रधानमंत्री पद की दौड़ से पीछे हट गए और बाद में उन्होंने अपने छोटे भाई शहबाज़ शरीफ को सर्वोच्च पद की दौड़ में आगे कर दिया, हालांकि सेना के नेतृत्व उनको प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार था। इस सैनिक नेतृत्व में खासकर वर्तमान सेना प्रमुख आसिम मुनीर का प्रमुख स्थान है जिन्होंने नवाज को सत्ता में लाने की पूरी रणनीति बनाई थी।

इस रणनीति के चलते नवाज शरीफ अपना निर्वासन समाप्त कर पाकिस्तान लौटे और उनके खिलाफ चल रहे अनेक मामलों में उनको राहत मिली या उनसे पूरी तरह बरी कर दिए गए। विदेश नीति विशेषज्ञों का कहना है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तत्कालीन सेना प्रमुख कमर जावोद बाजवा के खुले समर्थन से सत्ता मिली थी, पर सर्वोच्चता की लड़ाई में दोनों के रास्ते बाद में अलग-अलग हो गए। विडंबना है कि इमरान खान द्वारा सेना की सर्वोच्चता को चुनौती एक प्रकार से 'नौकर' द्वारा 'मालिक' के अधिकार को चुनौती देना था। ऐसा ही टकराव वर्तमान अवस्थापना में भी हो सकता था, लेकिन 'चयनित प्रधानमंत्री' के रूप में नवाज शरीफ ऐसी स्थिति से बचना चाहते थे क्योंकि उनको सेना से टकराव का अतीत में बहुत खराब अनुभव रहा है। पाकिस्तानी सेना ने ही नवाज शरीफ को 2018 में प्रधानमंत्री के पद से हटाया था। संभवत: ऐसी स्थिति से बचने के लिए ही वे प्रधानमंत्री पद की दौड़ से पीछे हटे। राजनीतिक विश्लेषकों को विश्वास है कि इन दबाव वाली परिस्थितियों के कारण पूर्व प्रधानमंत्री ने अपनी रणनीति सावधानीपूर्वक बनाई और अब उनके भाई शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री के रूप में पाकिस्तान में अपने 'पारिवारिक शासन' की निरंतरता सुनिश्चित करेंगे। इस पारिवारिक व्यवस्था में नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज भी शामिल हो गई हैं जो देश के सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रांत पंजाब की मुख्यमंत्री बन गई हैं।

वर्तमान राजनीतिक स्थितियों को देखते हुए पाकिस्तानी सेना ने इमरान खान को सत्ता से बाहर रखने का रास्ता तैयार किया है। एक राजनीतिक प्रक्रिया के अंतर्गत इमरान खान और उनकी पूर्व सरकार के खिलाफ 150 से अधिक मामले शुरू किए गए हैं। देश की अदालतों ने इमरान खान को तीन मामलों में ही 24 साल से अधिक की सजा दी है। इमरान खान द्वारा सेना के खिलाफ अभियान छेड़ने के कारण नवाज को पिछले साल पाकिस्तान वापस लाया गया जो लंदन में स्व-निर्वासित जीवन बिता रहे थे।

सर्वोच्च न्यायालय ने 2018 में उनको भ्रष्टाचार के मामले में दस साल कैद की सजा तथा विदेशों में अवैध संपत्तियों के 'पनामा पेपर्स' में खुलासे के बाद 10.6 मिलियन डालर का जुर्माना लगाया था। उनको चुनाव लड़ने से भी वंचित किया गया था। नवाज शरीफ ऐसे में अपना संघर्ष जारी रखने के लिए लंदन भाग गए थे। नवाज शरीफ के भाई शहबाज़ की पाकिस्तान सरकार ने 25 जून, 2023 को संसद में एक विधेयक पास कराया था जिसके अनुसार विधि-निर्माताओं की चुनाव लड़ने की आजीवन अयोग्यता को घटा कर पांच साल कर दिया गया था। इसने नवाज शरीफ की पाकिस्तान वापसी तथा अपनी राजनीतिक गतिविधियां चलाने की अनुमति दे दी। नवाज के आलोचकों का कहना है कि उनको प्रधानमंत्री बनाने के लिए 'बड़े पैमाने पर हेराफेरी' की योजना बनाई गई थी। लेकिन यह योजना विफल हो गई क्योंकि इमरान खान के समर्थक निर्दलीय बहुसंख्य सीटों पर विजय पाने में सफल हुए और नवाज की पार्टी पीएमएल-एन सामान्य बहुमत भी नहीं प्राप्त कर सकी। इससे नवाज के सपने टूट गए क्योंकि वे अल्पमत सरकार का मुखिया नहीं बनना चाहते थे।

नवाज ने शहबाज को प्रधानमंत्री बनाना इसलिए भी पसंद किया क्योंकि उनको गठबंधन सरकारें चलाने का अनुभव था और लचीले राजनेता की तरह वे अपने साझीदारों को साथ लेकर चल सकते थे। नवाज का ऐसी संसद में काम करना कठिन होता जिसमें इमरान के समर्थकों के पास काफी मुद्दे थे और वे भ्रष्टाचार के मामले में उन पर निशाना लगा सकते थे, जबकि शहबाज की स्थिति अब तक बेहतर है। इसके साथ ही नवाज और सेना प्रमुख समान विचारों के थे। इससे नई सरकार को जनता की भावनायें संतुष्ट करने तथा उनकी आकांक्षायें पूरी करने में कठिनाई हो सकती थी जो भारी मुसीबतों का सामना कर रही है।

वर्तमान परिस्थितियों में शहबाज़ के लिए आईएमएफ की कठोर शर्तों का पालन करना सर्वाधिक कठिन काम है जिसने 2 बिलियन डालर कर्ज की दूसरी 710 मिलियन की किश्त इन शर्तों के साथ जारी की है। यह मुद्रा संकट का सामना कर रहे देश की कर्ज के बोझ से लदी अर्थव्यवस्था उबारने के लिए जरूरी है। शहबाज़ की पूर्व सरकार ने आईएमएफ से 'बेलआउट पैकेज' पाने में सफलता प्राप्त की थी। आईएमएफ ने पाकिस्तान को आर्थिक दीवालियेपन से बचा लिया है जिसके पास 18 नवंबर, 2023 को केवल 7.8 बिलियन डालर बचा था जो केवल एक महीने के आयात के लिए ही काफी था। पाकिस्तानी जनता भयानक मुद्रास्फीति की शिकार है जो 30 प्रतिशत तक पहुंच गई है तथा आवश्यक वस्तुयें उपभोक्ताओं की पहुंच से बाहर निकल गई हैं।

बाढ़ ने अरबों डालर का नुकसान किया है और हजारों लोगों की मौत हुई है। इसलिए नए प्रधानमंत्री को लोगों के पुनर्वास पर खास ध्यान देना होगा जो बहुत ही बुरी स्थिति में हैं। जून-अक्टूबर, 2022 में बाढ़ के कारण 3.3 ट्रिलियन डालर का भयंकर नुकसान हुआ है और इसमें 1839 लोगों की जान गई है। नई सरकार के लिए इस स्थिति से बाहर निकलना सर्वोच्च प्राथमिकता है क्योंकि पीड़ित अब भी सहायता और पुनर्वास की मांग कर रहे हैं। चीन ने इस स्थिति में बहुत सावधानी से कदम बढ़ाए हैं और उसने चुनावों में हेराफेरी का संवेदनशील मुद्दा नहीं उठाया है, जबकि अमेरिका तथा यूरोपीय संघ ने आरापों की जांच करने की मांग की है। चीन कई बार पाकिस्तान की सहायता के लिए आगे आया है, पर इस गरीब देश की सहायता पर होने वाला खर्च उसकी कल्पना से परे है। चीन की कर्ज नीति ने पाकिस्तान को अपने जाल में फंसा लिया है। चीन ने उसे भारी कर्ज दिया है तथा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे-सीपेक में चीनी निवेश 2022 तक 65 बिलियन डालर पहुंच गए थे। चीन ने 16 मई, 2013 को ग्वादर बंदरगाह का नियंत्रण हासिल कर लिया था जिसका विस्तार भविष्य में भी किया जा सकता है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का मूल्य पहले 46 बिलियन डालर आंका गया था जो बढ़ कर 2020 में 62 बिलियन डालर पहुंच गया। भारत और अमेरिका ने बीआरआई का विरोध किया है, इसलिए नवाज़ शरीफ को सावधानी से चलते हुए अपने देश को कर्ज जाल में फंसने से बचाने के लिए चीन पर लगाम लगानी होगी।

चीन पाकिस्तान में अपनी परियोजनाओं की सुरक्षा गारंटी चाहता है, इसलिए शहबाज़ सरकार को उसके साथ अच्छे संबंध बनाए रखने होंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका इमरान खान को सत्ता से हटाना चाहता था क्योंकि उन्होंने सेना के साथ मिल कर उनको सत्ता से हटाने के षडयंत्र का आरोप लगाया था। ऐतिहासिक रूप से अमेरिका का पाकिस्तानी सेना जनरलों से सीधे संपर्क रहा है, इसलिए नई सरकार से संबंध रखना उसके लिए आसान होगा। भारत नवाज शरीफ से यह उम्मीद कर सकता है कि वे अपने प्रभाव का प्रयोग कर शहबाज़ से भारत से संवाद स्थापित करने के लिए कहें। भारत ने विश्व मंच पर अपना मजबूत स्थान बनाया है और उसके साथ आर्थिक संबंध गरीब पाकिस्तान के लिए सहायक सिद्ध हो सकते हैं।

वैसे पाकिस्तान की नई गठबंधन सरकार कमजोर बनी रहेगी। इसलिए घरेलू व अंतरराष्ट्रीय मोर्चों पर उससे बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं की जा सकती हैं। ऐसे में सबको नई पाकिस्तानी अवस्थापना की सीमाओं को समझते हुए तार्किक नतीजे निकालने होंगे।

# सामाजिक-आर्थिक समावेशन का रोडमैप

“2024 का अंतरिम बजट देश को समावेशी विकास की ओर ले जाने के लिए एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में उभरा है।”

**नगमा मुल्ला**
(लेखिका, सामाजिक मुद्दों पर टिप्पणीकार हैं)



जैसा कि दुनिया भर में कई उन अर्थव्यवस्थाओं के मामले में है जो विकासशील हैं, भारत को धन असमानता, बेरोजगारी, स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे और वितरण में मौजूदा और लगातार अंतराल और पर्यावरणीय चिंताओं का सामना करना पड़ रहा है। 2021/22 के आंकड़ों के आधार पर वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक से पता चलता है कि भारत की 16.4 प्रतिशत आबादी गरीबी में रहती है और 4.2 प्रतिशत गंभीर गरीबी का सामना कर रही है।

यूएनडीपी की क्षेत्रीय मानव विकास रिपोर्ट 2024 में पाया गया है कि शीर्ष 10 प्रतिशत आबादी देश की कुल संपत्ति का 65 प्रति हिस्सा नियंत्रित करती है, जो कि धन असमानता को रेखांकित करती है। परिणाम बहुआयामी हैं। यह ऊपर की ओर अंतरपीढ़ीगत गतिशीलता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है और आर्थिक विकास की दर को कम करता है।

नौकरियों की कमी दशकों से देश के लिए चिंता का विषय रही है। जबकि जनवरी 2024 के लिए वर्तमान बेरोजगारी दर 6.8 है, शिक्षित युवाओं के बीच बेरोजगारी चिंताजनक है। अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी द्वारा स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया 2023 से पता चलता है कि 2021-22 में 25 वर्ष से कम उम्र के भारत के 42 प्रतिशत से अधिक स्नातक बेरोजगार थे।

एक स्पष्ट शहरी-ग्रामीण विभाजन द्वारा चिह्नित, स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे में अंतराल छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए एक बड़ी बाधा है। भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की अनुपलब्धता से पीड़ित है - जिसके कारण उपचार में देरी होती है और अपनी जेब से अधिक खर्च करना पड़ता है।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट इस बात पर जोर देती है कि लगभग 75 प्रतिशत स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचे, चिकित्सा कर्मी और अन्य स्वास्थ्य संसाधन मुख्य रूप से शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां कुल आबादी का केवल 27 प्रतिशत हिस्सा रहता है। जलवायु परिवर्तन और आपदाओं का प्रभाव लोगों और अर्थव्यवस्था दोनों पर विनाशकारी रहा है। भारत को 2018 और 2022 के बीच प्राकृतिक आपदाओं से 32.94 बिलियन डॉलर का बिना बीमा नुकसान हुआ। मानव हानि के परिणाम और भी गंभीर हैं और 2018 - 2022 के बीच 237 आपदाओं से 55.9 मिलियन विस्थापन में स्पष्ट हैं। अंतरिम बजट इन मुद्दों को बड़े पैमाने पर संबोधित करता है। यह राष्ट्रीय प्रगति के लिए एक व्यापक रोडमैप प्रस्तुत करता है, जिसे महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन, पर्यावरण संरक्षण और गरीबी उन्मूलन जैसे विकास के महत्वपूर्ण पहलुओं को छूने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। इसका उद्देश्य विविध सामाजिक समूहों- गरीब (गरीब), महिलाएं (महिलाएं), युवा (युवा), और अन्नदाता (किसान) की जरूरतों और आकांक्षाओं को संबोधित करना है। यह समावेश उल्लेखनीय है क्योंकि यह भारत की स्वतंत्रता की एक शताब्दी को चिह्नित करते हुए 2047 तक विकसित भारत - एक विकसित भारत - प्राप्त करने में हाशिए पर रहने वाले सामाजिक समूहों के महत्व की परिकल्पना करता है।

बजट वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए आवश्यक वित्त, प्रौद्योगिकियों और प्रशिक्षण के साथ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए समर्थन को प्राथमिकता देता है। रूफटॉप सोलराइजेशन नीति तकनीकी और आपूर्ति क्षेत्रों में रोजगार और उद्यमशीलता के अवसर प्रदान करने के लिए तैयार है।

इसके अतिरिक्त, मत्स्य पालन के लिए एक अलग विभाग की स्थापना और प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) का विस्तार मत्स्य पालन क्षेत्र में उत्पादन और निर्यात को दोगुना करने के प्रयासों को रेखांकित करता है, जिसका लक्ष्य 55 लाख नई नौकरियां पैदा करना और समावेशी आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देना है। निम्न-आय समूहों और महिलाओं को शामिल करने के प्रावधानों पर ध्यान केंद्रित करना एक महत्वपूर्ण कदम है। महिला उद्यमियों को 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण का वितरण और पीएम-स्वनिधि के तहत 78 लाख स्ट्रीट वेंडरों को वित्तीय सहायता जैसी पहल कार्यबल की भागीदारी बढ़ाने और ऊपर की ओर गतिशीलता बढ़ाने वाले कमाई के रास्ते प्रदान करने पर सरकार के ध्यान पर जोर देती है। विकास का एसएचजी मॉडल भी सफल साबित हुआ है - जिससे लगभग 10 मिलियन महिलाओं को 1 लाख रुपये से अधिक की वार्षिक आय प्राप्त करने में मदद मिली है। इस सफलता का लाभ उठाते हुए, महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए, लक्ष्य को 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ लखपति दीदियों तक करने के लिए लक्ष्य का विस्तार किया गया है। बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र की उल्लेखनीय घोषणाएं की गईं। युवा लड़कियों के लिए सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण के प्रावधान और विभिन्न मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य योजनाओं के एकीकरण के माध्यम से निवारक स्वास्थ्य देखभाल पर ध्यान केंद्रित करना कमजोर समूहों की विशिष्ट स्वास्थ्य आवश्यकताओं को संबोधित करने की दिशा में एक धक्का का संकेत देता है।

लगभग 1.5 मिलियन आशा कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए आयुष्मान भारत योजना का विस्तार प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में इन फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार करता है।

अधिक मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए मौजूदा अस्पताल संरचनाओं का लाभ उठाएं, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर की कमी और चिकित्सा शिक्षा की बढ़ती मांग दोनों को संबोधित किया जाएगा। यह अप्रैल 2023 की पहल पर आधारित है, जब सरकार ने 1,570 करोड़ रुपये आवंटित करते हुए 157 नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना को मंजूरी दी थी, जिसमें केंद्र सरकार ने 1,016 करोड़ रुपये का योगदान दिया था।

## आप की बात

### स्वागत योग्य फैसला

**सुप्रीम कोर्ट** ने कोस्टगार्ड मामले में महिलाओं को परमानेंट कमिशन देने का फैसला सुनाया है। इस स्वागत योग्य फैसले से सुरक्षा ढांचे पर अब भी एक सीमा तक हावी पितृसत्तात्मक सोच दूर करने में सहायता मिलेगी। यह फैसला जेंडर न्यूट्रल पॉलिसी लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जब सेना में महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले बराबरी में कमीशन देने का निर्णय सुप्रीम कोर्ट पहले ही सुना चुका है तो फिर सरकार को इस मामले में स्वविवेक से काम लेते हुए महिलाओं को बराबरी का कमीशन दे देना था। भविष्य में अन्य क्षेत्रों में भी सभी तरह के लैंगिक भेदभाव खत्म कर महिलाओं और पुरुषों के बीच हर प्रकार से समानता स्थापित करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि यह मामला केवल याचिकाकर्ता तक सीमित नहीं है। इंडियन कोस्टगार्ड में पायलट के तौर पर 14 साल के कार्यकाल में याचिकाकर्ता ने समंदर में 300 जानें बचाईं। उनके खाते में 4500 फ्लाइंग आवर्स दर्ज हैं जो सशस्त्र बलों में महिला और पुरुष दोनों श्रेणियों में सबसे ज्यादा है। इसके बावजूद मामले का इतना लंबा खिंचना नौकरशाही हठवादिता का नतीजा है। सेना को पुरुष-वर्चस्व वाली इस गुलाम मानसिकता से भी मुक्ति पाने के लिए प्रयास करने होंगे।

-**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### हिमाचल में संकट

**हिमाचल** में कांग्रेस की सरकार बनने पर नेतृत्व बहुत खुश था। लेकिन राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग कर कांग्रेस विधायकों ने भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन को जिता दिया। कहा जाता है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कामकाज से उनके विधायक नाराज हैं। हिमाचल में पैदा संकट से कांग्रेस की छबि गिरी है। हालांकि, मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि हम पांच साल सरकार चला लेंगे, लेकिन फिलहाल यह मुश्किल लगता है। हो सकता है कि कांग्रेस हिमाचल प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन पर विचार करे, लेकिन इससे असंतोष थमने के बजाय और भड़क सकता है तथा गुटबाजी बढ़ सकती है। शायद कांग्रेस की गिरती हालत को देखते हुए उनके अपने लोग ही उसे झटका दे रहे हैं। कांग्रेस में बिखराव का अनुमान इससे भी लगाया जा सकता है कि असंतुष्टों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह तथा उनके बेटे व कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह शामिल हैं। भले ही विक्रमादित्य ने फिलहाल अपने इस्तीफे पर जोर न देने की बात कही है, पर उनकी पीड़ा इस तथ्य से स्पष्ट है कि कांग्रेस सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की मूर्ति लगाने के लिए दो गज जमीन तक देने से इनकार कर दिया था।

- **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### घटती जनसंख्या

**विकासशील** एवं गरीब देशों के लिए जहां बढ़ती आबादी सबसे बड़ी समस्या है, वहीं कुछ देश आबादी घटने से पीड़ित हैं। चीन, जापान व दक्षिण कोरिया के घरों से बच्चों की किलकारियां गुम होती जा रही है। जापान की जन्म दर लगातार आठवें वर्ष रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। जापान में घटती जन्म दर का एक प्रमुख पैतृक परंपरा है जिससे यहां विवाह के बाहर बच्चे के जन्म की कल्पना नहीं की जा सकती है। सर्वेक्षणों के अनुसार, कई युवा जापानी नौकरी की धूमिल संभावनाओं, वेतन की तुलना में तेज गति से बढ़ते रहन-सहन के खर्च तथा कॉर्पोरेट संस्कृति से निराश होकर शादी करने या परिवार बनाने से कतरा रहे हैं। यही हाल रहा तो अगले कुछ वर्षों में ही जापान को वृद्धों का देश घोषित कर दिया जायेगा। इसका प्रतिकूल असर व्यापार एवं औद्योगिक इकाइयों पर पड़ेगा। जापान पहले ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के दर्जे से गिर कर चौथे स्थान पर खिसक गया है। जन्म दर गिरने से यह स्थिति और खराब होगी। विकसित देशों में घटती जनसंख्या का समाधान विकासशील देशों से उपयुक्त श्रमबल को आमंत्रण देना है, लेकिन इसके बजाय उभरती तकनीकें श्रमबल की जरूरत ही समाप्त कर रही हैं।

- **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### गगनयान मिशन

**अंतरिक्ष** में खोज के उद्देश्य से भारत का गगनयान मिशन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो का महत्वपूर्ण कदम होगा। इसरो का गगनयान मिशन एक मानव अंतरिक्ष मिशन है जिसके अंतर्गत चार अंतरिक्ष यात्रियों को तीन दिनों के लिए अंतरिक्ष में भेजने की योजना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरिक्ष यात्रियों को व्योमनॉट कहा है। गगनयान मिशन के सफल होने पर भारत अंतरिक्ष में इंसान को भेजने वाला चौथा देश बन जाएगा। इसके पहले अमेरिका, सोवियत संघ और चीन ही इसमें सफलता प्राप्त कर सके हैं। हालांकि, कई दशक पहले राकेश शर्मा पूर्व सोवियत संघ के सहयोग से भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री बने थे। लेकिन इस बार भारत स्वयं अपने राकेट व अंतरिक्ष मोड्यूल से अंतरिक्ष यात्रियों को भेजेगा और वापस लाएगा। इसरो की इस परियोजना में भी रूस से व्यापक सहयोग मिला है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में अंतरिक्ष मोड्यूल का अवलोकन कर उसकी बारीकियां समझीं। इससे भारतीय वैज्ञानिकों में उत्साह भर गया है। उन्होंने कहा है कि विकसित भारत 2047 में चंद्रमा पर अपना अंतरिक्ष यात्री भी भेजेगा।

- **निखिल रस्तोगी,** लखनऊ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# गुरुग्राम के स्क्रैप कारोबारी की गोली मारकर हत्या, मां को किया घायल

### गुरुग्राम से संगरूर शादी में शामिल होने जा रहा था परिवार

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

**गोलियों** की तड़तड़ाहट से एक बार फिर रोहतक दहल गया। गुरुवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे लाखनमाजरा के एक होटल पर स्विफ्ट कार में सवार होकर आये बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। बदमाशों का टारगेट गुरुग्राम का स्क्रैप कारोबारी था जो अपने परिजनों के साथ होटल पर खाना खाने के लिए रुका था। वह अपने परिवार के साथ कार में सवार होकर पंजाब के संगरूर में जा रहा था। बदमाशों ने कारोबारी पर कई गोलियां दाग कर हत्या कर दी। वहीं बदमाशों ने दो गोली कारोबारी की मां को भी मारी जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई।

मृतक कारोबारी की पहचान गुरुग्राम के स्क्रैप व्यापारी 35 वर्षीय सचिन मुंजाल और उनकी घायल मां की पहचान दर्शना देवी के रूप में हुई है। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। गुरुग्राम की न्यू कॉलोनी निवासी दर्शना देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके 4 बच्चे हैं। 29 फरवरी की रात करीब 8 बजे वह अपने बेटे सचिन व पुत्रवधू मोनिका व दो पोतों के साथ कार में सवार होकर गुरुग्राम से संगरूर शादी में शामिल होने जा रहे थे। जींद-रोहतक रोड पर लाखनमाजरा के पास होटल में खाना खाने के लिए गाड़ी खड़ी कर दी। खाना खाकर जब सचिन होटल से निकला उसके पीछे वह और मोनिका बच्चों सहित आ रहे थे। खाना खाने के बाद जब वह गाड़ी में बैठे तो इसी दौरान वहां एक सफेद रंग की गाड़ी आई। जिसमें 2-3 युवक सवार थे। जो अपने हाथों में हथियार लिए हुए थे। इसी बीच उन्होंने सचिन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाना शुरू कर दी। जब उसने बेटे का बचाव किया तो आरोपियों ने उसके ऊपर भी गोलियां चला दी। गोली उसके बाएं पैर में जा लगी। हमलावर उसके बेटे का मोबाइल फोन लेकर अपनी गाड़ी में सवार होकर फरार हो गए। गोली लगने के कारण घायल दोनों मां-बेटों को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने सचिन को मृत घोषित कर दिया। हत्या के खिलाफ पुलिस ने देर रात तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या व हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। व्यापारी की मां दर्शना देवी ने किसी से रंजिश नहीं बताई है। अब पुलिस मृतक व्यापारी के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल से पता लगा रही है कि उसके पास किसी तरह की धमकी तो नहीं आई थी। हालांकि हमलावर मृतक का फोन साथ में ले गए। पुलिस को शक है कि सचिन का गुरुग्राम से ही पीछा किया जा रहा था। ऐसे में उसके मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है, ताकि वारदात का सुराग लग सके।



मृतक कारोबारी की कार में लगी गोलियों के निशान

## हरियाणा के गढ़ी में गोली लगने से हुई किसान शुभकरण की मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब के किसान शुभकरण की मौत के मामले को लेकर जहा कांग्रेस ने शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन ही सदन में हंगामा किया वही इस मामले में पटियाला के पातरा थाने में दर्ज जीरो एफआईआर के अनुसार शुभकरण को हरियाणा के जींद जिले के गढ़ी में सिर मे गोली लगीं थी। किसान शुभकरण सिंह की मौत का मामला पंजाब में गरमा चुका है। बजट सत्र के पहले दिन विपक्ष ने पंजाब सरकार को इस मामले में घेरा और जमकर हंगामा किया।

उधर, पटियाला के पातड़ां थाने में दर्ज जीरो एफआईआर में बड़ा खुलासा हुआ है। एफआईआर के मुताबिक शुभकरण सिंह को गोली हरियाणा के जींद में लगी है। किसान आंदोलन में 21 फरवरी को नौजवान शुभकरण को हरियाणा के जिला जींद के गढ़ी में सिर में गोली लगी थी। इस मामले में बुधवार देर रात पटियाला पुलिस में दर्ज एफआईआर में यह खुलासा हुआ है। हरियाणा का जींद जिला पंजाब के खनौरी के नजदीक पड़ता है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक किसी भी वारदात संबंधी शिकायत मिलने पर जीरो एफआईआर किसी भी पुलिस स्टेशन में दर्ज की जा सकती है। चाहे फिर संबंधित वारदात या घटना उस थाने के अंतर्गत हुई है या नहीं। अब पटियाला के थाना पातड़ां में दर्ज जीरो एफआईआर के मुताबिक शुभकरण के सिर में गोली हरियाणा के जींद में लगी है। पिता चरनजीत सिंह ने पातड़ां पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बेटा शुभकरण उनसे केवल पांच कदम आगे था, जब हरियाणा की तरफ से चलाई गोली उसके सिर में पीछे की तरफ लगी। गोली लगते ही वह नीचे गिर गया और तुरंत उसे एंबुलेंस में डालकर अस्पताल ले जाया गया लेकिन एक घंटे के बाद ही उन्हें सूचना मिली कि शुभकरण की मौत हो गई है।

पिता के बयान के मुताबिक 21 फरवरी की सुबह करीब 11 बजे बड़ी संख्या में आंदोलनकारी किसानों ने बैरिकेड पार करके दिल्ली कूच करने की कोशिश की। उन्हें रोकने के लिए हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। इसी बीच किसान नेताओं से मिली हिदायत पर किसान 100-150 मीटर पीछे गए और पास के खेतों में खड़े थे लेकिन पुलिस ने फायरिंग की।तुरंत किसान मुड़कर अपनी ट्रालियों की तरफ भागे। इसी बीच जब शुभकरण अपने पिता से करीब पांच कदम आगे था तो उसके सिर में गोली लगी। एफआईआर में पुलिस ने रबड़ बुलेट, पैलेट या फिर गोली लगने से शुभकरण की मौत की बात कही है। फिलहाल शुभकरण की पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है।

## संक्षिप्त समाचार

### केबिनेट मंत्री कंवर पाल ने अपने कार्यालय पर सुनीं जन समस्याएं



**यमुनानगर।** हरियाणा के केबिनेट मंत्री कंवरपाल ने शुक्रवार को अपने जगाधरी कार्यालय में जनता दरबार में समस्याओं का समाधान करते हुए कई लोगों को मौके पर सहायता प्रदान की। उन्होंने ज्यादातर समस्याओं का तत्परता से और संवेदनशीलता के साथ हल किया, जिससे लोगों को आस्था मिली है कि उनकी समस्याएं ध्यान से सुनी जा रही हैं। इसके अलावा, कुछ गंभीर शिकायतों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित दिशा निर्देश दिए, जिससे उन समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द हो सके। कैबिनेट मंत्री कंवर पाल अपने समर्पण से जनता के लिए सेवाएं प्रदान करते हुए अपने कार्यालय में जनता दरबार को नियमित रूप से संचालित कर रहे हैं, जिससे लोगों का सीधा संपर्क मंत्री से होता है। इससे लोगों का सरकार के प्रति विश्वास और बढ़ रहा है। केबिनेट मंत्री कंवर पाल ने प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही चहुंमुखी विकास को बढावा देने पर बल दिया गया है और अंत्योदय की भावना से हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार का यही प्रयास रहा है कि विकास के मामले में प्रदेश के किसी भी क्षेत्र को अछूता नहीं रहने दिया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो वादे किए हैं, उन्हें अवश्य पूरा किया जाएगा। हरियाणा की सरकार ने विकास की दृष्टि से नए-नए आयाम स्थापित किए हैं, जिसमें मनोहर सोच और मनोहर विजन का महत्वपूर्ण योगदान है। कंवरपाल ने कहा कि लोगों ने हलके की बागडोर इसलिए दी कि मैं उनकी समस्याओं का समाधान कर सकें और मेरा भी दायित्व बनता है कि मैं लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करके लोगों की समस्याओं का समाधान करवा सकूं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक कार्यों व समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता के आधार पर लिया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विपुल गर्ग, महामंत्री प्रियंका शर्मा, भाजयुमो के जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष राहुल गढ़ी, भाजपा मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग, पीयूष गोगियान उपस्थित रहे।

### राजस्व अधिकारी स्वैच्छिक बकाएदारों से वसूली तेज करें




**जालंधर।** डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल ने आज राजस्व अधिकारियों को जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों से वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए और कहा कि इस काम में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वित्त कमिश्नर राजस्व (एफसीआर) की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लेने के बाद डिप्टी कमिश्नर ने राजस्व अधिकारियों को एफसीआर द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए। डिप्टी कमिश्नर ने वसूली, राजस्व रिकार्ड अपडेट करने, ई-कोर्ट प्रबंधन प्रणाली, लंबित इंतकाल, राजस्व मामले, विभिन्न स्तरों पर राजस्व रिकॉर्ड जांच सहित अन्य कार्यों का भी जायजा लिया। श्री सारंगल ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि वसूली को प्राथमिकता दी जानी चाहिए ताकि राज्य सरकार का राजस्व बढ़ सके। डिप्टी कमिश्नर ने सब डिविजनल मैजिस्ट्रेट (एसडीएम) को वसूली से संबंधित मामलों की निजी तौर पर निगरानी करने के लिए भी कहा ताकि प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को जिले में लंबित इंतकाल की प्रक्रिया में तेजी लाने के भी निर्देश दिए ताकि लोगों को इन सेवाओं का लाभ उचित और समय पर मिल सके। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि लंबित इंतकालो का निपटारा पदाधिकारी जल्द से जल्द करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से कहा कि वे पूरे राजस्व रिकार्ड को अपडेट करें और ई-कोर्ट प्रबंधन प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करें। उन्होंने एस.डी.आर.एफ अधीन प्राप्त राशि की बांट एवं उपयोग का जायजा लेते हुए जमाबंदी स्थिति की भी समीक्षा की।

### विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट बांटे व बेस्ट एथलीट सम्मानित किये



**करनाल।** राजकीय महाविद्यालय घरौंडा में 42 वी दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ओपनिंग में सुरेंद्र कुमार पूर्व प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय घरौंडा ने शिरकत की। प्राचार्य महेंद्र सिंह बागी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि सुरेंद्र कुमार ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को खेल से जुड़ने की बात कही और शारीरिक रूप से और मानसिक रूप से फिट रहने को कहा। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को खेल के माध्यम आगे बढ़ने की बात कही खेलों के माध्यम से ही हम अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। खेल एक ऐसा माध्यम है जो हमारा सर्वांगीण विकास करता है। मुख्य अतिथि ने समापन अवसर पर विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट बांटे व बेस्ट एथलीट को सम्मानित किया। वीरभान शर्मा गांव बालू ने भी इस खेलकूद प्रतियोगिता में शिरकत की और विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। मंच संचालन सुमन लता ने किया। इस अवसर पर जसमेर सिंह गुलिया, गुरनाम सिंह, डॉ. देवेंद्र कुमार, सुनील शर्मा, सुरेश शर्मा, राकेश शर्मा, अंकित राज, मुकेश कुमार, शुभम शर्मा, सुनील शर्मा, विकास रमन, अंजू बाला, गीता, नीतू, दीपिका, श्वेता खेड़ा, अंजू चौधरी, गुरमीत सैनी, बलबीर सैनी, सुभाष सुखराज आदि प्रोफेसर व महाविद्यालय का नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहा।

### वॉलीबॉल टूर्नामेंट शुरू



**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में तीन दिवसीय ऑल इंडिया इंटर एनआईटी वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। इस राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल टूर्नामेंट में देश के विभिन्न एनआईटी संस्थानों से लड़कों के वर्ग में 20 टीमों और लड़कियों के वर्ग में 15 टीमों ने भाग लिया। स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में चल रहे वॉलीबॉल के मैचों में सभी टीमों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी व दर्शकों को रोमांच से भर दिया। इस प्रतियोगिता की शुरूआत में दर्शकों के जोश ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। खेले गए मैचों में एनआईटी कुरुक्षेत्र की टीम ने एनआईटी सिलचर को हराया। खेले गए अन्य मैचों में एनआईटी जालंधर, एनआईटी त्रिची, एनआईटी भोपाल विजेता रहीं। लड़कियों के वर्ग में खेले गए मैचों में एनआईटी सूरत्काल की टीम ने एनआईटी पुडुचेरी को पराजित किया। दूसरी ओर एक रोमांचक मैच में एनआईटी भोपाल की टीम ने एनआईटी नागपुर की टीम को हराया। टूर्नामेंट के आखिरी दिन यानि रविवार को अव्वल रही टीमों के मध्य वॉलीबॉल प्रतियोगिता का सेमी फाइनल और फिर फाइनल मैच खेला जाएगा। इस अवसर पर एनआईटी संस्थान के डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रोफेसर दीक्षित गर्ग, शारीरिक शिक्षा और खेल के प्रोफेसर इनांर्ज डॉ. पीसी तिवारी, स्टुडेंट एक्टिविटी एंड स्पोर्ट्स ऑफिसर शाहबुद्दीन, डॉ. पंकज वर्मा, डॉ. गौरव सैनी, प्रो. अमित कुमार समेत शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारीख छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज की छात्रा ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम में जीता स्वर्ण पदक

### गुवाहाटी असम में 25 से 28 फरवरी तक आयोजित हुई प्रतियोगिता

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

**गुवाहाटी,** असम में 25 से 28 फरवरी तक खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम का आयोजन किया गया। इसमें गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज की बीए की छात्रा तन्नू गुलिया ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की टीम से खेलते हुए तलवारबाजी में स्वर्ण पदक जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज प्रांगण में छात्रा का खेल समिति द्वारा स्वागत किया गया।

प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने मिठाई खिलाकर छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि नामुमकिन कुछ भी नहीं है, यदि हम दृढ़ निश्चय के साथ कोई कार्य करते है तो सफलता निश्चित ही मिलती है। इसके लिए कई अवरोध भी हमारे जीवन में आते हैं, लेकिन हमें उस समय और अधिक मेहनत करनी चाहिए और अपने मन को विचलित नहीं होने देना चाहिए।

छात्रा तन्नू गुलिया के पिता ने बताया कि उनका गांव निडाना है। वह स्वयं किसान और तन्नू की माता गृहणी है। तन्नू ने नौ वर्ष की आयु से खेलना प्रारंभ किया और लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर अपनी सफलता की उड़ान जारी रखे हुए है। इस मौके पर डॉ. अंजू शर्मा, डॉ. धर्मवीर भारद्वाज, डॉ. तरुण वत्स, डॉ. सुखदेव शर्मा, डॉ. कपिल कौशिक, आशु शर्मा, तन्नू गुलिया के पिता राकेश गुलिया आदि मौजूद रहे।



खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी के साथ कॉलेज प्राचार्य एवं खेल समिति सदस्य

## केएमवी द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कर मनाई गई महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती

**पायनियर समाचार सेवा।** जालंधर

**भारत** की विरासत एवं ऑटोनॉमस संस्था, कन्या महा विद्यालय,जालंधर में महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में युगपुरुष स्वामी दयानंद सरस्वती के आदर्शों का प्रथम साकार रूप कन्या महा विद्यालय विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चंद्रमोहन, प्रधान, आर्य शिक्षा मंडल मुख्यातिथि के रूप में सहभागी हुए। प्रो. सुधीर कुमार, डीन स्कूल का संस्कृत एंड इंडिक स्टडीज़, जवाहरलाल नेहरु यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली मुख्य स्रोत वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। प्रोग्राम की अध्यक्षता आलोक सोंधी, जनरल सेक्रेटरी, केएमवी मैनेजिंग कमेटी द्वारा की गई। इसके साथ ही इस अवसर पर केएमवी मैनेजिंग कमेटी के कोषाध्यक्ष ध्रुव मित्तल एवं सदस्य सुशीला भगत ने विशेष अथिति के रूप में उपस्थित हुए। इसके अलावा विद्यालय मैनेजिंग कमेटी के सदस्य डॉ. सतपाल गुप्ता एवं डॉ. कमल गुप्ता के साथ-साथ कुंदन लाल अग्रवाल एवं ज्योति सगी ने भी अपनी शिरकत के साथ प्रोग्राम की शोभा को बढ़ाया। वैदिक मंत्रोच्चार में ज्योति प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय प्राचार्या प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने सभी अतिथियों का अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए उन्हें आर्य समाज और कन्या महा विद्यालय के सांझे सामाजिक संकल्पों तथा आदर्शों से परिचित करवाया। दयानंद सरस्वती जी के आदर्शों एवं प्रेरणाओं के प्रथम साकार रूप कन्या महा विद्यालय के संघर्ष, राष्ट्र प्रेम एवं उसकी अद्यतन अकादमिक उपलब्धियों को उन्होंने पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद जी के आदर्शवादी मार्ग पर चलते हुए 1886 के अपने स्थापना काल से लेकर निरंतर कन्या महा विद्यालय अपने स्वर्णिम अतीत एवं शानदार वर्तमान के साथ छात्राओं वैश्विक शिक्षा प्रदान कर रहा है।



## कांग्रेस सरकार बनने पर 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी



**करनाल।** घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत विकास कालोनी में परमजीत भारद्वाज की ओर से सभा का आयोजन किया गया। सभा करने के बाद कांग्रेस नेताओं ने लोगों ने कालोनीवासियों को घर-घर जाकर कांग्रेस के संकल्प पत्र सौंपे। इन संकल्प पत्रों को कांग्रेस की सरकार बनते ही पूरा किया जाएगा। अभियान प्रभारी प्रदीप मान ने कहा कि अभियान को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला। त्रिलोचन सिंह, अशोक खुराना व उषा तुली ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों का राशन छीनने का काम किया है। प्रोप्र्टी आईडी और फेमिली आईडी के नाम पर लोगों को दुखी करने का काम किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर छह हजार रुपए महीना पेंशन दी जाएगी। 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में उपलब्ध करवाया जाएगा। हरियाणा को नशा मुक्त व अपराध मुक्त बनाया जाएगा। अंशुल लाठर, रानी कांबोज व राजिंद्र पप्पी ने कहा कि कांग्रेस हरियाणा में पुरानी पेंशन स्कीम लागू करेगी। इस अवसर पर मुकुल वर्मा, अमन शर्मा, विनोद शर्मा, राजिंद्र पप्पी, गगन मेहता, रूपिंद्र रिंकु, बलवान पठान, इंद्र, जितेंद्र भारद्वाज, रमेश व विनोद आदि मौजूद रहे।

## कार एंड बाइक अवार्ड्स 2024 में हुंडई वर्ना और रॉयल एनफील्ड हिमालयन को शीर्ष सम्मान मिला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**2024** कार और बाइक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 27 फरवरी, 2024 को सोफिटेल बीकेसी, मुंबई में आयोजित किया गया। अपने 19वें संस्करण में, साल 2023 में लॉन्च होने वाली सर्वश्रेष्ठ कारों और बाइक का जश्न मनाते हुए, हुंडई की बिल्कुल नई सेडान वर्ना और रॉयल एनफील्ड की एडवेंचर बाइक, नई हिमालयन ने सबसे अधिक स्कोर प्राप्त किए। कार और बाइक के लिए 7 सदस्यीय जूरी, जिसमें carandbike.com संपादकीय टीम के वरिष्ठ ऑटोमोटिव पत्रकार और बाहर के ऑटोमोटिव विशेषज्ञ शामिल थे, जिन्होंने मिलकर इस प्रक्रिया में वोट किया। विजेताओं को एक विस्तृत और परिष्कृत मूल्यांकन कार्यक्रम के आधार पर चुना गया था जिसमें दो दिनों तक मद्रास इंटरनेशनल सर्किट पर इन वाहनों का अनुभव करना शामिल था, जिसके बाद एक प्रोपराइटर स्कोरिंग और वोटिंग प्रक्रिया, जिसे डायवर्जेंट इंसाइट्स, भारत की एक प्रसिद्ध, स्वतंत्र बाजार अनुसंधान और विश्लेषण फर्म द्वारा मान्य और ऑडिट किया गया था।

गिरीश कारकेरा, कार और बाइक के संपादक मुख्य ने कहा "कार और बाइक पुरस्कार नए कारों और बाइकों के बीच सबसे अच्छे को मान्यता और सम्मान देते हैं, जिन्हें एक वर्ष की अवधि में लॉन्च किया जाता हैं। वर्ष 2023 ऑटोमोटिव उद्योग के लिए एक बहुत रोचक वर्ष था, जिसमें चार-पहिया क्षेत्र में और दोपहिया क्षेत्र में कुछ अग्रणी लॉन्च हुए। इसके अलावा, एक बहुत ही मुश्किल वर्ष में रिकॉर्ड बिक्री संख्याएं देखने को मिली। ऑटोमोटिव उद्योग के प्रयासों को स्वीकार करने के लिए, इस वर्ष के जूरी सदस्यों ने सर्वश्रेष्ठ का निर्धारण करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। हमेशा की तरह, हमने हमारे ज्यूरी और हमारे ऑडिट साथियों की मदद से हमारे शीर्ष चयनों को न्यायात्मक तरीके से समर्थन देने के लिए एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाया। सभी विजेताओं को मेरी शुभकामनाएं। ट्रॉफी वितरण समारोह की शोभा बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ श्री तपनसिंघेल, जो शानदार पुरस्कार समारोह के टाइटल पार्टनर भी थे, जिसमें भारतीय ऑटोमोटिव समुदाय ने भाग लिया है।



## इंडिया गठबंधन करेगा भाजपा का सूपड़ा साफ

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि कुरुक्षेत्र से हरियाणा और भारत में युग परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का किसान परेशान है। प्रधानमंत्री मोदी को उनका वायदा याद दिलाने के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री ने भारत पाकिस्तान बॉर्डर से भी ज्यादा बाड लगा दिए। आंसू गैस के गोले चलवा रहे हैं और गोली चलवा रहे हैं। भाजपा सरकार ने किसानों को एक साल से ज्यादा समय तक बॉर्डरों पर बैठा कर रखा। 750 से ज्यादा किसानों ने शहादत दी। किसान एमएसपी के लिए भाजपा सरकार की गोलियां खा रहा है और किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं।

## ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ने लागू किया अपना नया इंग्लिश लैंग्वेज टेस्टिंग प्लैटफॉर्म

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**अंग्रेजी** भाषा के मूल्यांकन के लिए सबसे बड़ा नाम, ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ने आज अपने ग्लोबल ब्राण्ड कैम्पेन के लॉन्च की घोषणा की है। ऐसा करके वो अपने तेजी से बढ़ते, विश्व-स्तरीय टेस्टिंग प्रोडक्ट्स-ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी डिजिटल तथा ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ग्लोबल को सहयोग दे रहे हैं। ये अनूठे लैंग्वेज टेस्टिंग प्रोडक्ट्स विदेश में उच्च शिक्षा पाने की चाहत रखने वाले भारतीय विद्यार्थियों की बदलती जरूरतों को पूरा कर कर रहे हैं। उन्हें सुनने, लिखने और बोलने के कौशल का मूल्यांकन करने के लिए एक सुरक्षित तथा भरोसेमंद माध्यम प्रदान कर रहा है। यह यूके, यूएसए, ऑस्ट्रेलिया तथा कनाडा में 120+ विश्वविद्यालयों से

OXFORD ELLT

मान्यताप्राप्त तथा मान्य है, जिनमें ब्रिस्टल विश्वविद्यालय, यॉर्क विश्वविद्यालय, ग्लासगो विश्वविद्यालय, एडिनबर्ग विश्वविद्यालय, हर्टफोर्डशायर विश्वविद्यालय, और नियाग्रा फॉल्स विश्वविद्यालय, कनाडा, शामिल हैं। मूल्यांकन के लिए ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी के भारत में 10 टेस्ट सेंटर्स काम कर रहे हैं और जल्द ही कई और भी लॉन्च होने वाले हैं।

डॉ. अमित उपाध्याय, रीजनल डायरेक्टर-भारत तथा दक्षिण एशिया, ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ने कहा कि, ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी विद्यार्थियों को लैंग्वेज टेस्टिंग का अनूठा और भरोसेमंद हल देकर उनके शैक्षिक सफर में सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी डिजिटल और ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ग्लोबल की शुरूआत के साथ, हम विदेशों में उच्च शिक्षा चाहने वाले भारतीय विद्यार्थियों के लिए सुलभता की की कमी दूर करने के साथ-साथ बेहतरीन अवसर उपलब्ध कराना चाहते हैं। अत्याधुनिक एआई तकनीक और शैक्षिक समावेश के संकल्प के माध्यम से, हम विद्यार्थियों को एक ऐसा प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना चाहते हैं जो उन्हें लचीलापन, विश्वसनीयता और मन की शांति प्रदान कर सके। ये नए प्रोग्राम शैक्षिक सफर में विद्यार्थियों को सहयोग देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन है जो स्टूडेंट्स को आत्मविश्वास के साथ अपना लक्ष्य पाने में सशक्त बना रहा है।

ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी के लैंग्वेज टेस्टिंग उत्पादों में पढने, सुनने, लिखने और बोलने के मॉड्यूल्स शामिल हैं।

## पंजाब के एक स्टार्ट-अप का अद्भुत आविष्कार देखिये केवल हिस्ट्री टीवी18 पर

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**चंडीगढ़** का एक नया लॉन्च हुआ स्टार्ट-अप 80वॉश, सफाई की अभूतपूर्व तकनीक पेश करता है और कपड़े धोने के बारे में हमारे सोचने के तरीके को फिर से परिभाषित करने का वादा करता है। यह अत्याधुनिक मशीन बैक्टीरिया को खत्म करने के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी-आधारित माइक्रोवेव का उपयोग करती है और दाग हटाने के लिए सूखी भाप का उपयोग करती है, जिससे केवल 80-सेकंड के चक्र में उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त होते हैं। पानी की बर्बादी और रासायनिक डिटर्जेंट के पर्यावरणीय प्रभाव दोनों ही मुद्दों पर काम करने वाले इस नवोन्वेषी उपकरण की कहानी देखिए ओएमजी ये मेरा इंडिया के चौथे एपिसोड में, जिसका प्रीमियर होगा इस सोमवार, 4 मार्च को रात 8 बजे, केवल हिस्ट्रीटीवी18 पर। इस पाथब्रेकिंग अरिजनल फैक्चूअल एंटेरटैनमैंट सीरी का लैंडमार्क दसवां सीजन भी हर सोमवार रात 8 बजे दर्शकों का मनोरंजन करते हुए उन्हें प्रेरणा देने के वादे को निभा रहा है और ऐसे व्यक्तियों की दिलचस्प कहानियाँ प्रस्तुत कर रहा है जिन्होंने अपनी अनोखी प्रतिभा, सामाजिक प्रभावी पहल, प्रौद्योगिकी, नवाचार, रिकॉर्ड तोड़ कारनामों, अनोखी रूचियों और दिलचस्पी के साथ समाज में नई लहर पैदा की है। रूबल गुप्ता, नितिन कुमार सलूजा और वरिंदर सिंह द्वारा स्थापित 80वॉश ने एक पेटेंटेड आईएसपी स्टीम तकनीक विकसित की है, जिसमें पानी और ढेर सारे रासायनिक डिटर्जेंट की प्रचुर मात्रा पर निर्भरता वाले पारंपरिक तरीके से विपरीत कपड़ों को प्रभावी ढंग से साफ करने के लिए गैर-आयनीकृत किरणों के साथ सूखी भाप का इस्तेमाल होता है। एक बार में पांच कपड़ों को धोने के लिए केवल आधा कप पानी की आवश्यकता होती है और डिटर्जेंट बिल्कुल नहीं चाहिए होता। जबकि पारंपरिक वाशिंग मशीनें प्रति लोड में 75 लीटर तक पानी की खपत करती हैं। जल संरक्षण में क्रांति लाने वाले इस अद्भुत आविष्कार को देखिए इस सोमवार रात 8 बजे 'ओएमजी ये मेरा इंडिया' में। चंडीगढ़ के इस आशाजनक आविष्कार से उत्साहित हो जाइए जो एक बड़ा प्रभाव डाल सकता है।



# ओबीसी समाज को भाजपा सरकार ने दिलाया हक : संदीप सिंह

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



कार्यक्रम में मौजूद करण देव कंबोज एवं राज्य मंत्री संदीप सिंह।

**भारतीय** जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की ओर से गांव रुआं में सामाजिक समरसता सम्मेलन आयोजित किया गया। विधानसभा मंडल स्तर पर हुए इस कार्यक्रम में राज्य मंत्री संदीप सिंह एवं ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष पूर्व मंत्री करण देव कंबोज सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व स्तर पर भारत की साख बढ़ाई है। भारतीय पासपोर्ट की वैल्यू विश्व में कितनी बढ़ी है। इसका अंदाजा वही लगा सकता है। जो विदेश में रहा हो। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले रही सरकारों के प्रधानमंत्री खिलाड़ियों के जीतने के बाद उन्हें फोटो खिंचवाने के लिए बुलाते जरूर थे। लेकिन उन्हें पहचानते तक नहीं थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के ऐसे नेता हैं। जिन्हें जुबानी सभी खिलाड़ियों के नाम तक याद हैं और उनके मोटिवेशन की बदौलत खिलाड़ी किसी भी हार से हताश होने की बजाय दोगुनी ताकत से उसे जीत में बदल रहे हैं। ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष करण देव कंबोज ने कहा कि कांग्रेस ने पिछड़ा वर्ग को हमेशा भीड़ जुटाने का जरिया समझा। ओबीसी आयोग के गठन की मांग को लेकर कई बार आंदोलन चलाए गए। लेकिन कांग्रेस ने बिना पावर के आयोग गठित कर इसे संवैधानिक दर्जा नहीं दिया। 2017 के बाद लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिल पास करके पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ओबीसी समाज के बच्चों के मेडिकल व केंद्रीय विद्यालयों में दाखिलों एवं भर्तियों में उन्हें लाभ पहुंचाने के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान तय किया। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर ओबीसी समाज के बच्चों को 10 प्रतिशत आरक्षण इस सरकार ने दिया। सम्मेलन को जिलाध्यक्ष रवि बतान, अध्यक्ष फूल सिंह पाल आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मंडल प्रधान राकेश पुरोहित, सरपंच सुरेंद्र अंटवाल, ओबीसी मोर्चा से बलजिंदर कश्यप, जिला महामंत्री जसविंदर सैनी, रामकिशन दुआ, धूमंतू जाति बोर्ड चेयरमैन जय सिंह पाल आदि मौजूद रहे।

## पंजाब विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन ही हंगामा

### राज्यपाल को अभिभाषण नहीं पढ़ने दिया

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत पर ही शुक्रवार को मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने हंगामा कर दिया। राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित को अभिभाषण नही पढ़ने दिया गया। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राजा वडिंग और प्रताप सिंह बाजवा ने किसान शुभकरण की मौत पर पंजाब सरकार को घेरा। विपक्ष ने जीरो एफआईआर दर्ज करने का मुद्दा उठाया और सरकार से इस मामले पर जवाब देने की मांग की।

दोनों नेताओं ने राज्यपाल से कहा कि अभिभाषण शुरू होने से पहले पहले दो मिनट का मौन रखा जाए। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रताप सिंह बाजवा से अभिभाषण शुरू होने देने की अपील की। इसके बाद शोरगुल और नारेबाजी के बीच राज्यपाल ने अपना अभिभाषण शुरू किया। कुछ देर में कांग्रेस सदस्य वेल में पहुंचे। विपक्ष ने हरियाणा के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री पर शुभकरण की मौत के लिए मुकदमा दर्ज करने की मांग की। विपक्ष ने एफआईआर में हरियाणा के मंत्री और पुलिस कर्मियों को नामजद करने की मांग उठाई। राजा वड़िंग ने कहा कि अभी सिर्फ एक एफआईआर हुई है। किसान प्रीतपाल पीजीआई में भर्ती है। उनके मामले में अभी तक कोई कर्रवाई नहीं की गई है। कांग्रेस विधायकों ने वेल में सरकार के खिलाफ नारेबाजी। इस पर राज्यपाल ने कहा कि मैं आपकी नाराजगी और गुस्से को समझ सकता हूं लेकिन आपको अपनी बात रखने का समय मिलेगा। कांग्रेस व शिअद नेताओं ने पंजाब और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और हरियाणा के मुख्यमंत्री पर मामला दर्ज करने की मांग की।

राज्यपाल ने नारेबाजी के बीच अपना अभिभाषण खत्म किया। वे कुछ मिनट ही बोल सके। सदस्यों का सत्र में स्वागत संबंधी लाइन पढ़ने के बाद राज्यपाल ने अभिभाषण पढ़ा हुआ समझा जाए कहकर अपना अभिभाषण समाप्त किया।

## हरियाणा की महानिदेशक आशिमा बराड़ ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। पानीपत

**न्याय** एवं अधिकारिता अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, हरियाणा की महानिदेशक आशिमा बराड़ ने शुक्रवार को प्रदेश के सभी अतिरिक्त उपायुक्तों, एसडीएम, तहसीलदारों और बीडीपीओ के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर डॉ.बी.आर.अम्बेडक़र आवास नवीनीकरण योजना को सुचारू रूप से परिपालित करने को लेकर योजना की बेसिक जानकारी मुहैया कराते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि योजना पर पूरी निगरानी अधिकारियों द्वारा बरती जायेगी। महानिदेशक ने कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान राज्य भर के संबंधित विभागों के अधिकारियों से योजना को लेकर आ रहे संशय भी दूर किये व वाहट्शप ग्रुप बना कर इस योजना को ठीक से समझने व पात्रों का शीघ्रता से लाभ पहुंचाने के लिए कहा। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने आश्वासन दिया की वे योजना को लेकर गंभीर है व इस योजना से जुड़े पात्रों की वैरिफिकेशन का कार्य शीघ्रता से किया जायेगा।

वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने कहा कि डॉ.बी.आर.अम्बेडक़र आवास नवीनीकरण योजना के पात्रों का 4 मार्च तक अधिकारी फिल्ड में जाकर वैरिफिकेशन करेंगे व इस बात को सुनिश्चित करेंगे योजना से जुड़े पात्र लोग किसी भी तरह से योजना के लाभ से वंचित ना रहें। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को आग्रह किया की वे वैरिफिकेशन में किसी भी तरह की लापरवाही ना करें। आवास नवीनीकरण योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है।

## थानेसर हल्का के गांवों का विकास करने के लिए सरकार ने खर्च किया करोड़ों का बजट : सुधा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर हल्का के गांवों का विकास करने के लिए सरकार ने पिछले 9 वर्षों में कई 100 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया है। इस बजट से गांवों में सडके, नालियां, पीने का पानी, तालाबों की सफाई सहित अन्य विकास कार्य करवाए है।

इस हल्का में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से विकास कार्यों के लिए कभी भी अनुदान राशि की कमी नहीं आने दी गई। इस हलका में गावों का विकास शहरों की तर्ज पर किया जा रहा है। विधायक सुभाष सुधा शुक्रवार को गांव समसपुर और मुंडा खेड़ा में आयोजित कार्यक्रमों में बोल रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के कार्यकारी अभियंता सतीश बांगड़, भाजपा के मंडल अध्यक्ष रमेश सैनी, रामकुमार, समसपुर सरपंच मनोज गुर्जर, मुंडा खेड़ा सरपंच सोहन सिंह ने विधिवत रुप से बगथला से डेरा बाजीगर रोड तथा इंदबड़ी से मुंडा खेड़ा सडक की रिपेयर और निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि एचएसएएमबी की तरफ से गांव समसपुर में बगथला रोड से डेरा बाजीगरां तक करीब एक किलोमीटर सडक की विशेष मुरम्मत के कार्य पर 31 लाख 56 हजार रुपए राशि खर्च की जाएगी। इसी तरह लिंक रोड इंदबड़ी से मुंडा खेड़ा तक करीब 1.10 किलोमीटर सडक की विशेष मुरम्मत पर 33 लाख 16 हजार रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इन सडकों की निर्माण सामग्री की गुणतवा पर विशेष फोकस रखने के आदेश अधिकारियों को दिए गए है। इस मौके पर लंगरु राम, महेंद्र राम, चुन्नी लाल, ओमप्रकाश, दीवान चंद, जोगिंद्र, बाबु राम, बुटा राम आदि मौजूद थे।

## बैंक व डाकघर जन-जन तक पहुंचाएंगे मतदान है जरूरी का संदेश

**पानीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भारतीय चुनाव आयोग ने बड़े कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने भारतीय बैंक संघ(आईबीए) व डाक विभाग के साथ दो एमओयू साइन किये हैं। चुनाव का उद्देश्य लोगों को मतदान को लेकर अधिक से अधिक जागरूक करना है। इसके साथ ही डाक विभाग की मदद से आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। भारतीय चुनाव आयोग पंजीकृत मतदाताओं को सौ फीसद वोटिंग के लिए जागरूक करने की दिशा में कार्य कर रहा है। चुनाव आयोग की तरफ से प्राप्त जानकारी के अनुसार आईबीए द्वारा उपभोक्ताओं अवेयर किया जाएगा।

## श्रद्धेय प्रकाश लाल को जन्म जयंती पर योग जागरूकता प्रभात फेरी निकाल कर दी पुष्पांजलि

### अद्वितीय गुणों की खान थे श्रद्धेय प्रकाश लाल : गुलशन ग्रोवर

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



जयंती पर श्रद्धेय प्रकाश लाल को पुष्पांजलि अर्पित करते भारतीय योग संस्थान के साधक

**भारतीय** योग संस्थान दिल्ली के संस्थापक श्रद्धेय स्वर्गीय प्रकाश लाल की जयंती पूरे भारतवर्ष में ही नहीं, विदेशों में भी बड़ी श्रद्धा, प्रेरणा एवं हर्षोल्लास के साथ विभिन्न योग कार्यक्रम आयोजित करके मनाई गई। संस्थान की केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा देश की सभी प्रांतीय व विदेशी इकाइयों को श्रद्धेय प्रकाश लाल जी का प्रकाश उत्सव प्रेरणा दिवस के रूप में प्रत्येक योग साधना केंद्र पर भव्य कार्यक्रम आयोजित करके मनाने के निर्देश दिए गए हैं। संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई द्वारा प्रदेश भर में स्थापित अपने सभी निशुल्क योग साधना केंद्रों पर प्रकाश पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान प्रांतीय इकाई के आह्वान पर सभी योग साधना केन्द्रों पर योग साधना के साथ-साथ मधुमेह रोग निवारण शिविरों के अतिरिक्त योग से संबंधित कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक जिले द्वारा कुछ नए योग साधना केन्द्र स्थापित कर श्रद्धेय प्रकाश लाल को समर्पित किये जाएंगे। संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने श्रद्धेय प्रकाश लाल के जीवन, चरित्र और विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एकनिष्ठ राष्ट्रभक्त, सच्चा समाजसेवी, आत्मस्वाभिमानी, दृढ़ निश्चयी, अनुशासन प्रिय बताते हुए अनेक अद्वितीय मानवीय गुणों की खान बताया। उन्होंने बताया कि वे सभी साधकों विशेष कर मातृशक्ति का बहुत अधिक सम्मान करते थे और अपना संबोधन पूजनीय मातृशक्ति से ही आरंभ करते थे।

## प्रधानमंत्री युवा स्कीम में चयनित होकर सरताज सिंह ने किया हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र




**जिला** के गांव सलपानी कलां के निवासी सरताज सिंह पुत्र गुरनाम सिंह के द्वारा हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला को अपनी प्रधानमंत्री युवा पुस्तक भेंट की। सरताज सिंह को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री युवा स्कीम के माध्यम से देश के 75 उत्कृष्ट युवा लेखकों में चुना गया था, जिसमें सरताज को तीन लाख का नकद पुरस्कार व एक पुस्तक लिखने का अवसर दिया गया।

यह पुस्तक भारत की आजादी के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित है। इस पुस्तक को नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री द्वारा लांच किया गया है। सरताज सिंह हरियाणा का एकमात्र युवा लेखक है, जो इस योजना द्वारा चुना गया है। उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला चौटाला ने कहा कि यह हरियाणा प्रदेश के लिए बड़े ही गर्व की बात है कि सरताज सिंह हरियाणा से एकमात्र युवा लेखक के रूप में प्रधानमंत्री युवा स्कीम में चयनित हुआ है।

आज सरताज सिंह हरियाणा के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। सरताज सिंह द्वारा यह पुस्तक पंजाबी भाषा में लिखी गई हैं। उन्होंने युवाओं को अपील करते हुए कहा कि वे सरताज सिंह से प्रेरणा लेकर नशे की लत से दूर रह कर शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रयास करे। इससे निश्चित तौर पर आने वाले समय के अंदर देश प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होता हुआ विश्व शक्ति बनेगा। इस अवसर पर जे.जे.पी युवा जिला अध्यक्ष कुरुक्षेत्र डॉ. जसविंद्र सिंह खैहरा मौजूद थे। उन्होंने कहा कि यह हमारे जिला कुरुक्षेत्र के लिए गौरव का विषय है कि सरताज सिंह शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने इस अवसर खुशी जाहिर करके उनके परिवार जनों को बधाई दी।

## उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी ने संभाला स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी राई के कुलपति का कार्यभार

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



राई स्थित स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा के कुलपति का कार्यभार संभालते उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी अशोक कुमार

**सेवानिवृत्त** आईपीएस एवं उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी अशोक कुमार ने राई स्थित स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा के कुलपति का कार्यभार संभाल लिया। पद ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने स्टाफ से रूबरू होते हुए बेहतरीन तालमेल के साथ यूनिवर्सिटी को बुलंदियों पर पहुंचाने का संकल्प लिया।

1989 बैच के आईपीएस अधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में बेहतरीन सुविधाएं और माहौल दिया जाएगा, ताकि वे विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि सरकार ने उन्हें जिस भरोसे के साथ यह जिम्मेदारी दी है उस पर वे खरा उतरने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विश्वविद्यालय के उत्थान के लिए दिन-रात समर्पित भाव से प्रयासरत रहेंगे। विश्वविद्यालय में अनुशासन और छात्र कल्याण उनकी प्राथमिकताओं में है। शिक्षण तथा गैर-शिक्षण स्टाफ मिलकर अच्छी सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रयास करें।

कुलपति अशोक कुमार ने कहा कि 34 वर्ष तक मेरी कर्मभूमि यूपी और उत्तराखंड और पाकिस्तान बॉर्डर बांग्लादेश बॉर्डर रही है और अब पहली बार मुझे अपनी जन्मभूमि में भी सेवा करने का मौका मिला है। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार खेलों को बढ़ावा दे रहे हैं। प्रधानमंत्री का मानना है कि देश का युवा खेल को भी प्रोफेशन की तरह देखे। हमारा प्रयास भी यही रहेगा कि हम प्रधानमंत्री के खेलों से संबंधित विजन को अच्छी तरह से विश्वविद्यालय में लागू करें। कई ऐसे कोर्सेज चलाने की भी हमारी योजना है, जिससे खिलाड़ियों को भविष्य में जॉब की चिंता भी ना करनी पड़े और वो खेल में अपना सर्वोच्च योगदान दे सके। उन्होंने कहा कि हमने अक्सर देखा है कि कई होनहार खिलाड़ी पढ़ाई के चक्कर मे खेल से दूर हो जाते हैं, हमारा प्रयास ये रहेगा कि हम खिलाड़ियों के लिए पढ़ाई और खेल के बीच में सामंजस्य बिठा सके और खेल खेल में पढ़ाई भी हो ऐसी योजनाओं पर काम करेंगे। स्पोर्ट्स को कैरियर के रूप में देख रहे युवाओं के लिए डिग्री व पढ़ाई से सम्बंधित जो भी दिक्कतें हैं उनको दूर करने का प्रयास हम करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास ये भी रहेगा कि हम खिलाड़ियों के कमजोर और मजबूत पक्ष को पहचान करते हुए उनके लिये अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कोर्सेज को विश्वविद्यालय में ही शुरू करें, जिससे हमारे खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग विश्विद्यालय में ही मिल सके। हम खिलाड़ियों के लिये स्पोर्ट्स साइंस में ध्यान देने के साथ ही खिलाड़ियों के लिये इंजरी रिहैबिलिटेशन सेन्टर की भी शुरुआत करेंगे। कुलपति ने कहा कि बतौर खेल यूनिवर्सिटी के कुलपति के तौर पर मेरा प्रयास ये रहेगा कि हमारे खिलाड़ियों को कभी कोई भी समस्या ना हो। विश्वविद्यालय में खिलाड़ियों के लिये ऐसा माहौल तैयार करेंगे, जिससे ज्यादा से ज्यादा वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी यूनिवर्सिटी से निकले और हमारे देश का नाम गर्व से ऊंचा करें।

## केएमपी-केजीपी पर दोपहिया, तिपहिया व ट्रेक्टरों पर पाबंदी

### वाहनों की गति 80 किलोमीटर से 120 किलोमीटर प्रतिघंटा निर्धारित की गई

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**केएमपी**-केजीपी एक्सप्रेस-वे पर यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए एक्सप्रेस-वे पर मोटर साईकिल (स्कूटर और अन्य दोपहिया सहित), तीन पहिया (ई-कार्ट और ई-रिक्शा सहित), गैर मोटर चालित यान, कृषि ट्रेक्टर (ट्रेलरों के साथ या बिना) तथा चार पहिया साईकिल से यात्रा करने पर पूर्णतः पाबंधी है। इसलिए कोई भी व्यक्ति इन वाहनों के साथ केएमपी-केजीपी पर यात्रा न करें।

उपायुक्त मनोज कुमार ने कहा कि इसके लिए सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 14 जून 2018 को अधिसूचना भी जारी की थी। उन्होंने अपनी अधिसूचना में कहा है कि एक्सप्रेस-वे का निर्माण यात्रा के समय को कम करने के लिए किया गया है और इसपर वाहनों की गति 80 किलोमीटर से 120 किलोमीटर प्रतिघण्टा निर्धारित की गई है। जबकि धीमी गति से चलने वाले दोपहिया, तीन पहिया वाहन की गति अंतर के कारण और सडक़ सुरक्षा के दृष्टिगत अपेक्षाकृत उच्च गति से चलने वाले वाहनों का संचालन इनकी सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा कर सकता है। उपायुक्त ने जिलावासियों का आह्वान किया कि वे मोटर साईकिल (स्कूटर और अन्य दोपहिया सहित), तीन पहिया (ई-कार्ट और ई-रिक्शा सहित), गैर मोटर चालित यान, कृषि ट्रेक्टर (ट्रेलरों के साथ या बिना) तथा चार पहिया साईकिल पर केएमपी-केजीपी पर यात्रा न करें। इससे आप तो सुरक्षित रहेंगे ही और लोग भी सुरक्षित होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सेफ इंडिया फाउंडेशन ने किया पांच लावारिस अस्थियों का विसर्जन



**सोनीपत।** अज्ञात लोगों की अस्थि विसर्जन कार्यक्रम के तहत आज जिले के अलग-अलग मुक्तिधामों से पांच लावारिस लोगों की अस्थि इकट्ठा कर गढ़मुक्तेश्वर में पंडित दिनाउपाध्याय द्वारा विधि विधान से पूजा करवा कर गंगा जी में विसर्जित किया गया। शुक्रवार सुबह तिरंगा चौक शिवमुक्ति धाम सोनीपत से अस्थि लेकर संस्था के उपप्रधान प्रवीण वर्मा, समाज सेवी नरेन्द्र भूटानी, मास्टर दिलबाग, सतीश बाल्याण रवाना हुए। संस्था के प्रधान संजय सिंगला, चेयरमैन वाई के त्यागी ने बताया कि हर महीने की पहली तारीख को जिला सोनीपत के सभी शमशान घाटों से लावारिस अस्थियों को लेकर विसर्जन किया जाता है तथा जो लोग अपने खर्चे पर अपने परिजनों की अस्थि विसर्जन के लिए गंगा मैय्या में नहीं ले जा सकते उनको भी इस गाड़ी में आने जाने की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जिसका कोई नहीं होता उसके भगवान होते है। प्रभु की कृपा से यह सेवा चल रही है। इसके अलावा संस्था द्वारा सूखे या ख़राब हुए तुलसी या अन्य धार्मिक पौधों को भी गंगा जी में विसर्जित करने का कार्यक्रम शुरु किया है। जिसके तहत आज तुलसी के पौधे भी गंगा जी प्रवाहित में किये गए। सेफ इंडिया फाउंडेशन लगातार कई वर्षो से यह अस्थि विसर्जन कार्य कर रही है। समाजसेवी एवं संस्था की टीम हर महीने की पहली तारीख को इस नेक कार्य के तहत अस्थि विसर्जन किया जाता है।

### राष्ट्र स्तरीय पोस्टर मेकिंग में प्रिया ने पाया प्रथम स्थान



**कैथल।** इंदिरा गांधी पीजी महिला महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रिया ने राष्ट्र स्तरीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता को जीत करके कॉलेज का मान बढ़ाया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. आरती गर्ग ने कहा कि आर्य पीजी कॉलेज पानीपत में वूमेन डेवलपमेंट सेंटर और लीगल लिटरेसी सैल के अन्तर्गत राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिताएं करवाई गई जिसमें कॉलेज की 5 छात्राओं ने तीन गतिविधियों में भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार स्वरूप स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट प्राप्त किया। अन्य प्रतिभागी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने छात्रा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और ऐसे ही प्रतियोगिताओं में उ'चतम प्रदर्शन करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर सांयकालीन सत्र की प्राचार्या प्रभारी श्वेता तंवर और स्टाफ सदस्यों से डॉ. मोनिका गुगलानी, अलका गोयल, सपना गोयल, नीरू व अरुणा उपस्थित रहे।

### वितीय साक्षरता विषय पर व्याख्यान आयोजित


**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय के वाणि'य विभाग द्वारा वितीय साक्षरता विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता लीड ब्रांच मैनेजर पीएनबी बैंक एसके नंदा और फॉरएवर रिटायर्ड मैनेजर अरविंद चावला ने इस विषय पर विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के फाईनैंशियल इंकलूजन वीक के तहत इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र में धोखाधड़ी, ग्राहक जागरूकता तथा सरकारी योजनाओं पीएम सुरक्षा बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि के बारे में बताया। उन्होंने जमा स्वीकार करना, पैसा उधार देना, लेनदेन को सुविधाजनक बनाना और बचत खाते रन और क्रेडिट कार्ड जैसे विभिन्न विद्या उत्पादों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ-साथ इंटरनेट और टेलीफोन पीसी बैंकिंग जैसी ऑनलाइन सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। इस कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रोफेसर विशाल गोयल ने किया। विभाग अध्यक्ष अजय शर्मा ने मुख्य वक्ता एवं प्राचार्य डॉक्टर संजय गोयल का स्वागत किया। प्राचार्य ने वाणि'य विभाग को बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में डा. पूजा गुप्ता, डा. रचना सरदाना, डॉ. शशी माटा, डॉ. सुचेता तोमर, प्रो. राजेश, प्रो. मिशु, प्रो. निधि, प्रो. सुरभि तथा अन्य प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

### पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत कल से: सीएमओ



**कैथल।** सीएमओ रेनू चावला ने बताया कि × मार्च से राष्ट्रव्यापी पल्स पोलियो अभियान शुरू होगा। पांच मार्च तक चलने वाले इस अभियान की शुरूआत डीसी प्रशांत पंवार द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से जिले के करीब 1 लाख सात हजार 857 ब'चों को पोलियो ड्रोप्स की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। सीएमओ रेनू चावला ने बताया कि इस अभियान के तहत 620 बूथ बनाए गए हैं जहां पर ब'चों को पोलियो ड्रोप्स पिलाने का कार्य होगा। इसके अलावा जिले में 48 मोबाईल टीमें और ×6 ट्रांजिट टीमें बनाई गई हैं। इस कार्य में 112 सुपरवाईजर भी अपनी भूमिका निभायेंगे। × मार्च को बूथ स्तर और 4 एवं 5 मार्च को घर-घर जाकर जीरो से पांच वर्ष के ब'चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। अभियान की सफलता के लिए सभी खंड़ों में दवाई पहुंचाई जा चुकी है और स्टाफ को इसे बारे प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने जिले के नागरिकों से भी अपील की कि वे 0 से 5 वर्ष के ब'चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर जाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलाये व इस जनहित के कार्य को सफल बनाये।

### किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान करे सरकार



**कैथल।** अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं जननायक विद्यापीठ के निर्देशक डॉ. कुलदीप ढींढसा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की समस्या को किसानों के साथ बातचीत करके जल्द से जल्द समाधान करें ताकि किसान आंदोलन की राह छोड़कर वापिस अपने घर जा सकें। डॉ. ढींढसा आज एडवोकेट पवन ढुल के निवास पर मीडिया से बात कर रहे थे। डॉ. ढींढसा ने कहा कि आज अगर देश का अन्नदाता सड़कों पर क्यों उतरने को मजबूर हुआ। अगर किसानों की उन्नति होगी तब तभी देश आगे बढ़ेगा क्योंकि विश्व भर में भारत को कृषि प्रधान देश के तौर पर जाना जाता है। अगर किसान खुश रहेगा तो देश की तरक्की भी संभव है। उन्होंने कहा कि देश का अन्नदाता दिन रात धूप, गर्मी, सर्दी की परवाह किए बगैर अपना खून पसीना बहाकर फसलों की पैदावार कर देश का पेट भरने का काम कर रहे है लेकिन इसके बावजूद किसानों को अपनी फसलों के भाव सहित अन्य मांगों को लेकर निरंतर आंदोलन करना पड़ रहा है जो किसी भी सूरत में ठीक नहीं है। डॉ. ढींढसा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील करते हुए कहा कि सरकार बिना समय गंवाए किसान हित में अपना राजधर्म निभाते हुए धरतीपुत्र किसानों से वार्ता कर शांतिप्रिय ढंग से किसानों की समस्याओं का निदान करने का काम करें।

# जाली मुद्रा रैकेट मामले में गिरफ्तार आरोपी ने चीन से खरीदा था कागज

एजेंसी। पुणे

**महाराष्ट्र** के पिंपरी चिंचवड़ में जाली मुद्रा गिरोह के भंडाफोड़ और छह लोगों की गिरफ्तारी के कुछ दिन बाद पता चला है कि आरोपी ने नकली नोट छापने के लिए कागज व अन्य कच्चा माल एक चीनी ई-कॉमर्स पोर्टल से खरीदा था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने नोट छापने वाले आरोपियों के पास से अब तक 500



रुपये के 400 से ज्यादा जाली नोट बरामद किए हैं। इस गिरोह का भंडाफोड 25 फरवरी को हुआ था, जब पुलिस ने रितिक खडसे नाम

## अब तक 500 रुपये के 400 से ज्यादा जाली नोट बरामद

के एक व्यक्ति को पकड़कर उसके पास से 500 रुपये के 140 नोट बरामद किए थे। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि नोट नकली हैं।

पिंपरी चिंचवड़ पुलिस अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने दिघी (पिंपरी चिंचवड़ में) में जाली मुद्रा नोट छापे थे। जब परिसर पर छापा मारा गया, तो पता चला कि पांच और लोग जाली मुद्रा की छपाई में शामिल थे और 500 रुपए के 300 नोट जब्त किए गए। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से एक प्रिंटर, एक लैपटॉप, कागज, स्याही, कागज काटने की मशीन और अन्य चीजें भी जब्त की गईं। उन्होंने कहा, अब तक, हमने आरोपियों के पास से 500 रुपये मूल्य के 440 नोट, 4,684 आंशिक रूप से मुद्रित नोट और कागज की 1000 शीट बरामद की हैं। उन्होंने कहा, जांच के दौरान, पता चला कि आरोपियों में से एक ने एक चीनी ई-कॉमर्स वेबसाइट पर एक खाता खोला था और उस देश से नोट छापने के लिए कागज खरीदा था। अधिकारी ने कहा कि सभी आरोपी फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं और मामले की जांच जारी है।

# भाजपा में शामिल हुए बीआरएस सांसद बीबी पाटिल

एजेंसी। नई दिल्ली

**तेलंगाना** के जहीराबाद संसदीय क्षेत्र से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के सांसद भीम राव बसवंत राव पाटिल शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य के लक्ष्मण और राष्ट्रीय महासचिव व तेलंगाना के प्रभारी तरुण चुघ की मौजूदगी में पाटिल ने भाजपा की सदस्यता ली। पिछले दो दिनों के भीतर बीआरएस के लिए यह दूसरा झटका लगा है।

तेलंगाना के नगरकुरनूल (आरक्षित) सीट से बीआरएस सांसद व दलित नेता पी रामुलु भाजपा में शामिल हुए थे। दो बार के सांसद पाटिल ने पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के. मदन मोहन राव को छह हजार से अधिक मतों से पराजित किया था।

# राजनीतिक लक्ष्यों के लिए हिंसा को बढ़ावा देना छोड़ें सियासी दल : राज्यपाल

एजेंसी। वायनाड

**केरल** के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में हिंसा को बढ़ावा दिया जा रहा है और दलों को अपनी रणनीतियों पर पुनर्विचार करते हुए राजनीतिक लक्ष्य हासिल करने के लिए हिंसा को छोड़ना चाहिए। खान यहां पूकोडे में केरल पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के छात्र 20 वर्षीय सिद्धार्थन के परिवार से मिलने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। सिद्धार्थन का शव हाल ही में छात्रावास के बाथरूम में लटका हुआ मिला था। इस घटना को लेकर राज्य का राजनीतिक माहौल गरम हो गया है। राज्यपाल ने कहा कि केरल में 100 प्रतिशत साक्षरता और एक महान सांस्कृतिक व साहित्यिक विरासत होने के बावजूद, कुछ ताकतें समाज में हिंसा के विचारों को बढ़ावा दे रही हैं।

खान ने कहा कि युवाओं को हिंसक तरीकों, मनमानी एवं उग्र होने



का प्रशिक्षणै दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, मैं केरल के समाज और हर पार्टी से अपील करता हूं कि वे अपनी रणनीतियों पर पुनर्विचार करें। हिंसा छोड़ें। हिंसा अंततः, किसी भी समस्या का समाधान नहीं करती। हिंसा सभ्य आचरण, लोकतंत्र, नैतिक मूल्यों, मानवता और इंसानियत के खिलाफ है। राज्यपाल ने कहा, इसलिए, मैं प्रत्येक राजनीतिक दल से अपील करता हूं कि वे राजनीतिक लक्ष्य हासिल करने के लिए हिंसा को छोड़ दें और युवाओं को हिंसक तरीकों का प्रशिक्षण देना बंद करें। उन्होंने दावा किया कि टी.पी. चंद्रशेखरन मामले में फैसले ने राज्य में हिंसा की प्रवृत्ति को प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा, इससे बड़ा सबूत नहीं हो सकता क्योंकि एक राजनीतिक दल के वरिष्ठ नेताओं को दोषी ठहराया गया है और उनकी सजा को केरल उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा है।

राज्यपाल ने कहा कि उन्हें अपने ही एक साथी की हत्या के लिए दोषी ठहराया गया, जिसने उनसे असहमति जताई थी। खान ने जाहिरा तौर पर साम्यवाद का जिक्र करते हुए कहा कि इस पृष्ठभूमि में, समाज को एक ऐसी प्रणाली की आवश्यकता पर पुनर्विचार करना होगा जो पूरी दुनिया में ध्वस्त हो गई है। उन्होंने कहा, यह ध्वस्त हो चुकी है क्योंकि यह हिंसा और अलगाव की भावना पर चलती थी। लेकिन, दुर्भाग्य से, यह अब भी चल रही है। खान से पूछा गया कि क्या उनका मानना है कि सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की छात्र शाखा एसएफआई, सिद्धार्थन की मौत में शामिल थी, उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है। हालांकि एसएफआई ने इन आरोपों से इनकार किया है। पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन पाठ्यक्रम के दूसरे वर्ष के छात्र सिद्धार्थन का शव 18 फरवरी को उनके छात्रावास के बाथरूम में लटका हुआ मिला था।

# बाइक सवार दो बच्चियों समेत तीन लोगों की मौत

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दो बच्चियों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। रामसनेहीघाट कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि सुमेरगंज कस्बे का रहने वाले नीरज (34) अपनी भतीजी वर्तिका (छह) और बेटी योगिता (सात) को मोटरसाइकिल पर भिटरिया स्थित आधुनिक इंटर कॉलेज छोड़ने जा रहा था कि तभी पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रक ने वाहन को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में दोनों बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मोटरसाइकिल चला रहा नीरज भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि नीरज की हालत गंभीर होने के कारण उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर स्थानातंरित कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया।

# दूसरे राज्य अपना रहे असम का कैंसर देखभाल मॉडल : हिमंत

एजेंसी। सिलचर

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को दावा किया कि राज्य के कैंसर देखभाल मॉडल का पूरे देश में अनुकरण किया जा रहा है। शर्मा ने यहां सिलचर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएमसीएच) में कैंसर देखभाल इकाई का उद्घाटन करते हुए बराक घाटी के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता जताई और प्रशासन पर क्षेत्र की उपेक्षा के लग रहे आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा, हमने शुक्रवार यहां एक कैंसर देखभाल इकाई का उद्घाटन किया, जो राज्य सरकार और टाटा ट्रस्ट की संयुक्त पहल के तहत प्रदेश के 17 अस्पतालों के नेटवर्क का हिस्सा है। शर्मा ने कहा कि परियोजना के तहत सरकारी अस्पतालों में कैंसर देखभाल इकाइयों की तीन श्रेणियां स्थापित की जा रही हैं, जिनमें से एसएमसीएच द्वितीय श्रेणी में है। यह अस्पताल रोगियों की व्यापक देखभाल करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रथम-श्रेणी वाला एकमात्र सुविधा केंद्र गुवाहाटी



में खोला जा रहा है, जो राज्य का शीर्ष कैंसर देखभाल अस्पताल होगा। परियोजना में राज्य सरकार की हिस्सेदारी 2,460 करोड़ रुपए होगी, जबकि टाटा ट्रस्ट।,180 करोड़ रुपए और केंद्र सरकार 180 करोड़ रुपए प्रदान करेगी।

इसके अलावा 80 करोड़ रुपए से अधिक दान के माध्यम से जुटाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इकाइयों के प्रबंधन के लिए असम कैंसर केयर फाउंडेशन का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह फाउंडेशन कैंसर अस्पताल इकाइयों का संचालन करेगा और वर्ष के अंत में राजस्व घाटा होता है तो राज्य सरकार उस अंतर को पूरा करेगी।

उन्होंने कहा कि ऐसे 10 कैंसर देखभाल केंद्र पहले से ही चालू हैं और 2.15 लाख से अधिक रोगियों का यहां उपचार हुआ है। शर्मा ने कहा, पूरा देश असम का अनुकरण करने की कोशिश कर रहा है। हम इस परियोजना को उन्नत बनाने के बारे में सोच रहे हैं ताकि कैंसर देखभाल के मामले में असम एक नोडल राज्य बने। उन्होंने बराक घाटी के विकास के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

# कश्मीर के कुछ हिस्सों में ताजा हिमपात

एजेंसी। श्रीनगर

**कश्मीर** के कुछ हिस्सों में ताजा हिमपात हुआ, जबकि मैदानी इलाकों में कई स्थानों पर बारिश हुई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि गुलमर्ग, तंगमर्ग और दूधपथरी जैसे पर्यटक स्थलों सहित घाटी के ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में शुक्रवार रात भर हिमपात हुआ। उन्होंने बताया कि श्रीनगर समेत घाटी के मैदानी इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तीन मार्च तक मामूली बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है। इस अवधि के दौरान कुछ स्थानों पर विशेष रूप से उत्तर, मध्य और दक्षिण कश्मीर और जम्मू संभाग के पीरपंजाल श्रृंखला के ऊंचाई वाले इलाकों में भारी हिमपात हो सकता है। कश्मीर के मैदानी इलाकों में मध्यम बारिश या बर्फबारी हो सकती है, जबकि जम्मू के मैदानी इलाकों में मध्यम बारिश हो सकती है और रामबन, उधमपुर और रियासी जिलों में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ छींटे पड़ने, बिजली गिरने या ओलावृष्टि होने का अनुमान है। मौसम संबंधित प्रतिकूल पूर्वानुमानो के कारण अधिकारियों ने घाटी के स्कूलों में छात्रों के लिए शीतकालीन छुट्टियां बढ़ा दी हैं।

# जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर खाई में गिरा तेल टैंकर, चालक की मौत

**बनिहाल।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को एक तेल टैंकर के सड़क से फिसलकर 1000 फुट से अधिक गहरी खाई में गिरने से टैंकर में आग लग गई और झुलसने से चालक की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना रामबन जिले के बैटरी चश्मा में उस समय हुई जब भारत पेट्रोलियम का टैंकर जम्मू से श्रीनगर जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि चालक रजत थापा ने मोड़ पर चलते समय टैंकर पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। खाई में गिरने पर वाहन में आग लग गई और बचाव दल, जिसमें पुलिस और स्थानीय स्वयंसेवक शामिल थे।

# राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री मोदी ने दीं स्टालिन को जन्मदिन की बधाई

एजेंसी। चेन्नई

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई नेताओं ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को शुक्रवार को उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी। स्टालिन आज 71 वर्ष के हो गए। स्टालिन ने पार्टी मुख्यालय अन्ना अरिवलयम में पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों की मौजूदगी में जन्मदिन का केक काटा। इस कार्यक्रम में टीआर बालू समेत राज्य के मंत्रियों और पार्टी के दिग्गज नेताओं ने हिस्सा लिया। स्टालिन ने द्रमुक के दिग्गज नेता रहे सीएन



## कार्यक्रम में टीआर बालू समेत राज्य के मंत्रियों और पार्टी के दिग्गज नेताओं ने हिस्सा लिया

अन्नादुरई और एम. करुणानिधि के मरीना बीच स्थित स्मारकों पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वह सुधारवादी नेता पेरियार ईवी रमासामी के स्मारक भी गए।

मुर्मू, मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य नेताओं ने अपने बधाई संदेश में उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना की। दिल्ली और केरल के मुख्यमंत्री क्रमशः अरविंद केजरीवाल और पिनराई विजयन, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी स्टालिन को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। स्टालिन के जन्मदिन पर पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों ने उन्हें द्रविड़ नायक , द्रविड़ योद्धा , जनता के मुख्यमंत्री और सामाजिक न्याय के रक्षक जैसे शब्दों के साथ बधाई दी।

# पति ने जमीन बिक्री विवाद में पत्नी की हत्या की

एजेंसी। जयपुर

**राजस्थान** के डीग जिले में एक व्यक्ति ने जमीन बेचने संबंधी विवाद में अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। डींग जिले में जनूथर थाने के उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि पथरेड़ा गांव के रहने वाले हरफूल (44) का अपनी पत्नी बबीता (42) से जमीन को बेचने को लेकर विवाद चल रहा था। अधिकारी ने बताया कि अदालत ने बबीता की याचिका पर सुनवाई करते हुए जमीन की बिक्री पर रोक लगा दी, जिससे नाराज हरफूल ने बृहस्पतिवार को फावड़े से हमला कर पत्नी की हत्या कर दी।



पुलिस के अनुसार, घटना को अंजाम देते समय हरफूल कथित तौर पर नशे में था। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया और मृतका के भाई द्वारा दर्ज शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राजस्थान में आकाशीय बिजली गिरने से दंपति सहित तीन की मौत

एजेंसी। जयपुर

**राजस्थान** में दो अलग-अलग जगहों पर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई और चार लोग झुलस गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सवाई माधोपुर के चौथ इलाके में खेत में काम कर रहे दंपति के आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं बौंली क्षेत्र में भी इस तरह के हादसे में एक युवक मौत हो गई। बरवाड़ा थाने के उपनिरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि बगीना गांव में खेत में काम कर रहे राजेन्द्र मीणा (30) और उनकी पत्नी जलेबी मीणा (28) की आकाशीय बिजली की चपेट



में आने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, बौंली जिले के नानतोडी गांव में भी आकाशीय बिजली गिरने से धन्नालाल मीणा नाम के युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि टोंक जिले की पीपलू थाना क्षेत्र में पंचायत समिति कार्यालय पर आकाशीय बिजली गिरने की घटना में चार कर्मचारी बेहोश हो गए।

जयपुर के मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रभारी राधेश्याम शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को एक तीव्र पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान व आसपास के क्षेत्र के ऊपर दबाव क्षेत्र बना हुआ है। उन्होंने बताया कि इसके प्रभाव से जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर व उदयपुर संभाग के कुछ भागों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश, 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से अचानक तेज हवाएं (आंधी) व कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की संभावना है। अधिकारी ने बताया कि शनिवार को भी बीकानेर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, जयपुर व भरतपुर संभाग के कुछ भागों में गरज के साथ बारिश, तेज हवाएं व कहीं-कहीं ओलावृष्टि हो सकती है। उन्होंने बताया कि रविवार से मौसम में सुधार होने की उम्मीद है और अगले चार से पांच दिन राज्य के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहेगा।

# अली अमीन गंडापुरा खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री निर्वाचित

एजेंसी। पेशावर

**जेल** में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी से समर्थित उम्मीदवार अली अमीन गंडापुरा शुक्रवार को अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री निर्वाचित हुए। प्रांतीय विधानसभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबर सलीम स्वाति ने सदन के सत्र की अध्यक्षता की। वह बृहस्पतिवार को अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। खैबर पख्तूनख्वा की 106 सदस्यीय सदन में खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवार



गंडापुरा को 90 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के डॉ. इबादुल्लाह खान को केवल 16 मत मिले। गंडापुरा को सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के सदस्यों का समर्थन प्राप्त था जबकि इबादुल्लाह को पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्लियामेंटेरियंस (पीटीआई-पी) का समर्थन प्राप्त था।

# विद्यालय के छात्रावास की इमारत में आग लगी, कोई घायल नही

एजेंसी। कोलकाता

**उत्तरी** कोलकाता में एक विद्यालय के छात्रावास की इमारत में शुक्रवार को आग लग गई। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। आग लगने से छात्रावास के दो कमरों को नुकसान हुआ है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि दोपहर के समय जब लोगों ने कमरों से आग की लपटें निकलती देखीं तो दमकल विभाग की तीन गाड़ियों को



घटनास्थल पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि दमकलकर्मियों ने जल्द ही आग पर काबू पा लिया। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चला है।

# शिंदे नीत शिवसेना के विधायक, मंत्री के बीच हुई कहासुनी

एजेंसी। मुंबई

**महाराष्ट्र** के विधान भवन की लॉबी में राज्य के एक मंत्री और एक विधायक के बीच शुक्रवार को कहा-सुनी देखने को मिली। वे दोनों ही सत्तारूढ़ दल शिवसेना से हैं। विपक्ष ने इसे लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए इस घटना को गंभीर बताया है। राज्य में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मंत्री दादा भुसे और कर्जत से विधायक महेंद्र थोरवे के बीच यह बहस राज्य विधानमंडल के बजट सत्र के अंतिम दिन हुई। शिवसेना के अन्य विधायकों के साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के विधान भवन परिसर के अंदर जाने के ठीक बाद यह घटनाक्रम हुआ। भुसे और थोरवे के बीच बहस होने पर मंत्री शंभूराज



देसाई और शंदे नीत शिवसेना के मुख्य सचेतक भरत गोगावले ने हस्तक्षेप किया। यह पहली बार हुआ है कि सत्तारूढ़ दल के सदस्यों के बीच विधानमंडल परिसर में इस तरह से कहा-सुनी हुई। बाद में संवाददाताओं से बात करते हुए, थोरवे ने कहा, जब मैंने भुसे से विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के बारे में पूछा, वह उग्र हो गए... यदि विकास समय पर नहीं हो तो कोई क्या कर सकता है?

इस बीच, देसाई ने कहा कि शिवसेना के दोनों सदस्यों के बीच हाथापाई नहीं हुई। उन्होंने कहा, विधान भवन के अंदर कैमरा ले जाने की अनुमति नहीं है। आपके पास क्या सबूत है। थोरवे ने कहा, दोनों विधायक विकास कार्यों पर चर्चा कर रहे थे, जिस दौरान उनमें से एक ने जोर से बोला।

हम उन्हें अंदर ले गए और विषय का समाधान किया। मंत्री, विधायकों को तकनीकी समस्याओं के बारे में बताने की कोशिश कर रहे थे। यह मुद्दा विधानपरिषद में भी गूंजा। विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने मुद्दे पर स्पष्टीकरण मांगा। इस पर, सदन में शोरगुल हुआ, जिसके चलते उपसभापति नीलम गोरे को एक घंटे के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

विधानसभा में, विपक्षी दलों कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायकों ने कहा कि सदन के दो सदस्यों के बीच झड़प हुई। उन्होंने इस घटना को गंभीर बताया। उन्होंने सरकार को इस मुद्दे पर एक बयान जारी करने के लिए समय देने के वास्ते सदन को स्थगित करने की मांग की। कांग्रेस विधायक पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि क्या सीसीटीवी फुटेज दिखाया जा सकता है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि उन्होंने भुसे और थोरवे से बात की तथा उन दोनों ने आपस में हाथापाई होने की बात से इनकार किया है।

# राहत सामग्री के लिए खड़े फलस्तीनियों पर हमला निंदनीय : माकपा

एजेंसी। नई दिल्ली

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने गाजा शहर में एक सहायता ट्रक के आसपास जमा भीड़ पर इजराइली सैनिकों द्वारा की गई गोलीबारी में 100 से अधिक फलस्तीनियों के मारे जाने की शुक्रवार को निंदा की और कहा कि इस विषय पर भारत सरकार को बोलना चाहिए था। माकपा के पोलित ब्यूरो ने एक बयान में यह भी कहा कि सरकार को गाजा में इजराइली युद्ध पर अमेरिका द्वारा अपनाए गए रुख का पालन करना बंद कर देना चाहिए और उसे दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और अरब देशों जैसे देशों की कोशिशों के साथ अपने प्रयासों को जोड़ना चाहिए। बयान में कहा गया है, पोलित ब्यूरो गाजा शहर में इजराइली सैनिकों द्वारा गोलीबारी के कारण 112 फलस्तीनियों की हत्या और कई अन्य के घायल होने पर दुख व्यक्त करता है और निंदा करता है। यह नरसंहार उन भूखे लोगों का किया गया था, जो क्षेत्र में प्रवेश करने वाले सहायता ट्रकों से भोजन लेने के लिए एकत्र हुए थे।

वामपंथी दल ने कहा, इजराइल द्वारा गाजा पर किए गए हमलों के कारण अब तक 30,000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। यह बेहद अफसोस की बात है कि ऐसे नरसंहार होने पर भारत सरकार ने कुछ नहीं बोला। मोदी सरकार को अमेरिका द्वारा अपनाए गए रुख का पालन करना बंद कर देना चाहिए। गाजा शहर में राहत सामग्री का इंतजार कर रही फलस्तीनी भीड़ पर बृहस्पतिवार को इजराइली सैनिकों के हमले में 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही करीब पांच महीने पहले शुरू हुए इजराइल-हमास युद्ध में मरने वाले लोगों की संख्या 30 हजार से ज्यादा हो गई।

# फ्लैट खरीदारों के रजिस्ट्री कराकर खिले चेहरे

## नोएडा में वर्षों से मालिकाना हक का इंतजार कर रहे हजारों लोगों का सपना हुआ पूरा

- औद्योगिक एवं अवस्थापना विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस कैंप के जरिए रोजाना करीब 200 रजिस्ट्री की जाएंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में वर्षों से मालिकाना हक का इंतजार कर रहे हजारों फ्लैटों खरीदारों का सपना पूरा हो गया। सेक्टर-77 में एक्सप्रेसवे जेनेथ परिसर में एक कार्यक्रम के जरिए फ्लैटों की रजिस्ट्री का शुभारंभ किया गया।

फ्लैटों की रजिस्ट्री के बाद हजाओ फ्लैट बायर्स के चेहरे खिल उड़े है और उन्होंने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का आभार जताया है, रजिस्ट्री के लिए लगाए गए कैम्प मे नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा उप्र औद्योगिक विकास एवं अवस्थापना आयुक्त मनोज कुमार सिंह, नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम, एसीईओ संजय खत्री तथा रजिस्ट्री एवं स्टांप विभाग के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे।


सेक्टर-77 में एक्सप्रेसवे जेनेथ परिसर में लगे कैंप में फ्लैट की रजिस्ट्री कराते खरीदार।

औद्योगिक एवं अवस्थापना विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस कैंप के जरिए रोजाना करीब 200 रजिस्ट्री की जाएंगी। 7 से 10 मार्च के बीच उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नोएडा आ सकते हैं। उस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में रजिस्ट्री बायर्स को हैंडओवर की जाएगी। तब तक 2 ये 2.5 हजार रजिस्ट्री हो जाएंगी। आगामी तीन से चार महीने में सभी लंबित करीब 2 से 3 लाख रजिस्ट्री पूरी कर ली जाएंगी। ऐसा हमारा लक्ष्य है। आज पहले दिन 100 बायर्स को मालिकाना हक दिया गया।

रजिस्ट्री पाकर बायर्स के चेहरों पर खुशी का माहौल है। औद्योगिक विकास आयुक्त ने कहा कि ये बायर्स का हक था। पैसा वो दे चुके थे, लेकिन कभी कभी ऐसी परिस्थितियां बन जाती है। जैसे कोविड पीरियड आया। अब सरकार की इस निती से उस डेडलॉक को ब्रेक किया जा रहा है। अब सभी बायर्स के हाथ में उनकी रजिस्ट्री होगी। अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत 95 प्रतिशत तक समस्या का समाधान हो जाएगा। जो बिल्डर सिफारिश के तहत नहीं आ रहे है उनके खाली पड़ी लैंड और इकाइयों को टेकओवर करने का प्रावधान भी इस सिफारिश में है।

यह पहली बार है कि निबंधन विभाग के साथ प्राधिकरण और बिल्डर तीनों कैंप लगाकर सोसाइटी में रजिस्ट्री करेंगे। ताकि बायर्स को दिक्कत न हो। इस मौके पर प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम, एसीईओ संजय खत्री आदि मौजूद रहे।


औद्योगिक एवं अवस्थापना विकास आयुक्त मनोज, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एम लोकेश।

बता दे अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के बाद 35 बिल्डरों ने सहमति दी है। ये सभी बिल्डर 2209 करोड़ रुपए प्राधिकरण में जमा कर देते है तो 13 हजार 639 होम बायर्स को उनको मालिकाना हक मिल जाएगा। सिफारिश के तहत अभी इसी बकाया का 25 प्रतिशत जमा किया जा रहा है। ये कुल बकाया के 552.51 करोड़ है। इसके जमा होने पर 3412 रजिस्ट्री हो जाएगी। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने बताया कि अभी 29.86 करोड़ रुपए प्राधिकरण में जमा हुए है। इसमें करीब 600 बायर्स को मालिकाना हक मिलेगा। आज 100 बायर्स की रजिस्ट्री की जा रही है। इसके लिए कैंप लगाया गया है। बाकी रजिस्ट्री के लिए भी बिल्डर सोसाइटी में कैंप लगाए जाएंगे।

# 27 जोनल, 194 सेक्टर मजिस्ट्रेट होंगे तैनात

**लोकसभा चुनाव**

- चुनाव के लिए जिले में बनेंगे 841 मतदान केन्द्र
- 439 संवदेनशील और 71 अतिसंवदेनशील मतदेय स्थल भी चिन्हित किए गए हैं



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

लोकसभा चुनावों को लेकर कभी भी घोषणा हो सकती है। इसके चलते जिला प्रशासन ने भी चुनाव कराने को लेकर अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। चुनाव को प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।

चुनाव के लिए जिले में 841 मतदान केन्द्र 3195 मतदान स्थल बनेंगे तो वहीं 27 जोनल मजिस्ट्रेट और 194 सेक्टर मजिस्ट्रेट की भी तैनाती होगी। चुनाव के लिए 3195 बीएलओ, 276 सुपरवाइजर और 26 एआरओ भी तैनात किए जाएंगे।

इस बार 439 संवदेनशील और 71 अतिसंवदेनशील मतदेय स्थल भी चिन्हित किए गए हैं। विधानसभा वार केन्द्रों की बात करें तो साहिबाबाद विधानसभा में सबसे अधिक और धौलाना आंशिक में सबसे कम मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। लोकसभा चुनावों के लिए लोनी विधानसभा को तीन जोन और 41 सेक्टर में बांटा गया है, जहां इतने ही मजिस्ट्रेट तैनात होंगे। लोनी में 146 मतदान केन्द्र, 530 मतदेय स्थल, 95 संवदेनशील मतदेय और 36 वल्नेरबल मतदेय स्थल होंगे। यहां 530 बीएलओ, 40 सुपरवाइजर और 4 एआरओ भी होंगे। मुरादनगर विधानसभा को 7जोनल और 35 सेक्टर में विभक्त कर मजिस्ट्रेट डयूटी लगाई जाएगी। यहां 153 मतदान केन्द्र, 514 मतदेय स्थल होंगे जिसमें 71 क्रिटिकल मतदेय स्थल भी हैं। मुरादनगर में चुनाव के लिए 514 बीएलओ, 43 सुपरवाइजर और 4 एआरओ भी तैनात किए जाएंगे।

सबसे बड़ी साहिबाबाद विधानसभा को सात जोन व 57 सेक्टर में बांटा गया हैं। यहां 263 मतदान केन्द्र, 1125 मतदेय स्थल हैं तो वहीं 109 क्रिटिकल और 30 वल्नेबरल मतदेय स्थल भी हैं। साहिबाबाद में चुनाव के लिए 1125 बीएलओ, 98 सुपरवाइजर और आठ एआरओ भी तैनात होंगे।

गाजियाबाद विधानसभा को चार जोन और 22 सेक्टर में बांट कर मजिस्ट्रेट डयूटी लगाई जाएगी। यहां 119 मतदान केन्द्र और 506 मतदेय स्थल होंगे। साथही 72 क्रिटिकल मतदेय स्थल भी हैं। चुनाव के लिए 504 बीएलओ, 48 सुपरवाइजर और 4 एआरओ भी तैनात किए जाएंगे।

मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र को 4 जोन और 29 सेक्टर में बांटा गया है। यहां 122 मतदान केन्द्र और 387 मतदेय स्थल हैं। इसके अलावा 92 क्रिटिकल और 5 वल्नेबरल मतदेय स्थल भी हैं। चुनाव कराने के लिए 387 बीएलओ, 36 सुपरवाइजर और चार एआरओ भी तैनात किए जाएंगे।

### धौलाना आंशिक को दो जोन बांटा गया



*धौलाना आंशिक को दो जोन और दस सेक्टर में बांटा गया है। यहां 38 मतदान केन्द्र और 133 मतदेय स्थल भी हैं। यहां एक भी क्रिटिकल केन्द्र नहीं है। इसके अलावा 133 बीएलओ, 11 सुपरवाइजर और दो एआरओ भी तैनात होंगे। इतना ही नहीं इस बार बहुमंजिली इमारतों में 35 मतदान केन्द्र और 52 मतदेय स्थल भी बनाए गए हैं। जिसमें लोनी में 3 मतदान केन्द्र, 6 मतदेय स्थल, मुरादनगर में 5 मतदान केन्द्र और 6 मतदेय स्थल, साहिबाबाद में 21 मतदान केन्द्र और 33 मतदेय स्थल, गाजियाबाद में 6 मतदान केन्द्र और 7 मतदेय स्थल बनाए गए हैं।*

# संक्षिप्त समाचार


उग्र प्रदर्शनकारी को ले जाती गाजियाबाद पुलिस।

### प्रजापति समाज की यात्रा पर लाठीचार्ज

**गाजियाबाद।** हरिद्वार से दिल्ली जंतर-मंतर पर जा रही राष्ट्रीय प्रजापति महासभा की संकल्प साइकिल यात्रा को शुक्रवार को गाजियाबाद में पुलिस ने रोक दिया। इस पर बवाल हो गया। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने पहले पत्थर बरसाए तो पुलिस ने जवाब में लाठियां फटकारी। अफरातफरी और भगदड़ में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने नेतृत्व कर रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित कइयों को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल मौके पर शांति बनी हुई है। राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दारा प्रजापति के नेतृत्व में साइकिल यात्रा 27 फरवरी को हरिद्वार से प्रारंभ हुई। ये यात्रा समाज की राजनैतिक हिस्सेदारी के लिए निकाली जा रही है। यात्रा रुड़की, मेरठ, मोदीनगर होते हुए 1 मार्च की शाम गाजियाबाद में पहुंची। साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया साइट.4 के समीप गाजियाबाद पुलिस ने यात्रा में सबसे आगे चल रहे रथ को रोक दिया। इस पर यात्रा में शामिल सैकड़ों लोग सड़क पर ही धरना देकर बैठ गए। यात्रा में शामिल लोगों का आरोप है कि पुलिस ने एकाएक उन पर लाठीचार्ज कर दिया। लोगों को दौड़ा.दौड़ाकर पीटा। इससे यात्रा में भगदड़ मच गई और लोग तितर-बितर हो गए। पुलिस ने प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दारा सिंह प्रजापति सहित कइयों को कस्टडी में ले लिया है। गाजियाबाद के एमएमजी सरकारी अस्पताल में एक दर्जन से ज्यादा घायल लोग पहुंचे हुए हैं, जिन्होंने पुलिस लाठीचार्ज में घायल होने की बात कही है। उन्होंने सीधे तौर पर डीसीपी निमिष पाटिल और एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह पर लाठीचार्ज कराने का आरोप लगाया है। इधर, पुलिस का कहना है कि यात्रा में शामिल लोगों ने पुलिस पर पत्थर बरसाए थे, जिसके बाद पुलिस को लाठियां फटकारनी पड़ी

### चार मार्च को होगा फ्लावर फेस्ट का आयोजन

**गाजियाबाद।** मॉडल टाउन के सेंट्रल पार्क में हार्टिकल्च्र फ्लोरी कल्चर सोसायटी और मॉडल टाउन ईस्ट द्वारा चार मार्च से फ्लावर फेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। सोसायटी की अध्यक्ष रमा त्यागी ने बताया कि इस फेस्ट में स्कूली बच्चों को विशेष तौर पर बुलाया गया है। जिनको स्कूल के गार्डन में उगाई गई सब्जियों व फूलों का डिस्प्ले कर दिखाया जाएगा। फ्लावर फेस्ट में 100 से अधिक वेराईटी के पौधों और फूलों का प्रदर्शन किया जाएगा। सोसाइटी की उपाध्यक्ष रश्मि अग्रवाल, कृष्ण गर्ग एवं बबीता अग्रवाल ने बताया की फ्लावर शो पिछले 16 सालों से गाजियाबाद मे आयोजित किया जा रहा था। इस बार श्रंखला को बनाए रखने के लिए छोटे स्तर पर इसका आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान रिसाइकल्ड गमलों का भी प्रदर्शन किया जाएगा और विभिन्न प्रतियोगिताएं भी होंगी। मॉडल टाउन ईस्ट के महासचिव मुकेश अग्रवाल ने बताया की फ्लावर फेस्ट मे जिला जज अनिल कुमार, सीडीओ अभिनव गोपाल, नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक आदि शिरकत करेंगे।

### लापता छात्रा का पता नहीं लगाने पर व्यापारियों में रोष

**नोएडा।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-44 स्थित खजूर कॉलोनी से लापता व्यापारी का 10 वर्षीय बेटा एक हफ्ता बीतने के बावजूद भी नहीं मिला है। इस घटना के चलते व्यापारियों में भारी रोष है। व्यापारी नेता विकास जैन ने बताया कि निठारी में दुकान करने वाले व्यापारी अमित उर्फ खगेश का बेटा लवीश गुप्ता 10 वर्ष 24 फरवरी से घर से लापता है। वह एक निजी स्कूल से पांचवी कक्षा में पढ़ाई कर रहा है। इस मामले में मुकदमा दर्ज करने के बावजूद भी पुलिस अभी तक लापता किशोर को बरामद करने में विफल रही है। उन्होंने आशंका व्यक्त किया है कि अगवा करने वाले लोग उसके साथ कोई अनहोनी कर सकते हैं। पुलिस अधिकारियों ने व्यापारी नेताओं को आस्वस्त किया कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर बच्चों को सकुशल बरामद किया जाएगा।

# नोएडा की पारस टियारा सोसाइटी में हंगामा

- पार्किंग को लेकर गार्ड ने युवक पर बरसाई लाठियां, एम्बुलेंस के लिए चिल्लाती रही महिला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पारस टियारा सोसाइटी में जमकर हंगामा हुआ। यहां एक कार मालिक पर सीक्यूरिटी गार्ड ने जमकर लाठी बरसा दी। उसके सिर में चोट लगी। उसके साथ महिला ने पुलिस को फोन किया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी चार सीक्यूरिटी गार्ड के खिलाफ धारा.151 में चालान किया साथ ही पीड़ित का मेडिकल कराया। वायरल वीडियो पारस टियारा सोसाइटी का है। इसमें साफदिख रहा है कि कवीश अरोड़ा और उनके साथ एक महिला कार के गेट के पास खड़े है। वहां वे गार्ड से बातचीत कर रहे है।



इस दौरान पहले महिला के साथ एक महिला गार्ड बदतमीजी करती है। इसके बाद एक गार्ड लाठी से कवीश के कमर पर हमला करता है। एक के बाद एक लाठी बरसाना शुरू करते है। उसी सोसाइटी के फ्लैट की बालकनी में खड़ा शख्स इसका वीडियो बना रहा है। सर पर चोट लगने के बाद महिला जोर जोर से एम्बुलेंस और पुलिस को फोन करने को कहती है।

पुलिस के आने से पहले एक बार फिर गार्ड कवीश को थप्पड़ और लात घूसें से मारते है। यही नहीं एक गार्ड महिला को भी डंडा मारता है। वीडियो में साफ दिख रहा है इस दौरान गेट पर पुलिस पहुंचती है। जिसे देखकर गार्ड इधर उधर हो जाते है। पुलिस जांच पड़ताल करती है और 4 गार्ड को अपने साथ ले जाती है। इन गार्ड की पहचान मनीष, नरेश वर्मा, राकेश व गोपाल है। जिनको गिरफ्तार किया गया। दरअसल ये पूरा मामला सेक्टर-137 पारस टियारा सोसाइटी का है। यहां कवीश आरोड़ा अपने परिवार के साथ किराए पर रहते है। वह एक निजी कंपनी में काम करते है।

# नौकरी के बहाने बुलाया फिर की लूटपाट, मारपीट कर किया घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक युवक को नौकरी दिलाने के बहाने से बुलाकर बदमाशों ने उसके साथ लूट की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित की शिकायत के बाद मामला दर्ज करके पुलिस जांच में जुट गई है।

मामला नोएडा शहर के जारचा थाना इलाके का है। जहां नौकरी दिलाने के बहाने सुनसान जगह बुलाकर तीन बदमाशों ने एक व्यक्ति से सोने की चेन, नकदी लूट ली। थाना जारचा पुलिस ने लूट के इस मामले को चोरी की धारा में दर्ज किया है। दरअसल मूल रूप से हाथरस निवासी गुड्डू हाल में सरस्वती विहार कॉलोनी दादरी में रह रहा है। गुड्डू के मुताबिक उसकी किसी के माध्यम से बिसाहडा निवासी विजय से नौकरी के बारे में बात हुई थी। 25 फरवरी को विजय ने उसे नौकरी दिलवाने के बहाने पेरीफेरल फ्लाईओवर के पास बुलवाया। गुड्डू के मुताबिक विजय के साथ दो और युवक आए इन लोगों ने उसके साथ लूटपाट शुरू कर दी।

# गौतमबुद्ध नगर में 2500 कैमरे लगाने की तैयारी

- कंट्रोल रूम के जरिये होगी निगरानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा शहर और नोएडा निवासियों को सुरक्षित रखने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने बेंगलुरु की तर्ज पर सेफ सिटी बनाने की योजना तैयार की है। जिसको धरातल पर उतरने की दिशा में अब नोएडा प्रधिकरण ने अपने कदम बढ़ा दिए है।

ऐसे में नोएडा शहर के चप्पे चप्पे पर पैनी नजर रखने के लिए 2500 नए सीसीटीवी कैमरे लगाने जा रहा है। नोएडा शहर में यह कैमरे कहां कहां पर लगाकर कंट्रोल रूम के जरिये आसानी से मानिटरिंग की जा सके। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने सर्वे कराने के बाद 550 उन स्थानों को चिह्नित किया है, जो अतिसंवेदनशील है।



सेफसिटी परियोजना पर नोएडा प्राधिकरण ने दो सौ करोड़ रुपये खर्च करने का बजट निर्धारित किया है। मार्च में इस परियोजना के लिए काम शुरू कर दिया जाएगा। आपको बता दें कि नोएडा शहर के जिन 550 स्थानों पर कैमरे लगाए जाने है, उसकी सूची पुलिस प्रशासन ने नोएडा प्राधिकरण को सौंप दी है। सूची में भीड़ भाड़ वाले बाजार के अलावा स्कूलए धार्मिक स्थल और अन्य स्थानों पर भी कैमरे लगाए जाएंगे। यह कैमरे आइएसटीएमएस की बजाए सेफ सिटी के तहत लगाए जाएंगे। बता दें कि इनका वाहनों के चालान से कोई संबंध नहीं होगा, बल्कि सुरक्षा के तहत वाहनों की नंबर प्लेट और उसमें बैठे लोग भी साफतौर पर कैमरों में नजर आएंगे। जिन जगह कैमरे लगाए जाएंगे उनमें अधिकतर हिस्सा शहरी क्षेत्र ही है। सेफसिटी के कंट्रोल रूम सीधे पुलिस मुख्यालय में बने कंट्रोल रूम से जुड़े होंगे।

# दरोगा पर गोली चलाने वाला मुठभेड़ में घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा-2 पुलिस ने बीती रात मुठभेड़ के बाद एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। बदमाश के पास से हरियाणा के फरीदाबाद से लूटी गई अर्टिगा कार, तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। आपको बता दें कि पकड़े गए बदमाश ने पूर्व में बिलासपुर चौकी के प्रभारी को गोली मारकर घायल कर दिया था। इस बदमाश की गिरफ्तारी पर गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने टीम को 50 हजार रूपए का इनाम देने की घोषणा की है।

ग्रेटर नोएडा जोन के एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि ऐच्छर चौकी प्रभारी चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान अतुल्य गोल चक्कर की तरफसे आ रही एक अर्टिगा कार को पुलिसकर्मियों ने रुकने का इशारा किया। कार चालक रुकने के बजाय सेक्टर .36 की तरफ भाग निकला। पुलिस टीम ने अर्टिगा कार का पीछा किया और साथी पुलिस कर्मियों को कार में बदमाश होने की सूचना दी। पीछा करने के दौरान अर्टिगा कार सवार चालक ने पुलिसकर्मियों पर फायर किया। विनोद भाटी गोल चक्कर के पास पुलिस टीम ने अर्टिगा कार को घेर लिया। खुद को घिरा देखकर कार सवार बदमाश तमंचा लेकर गाड़ी से निकलकर भाग निकला। पीछा करने पर बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर किया। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। इसके बाद पुलिस टीम ने बदमाश को दबोच लिया।


मुठभेड़ में घायल बदमाश

### फोन वापस मांगने पर मारा चाकू, गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-54 के पास बीती रात को एक युवक ने एक राहगीर से मोबाइल फोन बात करने के लिए मांगा। वह उसका मोबाइल लेकर भागने लगाए जब उसने अपना मोबाइल फोन मांगा तो और उसने उसके ऊपर जान से मारने की नीयत से चाकू से वार कर दिया

थाना सेक्टर.24 के प्रभारी निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि अकरम नामक युवक ने बीती रात जा रहा था, तभी नेपाल में महतो नामक युवक वहां पर आया। उसने उससे मदद मांगी तथा उसका फोन बात करने के लिए ले लिया। अकरम ने उसे अपना फोन मांगा तो उसके ऊपर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर बाद उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# सौगातः नोएडा एयरपोर्ट के पास बसेगी मिनी मुंबई

- सलाहकार कंपनी का हुआ चयन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास मिनी मुंबई फिनटेक सिटी बसाई जाएगी। इसका खाका कुशमन एंड वेकफील्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी तैयार करेगी। यमुना प्राधिकरण में खोली गई वित्तीय निविदा में पांच कंपनियों में से कुशमन एंड वेकफील्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का चयन फिनटेक सिटी की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए किया गया है।

मुंबई को देश की आर्थिक राजधानी की पहचान मिली हुई है। इसी की तर्ज पर फिनटेक सिटी को वाणिज्यक एवं वित्तीय संस्थानों के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर 13 में फिनटेक सिटी के विकास का निर्माण लिया है। इसे सौ एकड़ में विकसित किया जाएगा। प्राधिकरण ने इसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए कंपनियों ने प्रस्ताव मांगे थे। आपको बता दें कि कुशमन एंड वेकफील्ड इंडिया प्रॉ. लि कंपनी 45 दिन में अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। फिनटेक सिटी यीडा समेत गौतमबुद्ध नगर में आर्थिक गतिविधियों का मुख्य केंद्र बनेगा।



इसमें हजारों लोगों को रोजगार के अवसर के साथ वित्तीय संस्थानों से संबंधित कार्यों को एक ही क्लस्टर में कराने की सुविधा मिल जाएगी। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कारण तेजी से आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। वाणिज्य के साथ औद्योगिक ढांचे का यीडा क्षेत्र में विकास हो रहा है। इसलिए यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर 13 में फिनटेक सिटी के विकास का निर्माण लिया है। इसे सौ एकड़ में विकसित किया जाएगा। यमुना प्राधिकरण ने इसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए कंपनियों ने प्रस्ताव मांगे थे।

वैश्विक निविदा में सीबीआरई साउथ एशिया प्रा लि कुशमन एंड वेकफील्ड इंडिया प्रा लि जोन्स लेंग ला सेले प्रापर्टी कंसल्टेंट इंडिया प्रा लि ट्रेक्टेबल इंजीनियर्स प्रा लि और वायन्ट्स सल्यूशन प्रा लि तकनीकी निविदा में सफल रही थीं। वित्तीय निविदा में कुशमन एंड वेकफील्ड इंडिया प्रा लि का चयन किया गया है।

सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि 45 दिन में कंपनी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करेगी। चयनित कंपनी फिनटेक सिटी के विकास पर सुझाव देगी कि इसे पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाए या फिर प्राधिकरण सीधे वित्तीय संस्थानों को सीधे भूखंड का आवंटन करे। इसके साथ ही फिनटेक सिटी में कौन.कौन सी सुविधाएं विकसित होनी चाहिए, इनके लिए किनता क्षेत्र आरक्षित किया जाएगा। फिनटेक सिटी को विशेष आर्थिक क्षेत्र के रूप में विकसित करना फायदेमंद होगा की नहीं।

केंद्रीय वित्तीय संस्थानों के लिए फिनटेक सिटी की केंद्र सरकार से अधिसूचना जारी करना जरूरी है या नहीं आदि पर भी कंपनी अपने सुझाव देगी। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की तर्ज पर फिनटेक सिटी को वाणिज्यक एवं वित्तीय संस्थानों के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

पचास प्रतिशत में कामर्शियल, शेष में आवासीय, कोर फाइनेंशियल सर्विस सेंटर, ट्रेनिंग सेंटर, ग्लोबल सेंटर आफ एक्सीलेंस, एलाइड कामर्शियल सर्विस, फाइनेंशियल प्रोसेसिंग, बैंक, वित्तीय, शेयर एक्सचेंज, बीमा कंपनियों के कार्यालय समेत वित्तीय क्षेत्र से संबंधित गतिविधियां होंगी। इसका 250 एकड़ तक विस्तार किया जाएगा।

# बदलते मौसम में लोकतंत्र का नया रूप-रंग

## सच तो यह है कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ कार्रवाई समानता के बिना संभव नहीं है। इस विषय पर सुनीता नारायण का संपादकीय लेख



**2024** कई मायनों में वर्तमान लोकतंत्र का स्वरूप और भविष्य निर्धारित करेंगे। इस साल दुनिया की लगभग आधी वयस्क आबादी अपनी सरकार चुनने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेगी। ऐसे में सवाल यह है कि क्या लोकतंत्र का वर्तमान परिदृश्य आने वाले वर्ष में जीवित रहेगा या इसे नया रूप दिया जाएगा।

वैश्विक स्तर पर दक्षिणपंथी सरकारों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है और उसका कारण है मतदाताओं का भय और ध्रुवीकृत राजनीति से प्रेरित एवं संचालित होना। क्या लोकतंत्र केवल वोट डालने और उसके बाद बहुमत की जीत तक सीमित होकर रह जाएगा?

लोकतंत्र का विचार और व्यवहार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, असहमति और शक्ति संतुलन की मजबूत संस्थाओं से जुड़ा रहा है। क्या लोकतंत्र हमारी दुनिया में चल रहे युद्धों की बलि चढ़ जाएगा?

युद्धों ने न केवल लोगों के जीवन पर बुरा असर डाला है, बल्कि उस भव्य विचार को भी विकृत कर दिया है, जो लोकतंत्र को एक नैतिक शक्ति और असहमति एवं न्याय के लिए जगह बनाने वाली संस्था के रूप में देखता है।

गाजा में युद्ध ने उदारवादी दुनिया के दोहरे मानदंडों को उजागर कर दिया है, इस युद्ध के फलस्वरूप इन देशों ने मानवाधिकारों के उच्च मानक बनाए रखने का अपना नैतिक बल खो दिया है। युद्ध ने लोगों, उनकी संस्कृति और धर्म के बीच विभाजन को भी बढ़ा दिया है।

इसके अलावा, प्रवासियों में वृद्धि का डर भी साफ देखा जा रहा है। हम जानते हैं कि लोग अपना घर, परिवार और समुदाय बिना किसी बहुत बड़ी वजह के नहीं छोड़ते। लेकिन प्रवासियों की संख्या बढ़ रही है, इसमें कोई दो राय नहीं है।

अमेरिका स्थित थिंक टैंक माइग्रेशन पॉलिसी इंस्टीट्यूट के अनुसार, देश की सीमाओं पर गैर-अधिकृत प्रवासियों की संख्या पिछले वर्ष में दोगुनी हो गई है। यह चुनावों के लिए सबसे विवादास्पद मुद्दा बन गया है और रिपब्लिकन गवर्नर, डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा शासित राज्यों में प्रवासियों की भीड़ भेज रहे हैं। यूरोप में भी ऐसा ही है, जहां प्रवासी आबादी में बढ़ोतरी ने भय के व्यापार को बढ़ावा दिया है। इसका मतलब यह है कि हमारे लोकतंत्रों में मतदाता ऐसी मजबूत सरकारें चुन रहे हैं जो प्रवासियों को बाहर रखने का वादा करती हैं। जिनेवा स्थित इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन द्वारा संकलित वर्ल्ड माइग्रेशन रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि आंतरिक विस्थापन के ट्रिगर बदल रहे हैं। आंतरिक संघर्षों के अलावा सूखे जैसी जलवायु संबंधी आपदाओं की शुरुआत भी धीरे-धीरे विस्थापन का कारण बन रही है। हम भारत में अपने अनुभव से जानते हैं कि गांवों से शहरों और उससे आगे की ओर प्रवासन बहुआयामी है। आर्थिक पिछड़ेपन से निपटने की चाह, मौसम की आपदाओं, आजीविका में हानि और निश्चित रूप से शहरों के आकर्षण जैसे कारकों से हालात और भी बदतर हो गए हैं। हम यह भी जानते हैं कि नैचुरल कैपिटल और खुशहाली में निवेश से इस प्रवास को काबू में किया जा सकता है। उन स्थानों पर प्रवासन रुका हुआ है जहां ग्रामीण समुदायों ने उत्पादकता बढ़ाने के लिए जल प्रणालियों को पुनर्जीवित करके, कम लागत वाली कृषि को अपनाकर और इसी तरह की गतिविधियों में संलग्न होकर स्थानीय अर्थव्यवस्था का निर्माण किया है। यही कारण है कि भारत का राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम, जो पारिस्थितिक सुधार से संबंधित काम के लिए वयस्कों को 100 दिनों की न्यूनतम मजदूरी देता है, अपनी सभी समस्यायों के बावजूद, देश के लिए सबसे बड़ा कोपिंग मेकेनिजम बना हुआ है। यही वह समय है जहां भविष्य के लिए लचीलापन और आर्थिक अवसर बनाने का एक बड़ा अवसर मौजूद है।

लेकिन आज की परिस्थितियां इस उलटफेर के खिलाफ हैं। युद्धों से लोग विस्थापित हो रहे हैं, असमान और विभाजित दुनिया में गरीबी बढ़ रही है और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव बदतर होते जा रहे हैं। हम ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए आवश्यक पैमाने और गति से काम नहीं कर पा रहे हैं और हम इसका नुकसान भी झेल रहे हैं।

वास्तव में, सरकारें जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जो कदम उठाएंगी, वह लोकतंत्र को नया आकार देने के लिए एक और प्रज्वलन बिंदु बन सकता है। पहले से औद्योगीकृत देशों ने वातावरण में बेरोकटोक उत्सर्जन करने पर आधारित अपने वर्षों के आर्थिक विकास का भरपूर फायदा उठाया है और इसके बावजूद वे उत्सर्जन कम करने में ज्यादा सफल नहीं हो पा रहे हैं।

ये देश अपनी बिजली की जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयले से अपेक्षाकृत कम कार्बन उत्सर्जित करने वाली प्राकृतिक गैस की ओर बढ़ रहे हैं। इन्होंने अपना विनिर्माण चीन और यहां तक कि भारत जैसे देशों में भी निर्यात किया है। लेकिन उनके उपभोग पैटर्न में कोई वास्तविक बदलाव नहीं हुआ है और उसके लिए अर्थव्यवस्थाओं को कम कार्बन सघन बनाने के लिए पुन: इंजीनियरिंग की आवश्यकता होगी।

लेकिन अब ये विकल्प सीमित हैं, क्योंकि देशों को कृषि या उद्योग जैसे क्षेत्रों में उत्सर्जन पर लगाम लगाने के उपायों के खिलाफ विरोध का सामना करना पड़ रहा है। यह लोकतंत्र के एक नए प्रकार को बढ़ावा देगा, जहां लोग अपनी मुट्ठी और ताकत से वोट देंगे। हमने इसे हाल ही में नीदरलैंड में देखा जहां किसानों ने अपने खेतों में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती के उपायों के खिलाफ मतदान किया।

जर्मनी में ग्रीन पार्टी को घरों में ऊर्जा-कुशल हीटर शुरू करने की अपनी नीति के खिलाफ विरोध का सामना करना पड़ा है। विडंबना यह है कि यह ऐसे समय में हो रहा है, जब देशों को उत्सर्जन में भारी कमी लाने के लिए और भी बहुत कुछ करने की जरूरत है ताकि अन्य सभी संबंधित संकट न बढ़ें। यही कारण है कि आज की जलवायु संकटग्रस्त दुनिया में लोकतंत्र का भविष्य इतना महत्वपूर्ण है। सच तो यह है कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ कार्रवाई समानता के बिना संभव नहीं है। इसके लिए बहुलवाद, समावेशन और बेजुबानों के लिए आवाज के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता की आवश्यकता है।

## बढ़ते तापमान के कारण हिमालय का 90 प्रतिशत हिस्सा साल भर करेगा सूखे का सामना : अध्ययन



**29 फरवरी** को प्रकाशित एक शोध में जलवायु परिवर्तन और सामाजिक आर्थिक परिदृश्यों को लेकर छह देशों में भविष्य में जलवायु परिवर्तन से होने वाले खतरों का मूल्यांकन किया गया है। शोध में भारत, ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया और घाना शामिल किए गए थे। शोध में सदी के अंत तक जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में भीषण लू और गर्मी के तनाव में भारी वृद्धि होने की आशंका जताई गई है।

शोध में सुझाव देते हुए कहा है कि पेरिस समझौते के ग्लोबल वार्मिंग को तीन डिग्री सेल्सियस की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के तापमान लक्ष्यों का पालन करके भारत में गर्मी के तनाव की वजह से लोगों को होने वाले खतरों को 80 फीसदी तक से कम कर सकता है। यूके में ईस्ट एंग्लिया विश्वविद्यालय (यूईए) के शोधकर्ताओं की टीम ने इस बात का पता लगाया कि दुनिया भर में तापमान बढ़ने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर लोगों और प्राकृतिक प्रणालियों के लिए जलवायु परिवर्तन के खतरे किस तरह बढ़ जाते हैं। शोध से पता चलता है कि सूखे, बाढ़, फसल की पैदावार में गिरावट और जैव विविधता और प्रकृति के विनाश के खतरे बढ़ते तापमान के हर अतिरिक्त डिग्री के लिए काफी बढ़ जाते हैं। क्लाइमैटिक चेंज नामक पत्रिका में प्रकाशित शोध में कहा गया है कि भारत में तीन से चार डिग्री ग्लोबल वार्मिंग पर परागण की प्रक्रिया आधे से कम हो जाती है जबकि 1.5 डिग्री पर एक चौथाई की कमी होती है। शोधकर्ताओं के मुताबिक, बढ़ते तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने से देश 50 फीसदी हिस्सों को जैव विविधता के लिए आश्रय के रूप में कार्य करने में मदद मिलती है, जबकि तीन डिग्री पर यह छह फीसदी रह जाता है। शोधकर्ताओं ने बताया कि तीन डिग्री सेल्सियस तापमान में वृद्धि के साथ खेती की जमीन के लिए सूखे के खतरों में बहुत बड़ी वृद्धि देखी गई। अध्ययन किए गए प्रत्येक देश में 50 फीसदी से अधिक खेती की भूमि 30 से अधिक सालों में एक वर्ष से अधिक समय तक गंभीर सूखा पड़ने की आशंका जताई गई है। हालांकि, दुनिया भर में बढ़ते तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने से खेती की जमीन के सूखे के खतरों में भारत में 21 फीसदी और इथियोपिया में 61 फीसदी के बीच वृद्धि कम हो जाएगी और साथ ही बाढ़ के कारण होने वाली आर्थिक क्षति भी कम हो जाएगी। ऐसा तब होता है जब नदियां और झरने अपने किनारे तोड़ देते हैं और पानी निकटवर्ती निचले इलाकों में घुस जाता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि छह देशों में गंभीर सूखा पड़ने से बचाने वाली वृद्धि भी तीन डिग्री सेल्सियस की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस पर 20 से 80 फीसदी कम है। उन्होंने कहा कि तटीय देशों में समुद्र के स्तर में वृद्धि से जुड़ा आर्थिक नुकसान के बढ़ने के आसार हैं, लेकिन अगर तापमान वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रही तो यह और धीरे-धीरे बढ़ेगी।

शोधकर्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए और अधिक प्रयास की आवश्यकता है, क्योंकि वर्तमान में वैश्विक स्तर पर जो नीतियां चल रही हैं, उनके कारण ग्लोबल वार्मिंग में तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने के आसार हैं। शोध से पता चलता है कि छह देशों में कई इलाके पहले से ही 1.5 डिग्री सेल्सियस पर भारी प्राकृतिक पूंजी खतरे में हैं, जब बढ़ती मानव आबादी के प्रभावों को ध्यान में रखा जाता है। शोध के निष्कर्षों से यह भी पता चला कि जलवायु के अनुकूल जैव विविधता संरक्षण प्रदान करने के लिए संरक्षित क्षेत्र नेटवर्क का विस्तार आवश्यक है। प्रमुख शोधकर्ता और यूईए के प्रोफेसर राचेल वॉरेन ने कहा, इस शोध के परिणाम पेरिस समझौते की सीमाओं के अनुरूप जलवायु नीतियों के कार्यान्वयन की आवश्यकता की पुष्टि करते हैं।

## उत्पादन में वृद्धि के बावजूद वैश्विक एल्युमीनियम उद्योग ने उत्सर्जन में दर्ज की गिरावट

**एक तरह जहां एल्युमीनियम के उत्पादन में 3.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, वहीं ग्रीनहाउस गैसों का होता उत्सर्जन 112.7 करोड़ मीट्रिक टन से घटकर 2022 में 111.2 करोड़ मीट्रिक टन रह गया।**



**इंटरनेशनल** एल्युमीनियम इंस्टीट्यूट (आईएआई) के मुताबिक, उत्पादन में वृद्धि के बावजूद हाल के वर्षों में वैश्विक स्तर पर एल्युमीनियम क्षेत्र से होते ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आई है। इस बारे में जारी नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक एल्युमीनियम उत्पादन में 3.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। गौरतलब है कि जहां 2021 में वैश्विक एल्युमीनियम उत्पादन 10.4 करोड़ टन दर्ज किया गया था, वो 2022 में बढ़कर 10.8 करोड़ टन पर पहुंच गया। हालांकि इस दौरान ग्रीनहाउस गैसों का होता उत्सर्जन 112.7 करोड़ मीट्रिक टन से 2022 में घटकर 111.2 करोड़ मीट्रिक टन रह गया।

वहीं यदि प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन की उत्सर्जन तीव्रता को देखें तो इसमें 2019 से कमी आ रही है। बता दें कि यह उत्सर्जन तीव्रता प्रति टन प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन से होते औसत उत्सर्जन को मापती है। आंकड़ों के मुताबिक जहां 2021 में प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन की उत्सर्जन तीव्रता 15.8 टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर मापी गई थी। वहीं 2022 में यह आंकड़ा 4.43 फीसदी की गिरावट के साथ घटकर 15.1 टन रह गया था। हालांकि देखने में यह गिरावट ज्यादा न लगती हो लेकिन यह इस बात को दर्शाता है कि उद्योग अपने उत्सर्जन में गिरावट के प्रयास कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक एल्युमीनियम क्षेत्र के वार्षिक उत्सर्जन में आती गिरावट के लिए कहीं न कहीं कार्बन इंटेंसिव तकनीकों के उपयोग में आती गिरावट और रीसायकल एल्युमीनियम का बढ़ता उपयोग है.बता दें की एल्युमीनियम का उपयोग ऑटोमोटिव, परिवहन, बिल्डिंग एवं निर्माण, और खाद्य एवं पेय पैकेजिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है ऐसे में यह क्षेत्र इन सभी क्षेत्रों के उत्सर्जन में गिरावट में अहम भूमिका निभाता है। आंकड़ों के मुताबिक अपनी बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए प्राथमिक एल्यूमीनियम का उत्पादन 2021 में 6.71 करोड़ टन से बढ़कर 2022 में 6.9 करोड़ टन पर पहुंच गया। इस बारे में इंटरनेशनल एल्युमीनियम इंस्टीट्यूट के महासचिव माइल्स प्रॉसेर का कहना है कि, हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती उत्पादन में इजाफा करने के साथ-साथ उत्सर्जन में कमी लाना है। उनके मुताबिक अर्थव्यवस्था के डीकार्बोनाइजेशन में इसके महत्व को देखते हुए आने वाले दशकों में एल्यूमीनियम की मांग काफी बढ़ सकती है। इससे क्षेत्र के उत्सर्जन में वृद्धि हो सकती है। हालांकि उद्योग सक्रिय रूप से प्रति टन उत्पादन के औसत उत्सर्जन को कम कर रहा है।

एल्युमीनियम क्षेत्र में बढ़ रहा अक्षय ऊर्जा का उपयोग 2022 के यह जो आंकड़े जारी किए गए हैं वो दर्शाता है कि उत्सर्जन की तीव्रता को कम करने के जो प्रयास किए जा रहे हैं वो सही दिशा में हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ हासिल करना बाकी है। उनके अनुसार 2022 पहला वर्ष है जब उत्सर्जन की तीव्रता में कटौती ने उत्पादन में वृद्धि को संतुलित कर दिया है। उनका आगे कहना है कि, वैश्विक जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने के लिए उद्योग में जो बदलाव हमने देखें हैं उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण परिवर्तनों की आवश्यकता है। उत्सर्जन में कटौती के इन प्रयासों को कहीं ज्यादा व्यापक और सशक्त करने की आवश्यकता है। हालांकि यह पहला मौका है जब हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। आईएआई के अनुसार पिछली बार 2009 में जब वैश्विक स्तर पर वित्तीय संकट के बादल छाए थे तब एल्युमीनियम उद्योग के उत्सर्जन में वृद्धि नहीं हुई थी। हालांकि उत्सर्जन में यह गिरावट, उत्पादन में कमी के साथ मेल खाती है। वहीं हालिया रुझान अनुसंधान, विकास, नई प्रौद्योगिकियों के साथ नवीन तरीकों और ऊर्जा स्रोतों में बदलाव को अपनाने में उद्योग के महत्वपूर्ण निवेश का परिणाम हैं।

इंटरनेशनल एल्युमीनियम इंस्टीट्यूट 50 से अधिक परियोजनाओं पर नजर रख रहा है, जो ऐसा करने में मदद कर रही हैं। एक बड़ा बदलाव जो एल्युमीनियम उद्योग के उत्सर्जन को कम करने में कारगर रहा है, वह है बिजली आपूर्ति में आया बदलाव। जो एल्युमीनियम उद्योग से होते ग्रीनहाउस गैसों का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। चीन, जो दुनिया में सबसे अधिक एल्युमीनियम उत्पादित करता है वो इसके लिए जलविद्युत पर जोर दे रहा है। मध्य पूर्व और ऑस्ट्रेलिया जैसे अन्य क्षेत्रों में भी एल्युमीनियम उत्पादन के लिए अक्षय ऊर्जा का चलन बढ़ रहा है। यह बदलाव उत्सर्जन में कटौती करने में मददगार रहा है। साथ ही, प्रदूषण को कम करने के लिए अन्य प्रौद्योगिकियों में भी निवेश किया जा रहा है, जैसे एल्यूमिना रिफाइनिंग की प्रक्रिया में स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देना, इसके साथ-साथ एल्यूमीनियम को अधिक कुशलता से पुनर्चक्रित करना इसमें शामिल हैं।

# क्यों छोटा हो रहा है मछलियों का आकार, वैज्ञानिक तलाश रहे हैं वजह

## मछलियों के गलफड़ों का सतह क्षेत्र सीमित होता है जो उनके द्वारा आपूर्ति की जा सकने वाली ऑक्सीजन की मात्रा में रुकावट डालता है, इस प्रकार, गर्म पानी की स्थिति में मछलियां इतनी बड़ी नहीं हो सकती हैं।



दुनिया भर में जलवायु में बदलाव आ रहा है और हमारे महासागर और नदियां गर्म हो रही हैं। सिर्फ मछलियों का ही नहीं, बल्कि कई जानवरों का गर्म तापमान के चलते शरीर का आकार छोटा हो रहा है। यूमैस एमहर्स्ट में जीव विज्ञान के शोधकर्ता और मुख्य अध्ययनकर्ता जोशुआ लेंथियर कहते हैं, हमारे पास इसके पीछे का एक इशारा भी है, जो तापमान और आकार के नियम हैं। लेकिन दशकों के शोध के बावजूद, हम अभी भी यह नहीं समझ पाए हैं कि तापमान बढ़ने के साथ आकार क्यों घटता है।

**आखिर क्यों हो रहा शरीर का आकार छोटा?**

शोधकर्ता ने बताया कि एक प्रमुख सिद्धांत, गिल ऑक्सीजन लिमिटेशन (जीओएल), मानता है कि मछली की वृद्धि इस बात पर निर्भर करती है कि गिल्स पानी से कितनी ऑक्सीजन खींच रहे हैं। जैसे ही पानी गर्म होता है, मछली की जैव रासायनिक प्रक्रियाएं तेज हो जाती हैं और उसे अधिक ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है।

जीओएल के सिद्धांत का तर्क है कि गलफड़ों का सतह क्षेत्र सीमित होता है जो उनके द्वारा आपूर्ति की जा सकने वाली ऑक्सीजन की मात्रा में रुकावट डालता है और इस प्रकार, गर्म पानी की स्थिति में मछलियां इतनी बड़ी नहीं हो सकती हैं। इसलिए, मछलियां उस सीमित ऑक्सीजन को पूरा करने के लिए सिकुड़ रही हैं जितना कि उनके गलफड़े आपूर्ति कर सकते हैं।

जीओएल सिद्धांत भविष्य में दुनिया भर में मत्स्य पालन में भारी कमी के अनुमान को उजागर करता है, जिसमें प्रकृति के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ (आईयूसीएन) द्वारा उपयोग किए जाने वाले कुछ और चीजें भी शामिल हैं, लेकिन इनका कभी भी सीधे परीक्षण नहीं किया गया है।

यूमैस एमहर्स्ट में पर्यावरण संरक्षण में सहायक प्रोफेसर और अध्ययनकर्ता लिसा कोमोरोस्के कहते हैं, हमने देखा कि जीओएल पर पूर्व अध्ययन अन्य, असंबंधित शोध परियोजनाओं से पुनर्निर्मित आंकड़ों पर निर्भर करते हैं, जिन्हें विशेष रूप से सिद्धांत का परीक्षण करने के लिए डिजाइन नहीं किया गया था। हमने लंबे समय तक प्रयोग किए जो सामूहिक रूप से जीओएल का अनुभव आधारित परीक्षण करने का पहला प्रयास है। अध्ययनकर्ता इस बात का पता लगाना चाहते थे कि जीओएल के तीन प्रमुख तत्व - विकास, ऊर्जावान मांग और मछली के गलफड़े का सतह क्षेत्र पानी का तापमान बढ़ने के साथ कैसे बदलते हैं। ऐसा करने के लिए उन्होंने ब्रूक ट्राउट की ओर रुख किया, जो एक आदर्श परीक्षण विषय हैं, वैज्ञानिक पहले से ही प्रजातियों के बारे में बहुत कुछ जानते हैं, वे पूर्वोत्तर अमेरिका में तेजी से बढ़ रहे हैं, आर्थिक और पारिस्थितिक रूप से महत्वपूर्ण हैं और उनके साथ काम करना तुलनात्मक रूप से आसान है।

उनके पास परीक्षण के लिए छोटी मछलियां थीं, जिनका शुरू में वजन एक से दो ग्राम के बीच था, उन्हें टैंकों में रखा गया था, जिनमें से कुछ में पानी का तापमान सामान्य, 15 डिग्री सेल्सियस था और जिनमें से कुछ में 20 डिग्री सेल्सियस तक गर्म पानी था। प्रयोग की शुरुआत में और फिर उसके बाद हर महीने मछलियों का वजन मापा गया। उनकी ऑक्सीजन खपत को दो सप्ताह, तीन महीने और छह महीने में भी मापा गया, जो चयापचय दर का पता लगाने का एक तरीका है। अंत में, शोधकर्ताओं ने उनके गिल सतह क्षेत्र में परिवर्तन को मापने के लिए उसी मछली से गिल के नमूने एकत्र किए।

एक बार जब उन्होंने अपने आंकड़ों का विश्लेषण करना शुरू किया, तो कुछ चीजें स्पष्ट हो गई, गर्म टैंकों में ब्रूक ट्राउट अपेक्षा के अनुरूप छोटे थे और तापमान आकार नियम के अनुरूप थे। हालांकि, गिल सतह क्षेत्र मछलियों की ऊर्जावान मांगों को पूरा करने के लिए पर्याप्त से अधिक था, जिसका अर्थ है कि उनकी वृद्धि गिल के सतह क्षेत्र तक सीमित नहीं थी, जैसा कि जीओएल ने भविष्यवाणी की थी।

इसके अलावा टीम ने पाया कि जबकि गर्म टैंक वाली मछलियों की चयापचय दर तीन महीने में बढ़ गई, छह महीने में उनकी ऑक्सीजन दर सामान्य हो गई, जिससे पता चला कि मछलियां पानी के बढ़े हुए तापमान के हिसाब से समय के साथ अपने शरीर विज्ञान को समायोजित कर सकती हैं।

लेंथियर कहते हैं, मछली के आकार में ऑक्सीजन का उपयोग अभी भी एक अहम सीमित कारण हो सकता है, कुल मिलाकर, शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि जीओएल भविष्यवाणी नहीं कर सकता कि हम क्या देख रहे हैं और इसका भविष्य के मत्स्य पालन और पारिस्थितिकी तंत्र पर जलवायु प्रभावों की भविष्यवाणी करने के लिए ठीक नहीं हैं। कोमोरोस्के कहते हैं, हमारा काम इसके महत्व पर प्रकाश डालता है। मत्स्य पालन और मैक्रोइकोलॉजी वैज्ञानिक आबादी और प्रजातियों के स्तर पर काम करते हैं, जबकि शरीर विज्ञानी व्यक्तिगत और सेलुलर स्तरों पर काम करते हैं।

लेकिन ये अकादमिक अंतर हैं, प्राकृतिक नहीं और अगर हम मछली को गर्म पानी में जीवित रहने में मदद करने जा रहे हैं, हमें जैविक पैमानों पर काम करने और इन सभी क्षेत्रों की और जानकारी हासिल करने की जरूरत है। लेंथियर कहते हैं, तो मछली के आकार और तापमान को नियंत्रित करने वाला तंत्र क्या है? हम अभी तक नहीं जानते। यह एक मात्र तंत्र नहीं हो सकता है - इसमें ऑक्सीजन के उपयोग सहित कई कारक हो सकते हैं। हमें इससे जुड़े अधिक से अधिक विषयों के लंबे समय तक अध्ययन करने की आवश्यकता है, ताकि हम समझा जा सके कि हमारी गर्म होती दुनिया के साथ सबसे अच्छा तालमेल कैसे बिठाया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम ओपन के सेमी फाइनल में अंकिता



**गुरुग्राम।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने आईटीएफ महिला ओपन में शुक्रवार को यहां स्वीडन की जैकलिन कबाज अवड को हराकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। दूसरी वरीयता प्राप्त अंकिता ने पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे सेट में वापसी करते हुए 4-6, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में उनके सामने लिथुआनिया की तीसरी वरीयता प्राप्त जस्टीना मिकुलस्कयाते की चुनौती होगी। जस्टीना ने रूस की क्वालीफायर एकातिराना काजिओनोवा को 6-3, 6-2 से मात दी। दूसरे सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त डेलिला जक्कुपोविच का मुकाबला दक्षिण कोरिया की गैर वरीय एओनवू कू से होगा। एओनवू ने कजाकिस्तान की झिबेक कुलम्बाएवा को 6-0, 6-3 से हराया। डलिला ने भारत की सहजा यमालापल्लि की चुनौती को खत्म किया। अंकिता ने कुलम्बाएवम के साथ मिलकर युगल फाइनल में भी अपनी जगह पक्की कर ली। उन्होंने भारत और जापान के खिलाड़ियों की जोड़ी रिया भाटिया और मिचिका ओजेकी को 7-5, 6-2 से हराया।

### मैक्सिको ओपन के सेमी फाइनल में डि मिनौर

**एकापुल्को (मैक्सिको)।** गत चैम्पियन एलेक्स डि मिनौर ने स्टेफानोस सिटसिपास को 1-6, 6-3, 6-3 से हराकर मैक्सिको ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। एटीपी रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज डि मिनौर ने पहला सेट गंवाने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए दो घंटे छह मिनट तक चला मुकाबला जीता। अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा जिसने मियोमिर केसकानोविच को 6-2, 6-2 से हराया।

# कुछ लोगों को तकलीफ होगी तो होने दो, देश से बढ़कर कोई नहीं: कपिल

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को स्थापित करने के बाद खिलाड़ियों का घरेलू क्रिकेट से दूरी बना लेना बड़ी दुःख की बात



**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** के पूर्व कप्तान कपिल देव ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के घरेलू क्रिकेट खेलने की प्रतिबद्धता पूरा नहीं करने के कारण केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि कुछ खिलाड़ियों को तकलीफ होगी तो होने दो क्योंकि देश से बढ़कर कोई नहीं है।

कपिल ने साथ ही कहा कि यह प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट जैसे रणजी ट्राफी को बचाए रखने के लिए जरूरी कदम है। इशान किशन और श्रेयस अय्यर को बुधवार को 2023-24 सत्र के लिए बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया था। इस फैसले पर मिश्रित प्रतिक्रिया मिल रही हैं जिसमें कीर्ति आजाद और इरफान पठान ने इन दोनों खिलाड़ियों का समर्थन किया है। कपिल ने किसी का नाम लेने से बचते हुए कहा कि घरेलू क्रिकेट की अहमियत बरकरार रखने के लिए बीसीसीआई को फैसला लेना ही था। उन्होंने कहा, हां, कुछ खिलाड़ियों को परेशानी होगी। कुछ लोगों को तकलीफ होगी, होने दो लेकिन देश से बढ़कर कोई नहीं है। बहुत अच्छा फैसला।

देश को 1983 विश्वकप दिलाने वाले कप्तान ने अपने बयान में कहा, मैं बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट का दर्जा बचाने के मद्देनजर जरूरी कदम उठाने के लिए बधाई देता हूं। मुझे यह देखकर दुख होता था कि एक बार खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को स्थापित कर लेते हैं तो वे घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना बंद कर देते थे। बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध की घोषणा करते हुए खिलाड़ियों से घरेलू प्रतियोगिताओं को अहमियत देने का आग्रह किया था। देश के इस महान क्रिकेटर ने कहा, यह संदेश पहले ही दिया जाना चाहिए था।

बीसीसीआई का यह कड़ा कदम है जो घरेलू क्रिकेट की प्रतिष्ठा बरकरार रखने के लिए फायदेमंद होगा। कपिल ने साथ ही माना कि स्थापित हो चुके स्टार खिलाड़ियों का दायित्व है कि वे घरेलू क्रिकेट खेले क्योंकि उन्हें अपने संबंधित राज्यों की ओर से खेलते हुए ही सफलता मिली है।

### पूर्व क्रिकटरों की पेंशन बढ़ाने पर जताया बोर्ड का आभार

**पूर्व** दिग्गज क्रिकेटर ने कहा, मैं हमेशा से इस प्रक्रिया में भरोसा करता हूं कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अपने संबंधित राज्य के लिए खुद को उपलब्ध कराएं। इससे घरेलू खिलाड़ियों को उनका समर्थन मिलने से मदद मिलती है। साथ ही यह राज्य संघ द्वारा दी गई सेवाओं को वापस लौटाने का भी अच्छा तरीका है। कपिल ने पूर्व क्रिकेटरों की पेंशन बढ़ाने पर बीसीसीआई का आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं खुश हूं कि बीसीसीआई ने खिलाड़ियों की पेंशन की राशि बढ़ा दी है जो उनके लिए फायदेमंद रहेगी जिनका परिवार पेंशन पर निर्भर है।

# मुंबई की नजरें फाइनल टिकट पर

## रणजी ट्रॉफी: सेमीफाइनल में तमिलनाडु के खिलाफ श्रेयस अय्यर पर रहेंगी नजरें

**एजेंसी।** मुंबई

**खराब** दौर से जूझ रहे भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर तमिलनाडु के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के जरिए 41 बार की चैम्पियन मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में वापसी करेंगे तो उनका इरादा अपनी उपयोगिता साबित करने का होगा।

भारतीय टेस्ट टीम से बाहर अय्यर को रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल नहीं खेलने के कारण बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है। वह अब ग्रोइन की चोट से उबरकर सेमीफाइनल खेलने के लिए फिट हैं। तमिलनाडु की स्पिन गेंदबाजी के सामने मुंबई की बल्लेबाजी का दारोमदार बहुत हद तक अय्यर पर होगा। तमिलनाडु के कप्तान आर साइ किशोर (47 विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर एस अजित राम (41) इस सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में हैं। मुंबई के लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे को छोड़कर सभी बल्लेबाजों ने योगदान दिया है। रहाणे छह मैचों में एक ही अर्धशतक बना सके हैं। वहीं मुंबई का एक भी



गेंदबाज शीर्ष दस में नहीं हैं। मोहित अवस्थी 32 विकेट लेकर 13वें स्थान पर है लेकिन गेंदबाजों ने एक ईकाई के रूप में शानदार प्रदर्शन किया है।

मुंबई ने क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा पर पहली पारी की बढत के आधार पर अंतिम चार में जगह बनाई। युवा मुशीर खान ने नाबाद 203 रन बनाए जबकि दसवें और 11वें नंबर के बल्लेबाज तनुष कोटियान और तुषार देशपांडे ने भी शतक जड़ा। वहीं तमिलनाडु ने गत चैम्पियन सौराष्ट्र को हराया। यह देखना होगा कि तमिलनाडु के एन जगदीशन (821 रन) खोया फॉर्म हासिल कर पाते हैं या नहीं। उन्होंने टूर्नामेंट के शुरूआती चरण में नाबाद 245 और 321 रन बनाए थे लेकिन पिछली सात पारियों में अर्धशतक भी नहीं बना सके। बाबा इंद्रजीत (686) ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। हरफनमौला वॉशिंगटन सुंदर के आने से तमिलनाडु का आक्रमण और मजबूत हुआ है। मुंबई के पास शीर्ष क्रम में पृथ्वी साव और भूपेन लालवानी जैसे बल्लेबाज हैं जबकि निचले क्रम में हरफनमौला शार्दुल ठाकुर और शम्स मुलानी हैं। तमिलनाडु की बल्लेबाजी जगदीशन, इंद्रजीत और प्रदोष रंजन पॉल पर टिकी होगी जबकि तेज गेंदबाज संदीप वारियर का साथ देने के लिए स्पिनर साइ किशोर और अजित हैं।

### आत्मविश्वास से भरे विदर्भ का सामना मध्यप्रदेश से

**एजेंसी।** नागपुर

मध्यप्रदेश की टीम शनिवार से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में विदर्भ के खिलाफ उतरेगी तो आत्मविश्वास से ओतप्रोत मेजबान को उसके गढ में हराना आसान नहीं होगा। दो बार के चैम्पियन विदर्भ ने वीसीए स्टेडियम पर इस सत्र में चार मैच खेलकर तीन जीते और सौराष्ट्र के खिलाफ एकमात्र मैच गंवाया है। उसने सेना को सात विकेट से, हरियाणा को 115 रन से और कर्नाटक को क्वार्टर फाइनल में 127 रन से मात दी। विदर्भ की ताकत उसके बल्लेबाजों का शानदार फॉर्म रही है। करूण नायर (515 रन), ध्रुव शोरे (496 रन) , अथर्व तायडे (488 रन) और कप्तान अक्षय वाडकर (452 रन) सभी ने रन बनाए हैं। नागपुर की पिच बल्लेबाजों की मददगार रही है लेकिन विदर्भ के दो गेंदबाजों तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे और बाएं हाथ के स्पिनर आदित्य सरवटे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिलकर 68 विकेट चटकाए हैं। दूसरी ओर 2022 की चैम्पियन मध्यप्रदेश टीम ने आठ लीग मैचों में तीन जीत दर्ज की और बाकी में पहली पारी की बढत हासिल की। आंध्र के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में भी हार की कगार पर पहुंचकर उसने चार रन से जीत दर्ज की। मध्यप्रदेश के लिए वेंकटेश अय्यर तुरूप का पत्ता साबित हुए हैं जिन्होंने 528 रन बनाए। हिमांशु मंत्री ने 513 और यश दुबे ने 510 रन जोड़े हैं। टीम को रजत पाटीदार की कमी नहीं खली जो इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भारतीय टीम में हैं। गेंदबाजी में कुमार कार्तिकेय ने फिरकी का अच्छा जाल बुना है। वह इस सत्र में 38 विकेट ले चुके हैं। स्पिनर सारांश जैन ने 27 और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज कुलवंत खेजरोलिया ने 26 विकेट चटकाए हैं। मध्यप्रदेश के पास चंद्रकांत पंडित जैसा कुशल कोच है जो 2017-18 और 2018-19 में विदर्भ को खिताब दिला चुके हैं।

### बशीर के बारे में बोले माइकल वॉन

## वह नया आर. अश्विन है

**एजेंसी।** लंदन



**इंग्लैंड** के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर के रूप में टीम को विश्व स्तरीय सुपरस्टार मिल गया है जो भारत के रविचंद्रन अश्विन की तरह कामयाब हो सकता है।

रांची में इंग्लैंड की पांच विकेट से हार के बावजूद 20 वर्ष के बशीर ने आठ विकेट लिए। इसमें पहली पारी के पांच विकेट शामिल हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के सर्वश्रेष्ठ आफ स्पिनरों में शुमार अश्विन पांच दिनी क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं। धर्मशाला में अगले सप्ताह वह अपना सौवां टेस्ट खेलेंगे। वॉन ने एक यूट्यूब चैनल पर कहा , हमें एक और विश्व स्तरीय सुपरस्टार मिल गया है। शोएब बशीर। दूसरे टेस्ट मैच में आठ विकेट। वह नया रवि अश्विन है जो हमने खोज निकाला है। हम इंग्लिश क्रिकेट के नए सुपरस्टार का जश्न मना रहे हैं। भारत ने इंग्लैंड को श्रृंखला में 3-1 से हरा दिया है लेकिन वॉन को यकीन है कि धर्मशाला में औपचारिकता के मैच में इंग्लैंड वापसी करेगा।

उन्होंने कहा, वे अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश उतारेंगे। धर्मशाला का ठंडा मौसम इंग्लैंड को रास आएगा और मुझे जीत की उम्मीद है।

### फुटबॉल: भारत ने भूटान को हराया

**काठमांडू।** अनुष्का कुमारी की हैट्रिक की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां सैफ अंडर-16 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप में भूटान पर 7-0 से जीत हासिल की। हजारीबाग की 13 वर्षीय अनुष्का ने भूटान के डिफेंस को बिखरते हुए तीन गोल दागे। उनके अलावा पर्ल फर्नांडिज ने दो गोल जबकि कप्तान श्वेता रानी और स्थानापन्न खिलाड़ी अनविता रघुरमन ने एक एक गोल किए। चार टीम के टूर्नामेंट में मेजबान नेपाल और बांग्लादेश की टीम भी शामिल हैं। शीर्ष दो टीम 10 मार्च को फाइनल खेलेंगी।

## पुणे में 28 मार्च से महिलाओं के रेड बॉल टूर्नामेंट का आयोजन करेगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** महिलाओं के रेडबॉल क्रिकेट की भारत के घरेलू कैलेंडर में छह साल बाद वापसी होगी जब बीसीसीआई पुणे में 28 मार्च से सीनियर इंटर जोन टूर्नामेंट का आयोजन करेगा। यह फैसला भारतीय महिला क्रिकेट टीम की टेस्ट क्रिकेट में वापसी के बाद लिया गया। भारत ने हाल ही में आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेले हैं। आखिरी बार महिलाओं के लिए लाल गेंद का घरेलू टूर्नामेंट 2018 में खेला गया था। पूर्व तेज गेंदबाज अमिता शर्मा ने पीटीआई से कहा, यह स्वागत योग्य कदम है। राष्ट्रीय टीम फिर टेस्ट क्रिकेट खेल रही है और हमें अगली पीढी के क्रिकेटरों की जरूरत है जो लाल गेंद से खेल सके। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ टूर्नामेंट की मेजबान करेगा जिसमें पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, मध्य और पूर्वोत्तर की टीमें भाग लेंगी। सेमीफाइनल तीन अप्रैल को और फाइनल नौ अप्रैल को होगा।

## हमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है

### चैंपियंस ट्रॉफी फिर से हासिल करेंगे: हार्दिक

**हम नए मुख्य कोच क्रेग की शैली के अनुरूप ढल रहे हैं**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह का मानना है कि पिछले साल एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब से उनकी टीम की उपलब्धियों की नींव पड़ी और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनने के लिए यह खिताब बरकरार रखना अहम होगा।

भारतीय टीम ने पिछले साल एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने के बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। इसके अलावा एफआईएच प्रो लीग में भी अच्छा प्रदर्शन किया। एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी का अगला सत्र चीन में आठ से 17 सितंबर तक खेला जाएगा। हार्दिक ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा, मुझे लगता है कि भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए टीम ने उस टूर्नामेंट को



स्प्रिंगबोर्ड की तरह लिया। हम इस बार भी खिताब बरकरार रखने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा, हमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है और इस सफर में यह महत्वपूर्ण कदम है। हार्दिक ने कहा, चेन्नई में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी शानदार टूर्नामेंट था। हम नए मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन की शैली के अनुरूप ढल रहे थे और स्वर्ण पदक इसका परिचायक है कि हम सही दिशा में जा रहे हैं।

## अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में बदलने के लिए कुछ बदलाव किए : शेफाली

**बेंगलुरु।** आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि उन्होंने अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में बदलने के लिए पिछले एक साल में अपनी शैली में छोटे मोटे बदलाव किए हैं जिसका फायदा महिला प्रीमियर लीग में मिल रहा है।

वर्मा ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए अर्धशतक जमाया और दूसरे विकेट के लिए एलिसे कैप्सी (46) के साथ 82 रन की साझेदारी की।

उन्होंने कहा, मैं पिछली बार डब्ल्यूपीएल में 30 या 40 के स्कोर पर आउट हो जा रही थी। उन पारियों से मैने काफी कुछ सीखा। उसकी की वजह से अब मैं अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में बदल पा रही हूं। उन्होंने कहा, प्रमुख बदलाव मानसिकता में किया है और इस लय को कायम रखना चाहती हूं। 15 बरस की उम्र में भारत के लिए खेलने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनी 20 वर्ष की वर्मा ने कहा कि आस्ट्रेलिया की मेग लानिंग के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का काफी फायदा मिला है। उन्होंने कहा, जब कोई अनुभवी खिलाड़ी आपके साथ हो तो आपके हावभाव खुद ब खुद बदल जाते हैं। उनके जैसी खिलाड़ी के साथ खेलना गर्व की बात है। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से खेल को बदल दिया है।

# पहली पारी में आस्ट्रेलिया को बड़ी बढ़त

## कीवी टीम 179 रन पर ढेर, कंगारूओं की दूसरी पारी में खराब शुरुआत

### ग्रीन-हेजलवुड ने 10वें विकेट के लिए रिकॉर्ड 116 रन जोड़े

**एजेंसी।** वेलिंगटन

**पहली** पारी में 204 रन से पिछड़ने के बाद न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को आस्ट्रेलिया के दूसरी पारी के दो विकेट 13 रन पर गिराकर वापसी की।

टिम साउदी ने स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन के विकेट चटकाए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर उस्मान ख्वाजा पांच और नाथन लियोन छह रन बनाकर खेल रहे थे। दिन की आखिरी गेंद पर स्लिप में



साउदी ने लियोन को जीवनदान दिया। स्मिथ (0) पारी की तीसरी गेंद पर बोल्ड हो गए जबकि लाबुशेन (02) पांचवें ओवर में आउट हुए। आस्ट्रेलिया ने कल के स्कोर नौ विकेट पर 279 रन से आगे खेलना शुरू किया और आखिरी विकेट लेने में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को पूरा एक सत्र लग गया। कैमरन ग्रीन और जोश हेजलवुड ने 116 रन की साझेदारी करके आस्ट्रेलिया को 383 रन तक पहुंचाया। ग्रीन 174 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने 12 के स्कोर पर तीन और 29 के स्कोर पर पांच विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स ने 41 गेंद में अर्धशतक बनाया। ¬

यूजीलैंड 43.1 ओवर में 179 रन पर आउट हो गई। फिलिप्स ने 71 और मैट हेनरी ने 42 रन बनाए। केन विलियसमन दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से दूसरी ही गेंद पर रन आउट हो गए। उन्होंने मिचेल स्टार्क की गेंद पर मिड आफ में शॉट खेला और रन लेने के लिए दौड़ पड़े। सामने से आ रहे बल्लेबाज विल यंग उनसे टकरा गए और लाबुशेन के थ्रो ने गिल्लियां बिखेर दी। फिलिप्स और टॉम ब्लंडेल ने छठे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। फिलिप्स ने 70 गेंद में 71 रन बनाए।

